

संस्थापक/ अध्यक्ष
श्री मंजूर अहमद (पूर्व आईपीएस), पूर्व कुलपति आगरा विश्वविद्यालय

हिन्दी दैनिक

जन माध्यम

लखनऊ संस्करण

रविवार
11 अक्टूबर 2026

www.janmadhyamdaily.com

वर्ष 17| अंक 126| पृष्ठ - 12| मूल्य - 03 रुपए | प्रातः संस्करण हिंदी दैनिक

लखनऊ, मेरठ से प्रकाशित व बरेली हापुड़ अलीगढ मथुरा आगरा नॉएडा कानपुर के साथ राजधानी दिल्ली से प्रसारित



आंखों में मारा 'मिर्च' वाला स्प्रे, दिल्ली में बड़ा बवाल

- प्रदर्शन नहीं कर पाई सीजेपी, 3000+ लोग हिरासत में
- एक्टर इमरान खान को पुलिस ने हिरासत में लिया

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को जारी कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध-प्रदर्शन के बीच उस वक्त भारी हंगामा मच गया, जब राजस्थान से आई एक इंफ्लुएंसर की आंखों में एक प्रदर्शनकारी महिला ने पेपर स्प्रे (मिर्च वाला स्प्रे) कर दिया। प्राप्त जानकारी इस घटना से पहले पीड़िता और प्रदर्शनकारियों के बीच वोट चोरी होने या नहीं होने की बात पर बहस चल रही थी, इसी दौरान वह इंफ्लुएंसर वोट चोरी नहीं होने की बात कह रही थी और इस बारे में आरोप लगा रहे लोगों से सबूत पेश करने का बोल रही थी। इसी बीच किसी ने उसकी आंखों पर वह पेपर स्प्रे कर दिया।

पीड़िता की पहचान राइट विंग इंफ्लूएंसर मौली के रूप में हुई है, जो कि राजस्थान की राजधानी जयपुर से इस विरोध-प्रदर्शन की कवरेज करने आई थी। बताया जा रहा है कि बहस के दौरान वह वंदेमातरम के नारे भी लगा रही थी। तभी एक महिला वकील ने उसकी आंखों में अचानक वह पेपर स्प्रे कर दिया। जिसके बाद आंखों में हुई तकलीफ की वजह से वह जोर-जोर से रोने लगी। उधर पीड़िता मौलेश्वरी ने बताया कि वह जयपुर, राजस्थान निवासी अपने दोस्त के साथ यहां पहुंची हैं। विभिन्न मुद्दों पर बात करने के दौरान अचानक एक महिला ने सामने से आंखों में पेपर स्प्रे कर दिया। फिलहाल पुलिस ने स्प्रे करने वाली महिला को भी हिरासत में ले लिया है। आरोपी महिला एक वकील बताई जा रही है।

उधर जब इस घटना को लेकर जब महिला पुलिसकर्मी ने एक महिला वकील को हिरासत में लेने की कोशिश की तो वह वकील महिला पुलिसकर्मी से भिड़ गई। जिससे कि सब इंस्पेक्टर विनिशा के हाथों में चोट भी आ गई।



महिला पुलिसकर्मी की एक उंगली में फ्रैक्चर



दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान घायल हुए एक पुलिसकर्मी ने बताया कि हनुमान मंदिर के पास सड़क पर प्रदर्शन हो रहा था, जहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। वहां करीब 100 से 150 लोग जमा थे। प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने के दौरान कुछ महिलाओं ने उनका हाथ मरोड़ दिया, जिससे उनकी एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया। उन्होंने बताया कि मौके पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों समेत उनकी पूरी टीम मौजूद थी। इस मामले में कुछ युवतियों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से नहीं पहचानते। भीड़ के बीच यह बताना मुश्किल है कि किसने उनका हाथ मरोड़ा था।

दिल्ली पुलिस ने बताया कहां-कहां हटा जाम



दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बीच यातायात को लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कई अपडेट जारी किए हैं। पुलिस के मुताबिक, राजधानी के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात सामान्य हो गया है। इनमें एम्स से आईएनए तक का अरविंदो मार्ग, आजादपुर, सरदार पटेल मार्ग-पंचशील मार्ग चौराहा और बेगमपुर रेड लाइट शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि रिंग रोड पर मोती बाग के पास भी यातायात सामान्य है। इसके अलावा एम्स से सफदरजंग मकबरे के बीच अरविंदो मार्ग पर यातायात की स्थिति सामान्य हो गई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर भरोसा नहीं करने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि सड़कों पर यातायात सामान्य रूप से चल रहा है।

पूर्व CM पिनराई विजयन और सांसद जॉन ब्रिटास हिरासत में



दिल्ली में केरल भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन के बाद केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जॉन ब्रिटास ने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाती रही और उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि आगे कहां ले जाया जा रहा है। जॉन ब्रिटास ने बताया कि पिनराई विजयन, केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री एवं सीपीआई (एम) के वरिष्ठ नेता केएन बालगोपाल और उन्हें पुलिस जीप में बैठाकर दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें चक्कर लगवाने के बाद छत्रसाल स्टेडियम ले गई। करीब 30 से 45 मिनट बाद उन्हें फिर पुलिस जीप में बैठाया गया। ब्रिटास के मुताबिक, उन्हें नहीं पता था कि पुलिस अब उन्हें कहां ले जा रही है।

ममता बनर्जी हिरासत में



सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी को दिल्ली के साउथ एवेन्यू से हिरासत में लिए गया। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन, डोला सेन और अन्य नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ममता बनर्जी की हिरासत का वीडियो शेयर करते हुए दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए। पार्टी ने पोस्ट में लिखा 'दिल्ली पुलिस, आपकी हिम्मत कैसे हुई?' उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करना कब से आम बात हो गई? जब शांतिपूर्ण विरोध का जवाब बातचीत के बजाय गिरफ्तारियों से दिया जाता है, तो यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

पुलिसकर्मियों पर पथराव

आकाशवाणी भवन के पास पुलिसकर्मियों पर पथराव की घटना सामने आई है। अधिकारियों के मुताबिक, इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

केजरीवाल गिरफ्तार



दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत पार्टी के कई नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। ममता बनर्जी के अलावा दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी हिरासत में लिया गया हैं। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए जाते समय अरविंद केजरीवाल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया।

अभिजीत को हिरासत में लिया



दिल्ली एयरपोर्ट पर कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को हिरासत में लेने के लिए महिला पुलिसकर्मी समेत दिल्ली पुलिस की टीम विमान के अंदर पहुंची।

इस दौरान दीपके हाथ जोड़कर खड़े नजर आए और पुलिसकर्मियों से उनकी बातचीत हुई। विमान के अंदर दीपके ने पुलिस से कहा कि मैं यहां गिरफ्तार होने आया हूं, मुझे गिरफ्तार कीजिए। इस पर पुलिसकर्मियों ने जवाब दिया 'नहीं, यह गिरफ्तारी नहीं है। कृपया सहयोग कीजिए।' दिल्ली पुलिस ने अभिजीत दीपके को उनकी दादी के निधन की जानकारी दे दी है।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, अब दीपके को तय करना है कि वे प्रदर्शन जारी रखने के लिए हिरासत में रहेंगे या दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र में अपने घर लौटेंगे।

'कल तक रिहा नहीं किया तो...'



- *जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने राजधानी दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। शनिवार शाम को उन्होंने कहा कि अगर हिरासत में लिए गए नेताओं को रविवार तक रिहा नहीं किया गया, तो वह भूख हड़ताल या पैदल मार्च शुरू कर सकते हैं। उन्होंने भारत के मौजूदा हालात को अघोषित आपातकाल बताते हुए चिंता जताई। वांगचुक ने कहा कि उन्होंने प्रदर्शन से पहले लोगों से एकजुटता और शांति बनाए रखने की अपील की थी, लेकिन उन्हें अंदाजा नहीं था कि आंदोलन से जुड़े नेताओं को ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

कनॉट प्लेस में पत्थरबाजी

CEC ज्ञानेश कुमार के खिलाफ CJP के विरोध-प्रदर्शन के दौरान कनॉट प्लेस में पत्थरबाजी हुई जिसमें एक पुलिस कर्मचारी घायल हो गया। हेड कॉन्स्टेबल नागेंद्र ने कहा, हम प्रदर्शनकारियों को हटा रहे थे। उस दौरान हाथापाई हुई और मेरी नेमप्लेट टूट गई...यह घटना बाबा खड़क सिंह मार्ग के पास आर्य स्कूल लेन के पास हुई। वहां कई प्रदर्शनकारी थे। उन्हें हिरासत में ले लिया गया... पत्थरबाज़ी भी हुई, एक पत्थर मेरे जूते पर भी लगा...

मुंबई में पुलिस ने 400 लोगों को हिरासत में लिया

मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में प्रदर्शन कर रहे करीब 400 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। ये लोग दिल्ली में हो रहे विरोध प्रदर्शन के समर्थन में उतरे थे। हिरासत में लिए गए लोगों में तुषार गांधी के संगठन 'हम भारत के लोग' के सदस्य और सीपीएम के कार्यकर्ता शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ये लोग बिना इजाजत मैदान में जमा होकर प्रदर्शन कर रहे थे...

CJI के दखल के बाद हिरासत में लिए गए वकील रिहा

CJI सूर्यकांत ने न्यूज एजेंसी को बताया कि प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए वकीलों को उनके दखल के बाद रिहा कर दिया गया। उन्होंने कहा- मैं शहर से बाहर हूं। मैंने बात की थी। मुझे लगता है कि उन्हें रिहा कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने CJI से दखल की मांग करते हुए आरोप लगाया था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान महिला अधिवक्ताओं समेत कई वकीलों को हिरासत में लिया गया और पुलिस ने जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया।

पीएम मोदी का तमिलनाडु दौरा

राज्य को 13 हजार करोड़ की परियोजना की देंगे सौगात, कहां-कहां जाएंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी

चेन्नई, तमिलनाडु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को चेन्नई के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजना लॉन्च करेंगे। इसमें नया मेट्रो कॉरिडोर, हाईवे में सुधार और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे अहम काम शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को बताया कि पीएम मोदी पूरी हो चुकी सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे, परियोजनाओं को देश को समर्पित करेंगे और नए कामों की आधारशिला रखेंगे। इसमें मेट्रो रेल, हाईवे, रेलवे, पोर्ट, पेट्रोलियम और शिक्षा से जुड़े काम शामिल हैं।



प्रमुख परियोजना में चेन्नई मेट्रो के फेज दो का 4,900 करोड़ रुपए का पूनामल्ली-वडापलानी रूट शामिल है। 3.7 किलोमीटर लंबे डबल-डेकर स्ट्रक्चर और ड्राइवरलेस ऑपरेशन के लिए डिजाइन किए गए सिग्नलिंग सिस्टम वाले इस कॉरिडोर से पश्चिमी उपनगरों और शहर के केंद्र के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। पीएम मोदी सुबह 11.30 बजे पोरुर बाईपास से पूनामल्ली बाईपास तक और वापस मेट्रो की सवारी करेंगे। दोपहर 12.15 बजे वे जलकंडेश्वर मंदिर जाएंगे और उसके बाद आईआईटी मद्रास में ब्रेन सेंटर का दौरा करेंगे। करीब 3,700 करोड़ रुपए के हाईवे प्रोजेक्ट्स में एनएच-744 का 36 किलोमीटर लंबा, चार-लेन वाला वडुगापट्टी-थेरकुवेंगनल्लूर सेक्शन और एनएच-744ए पर 30 किलोमीटर लंबा मदुरै रिंग रोड शामिल है।

वे एनएच-83 पर चार-लेन वाले तिरुवरुर बाईपास की आधारशिला भी रखेंगे। 750 करोड़ रुपए से ज्यादा के रेलवे कामों में कराईकल-पेरालम लाइन और कोयंबटूर व उसके आसपास तीन रेल फ्लाईओवर शामिल हैं।

श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर में बेकाबू कंटेनर ने मारी टक्कर, 4 की मौत

संवाददाता

सहारनपुर/मेरठ। मां शाकुंभरी देवी के दरबार से ज्योत लेकर लौट रहे श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर ट्राली से बेकाबू कंटेनर टकरा गया। हादसे में चार श्रद्धालुओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और करीब 24 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने मदद की। साथ ही पुलिस को सूचना दी। वहीं हादसे की जानकारी होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त करने के साथ घायलों को तत्काल मदद पहुंचाने के बाबत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

बताया जा रहा कि मेरठ के थाना सरधना इलाके के गांव कुशावली के लोग नवरात्र पूजन के लिए मां शाकुंभरी देवी की ज्योत लेने ट्रैक्टर-ट्रॉली से आए थे। शनिवार सुबह सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने गांव लौट रहे थे। देवबंद में चाय-पानी पीने के लिए सभी लोग रुके थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसे से किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार श्रद्धालु उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई।



हादसा देख आसपास के लोग और राहगीर स्तब्ध रह गए। लोगों ने दौड़कर लोगों की बचाने के प्रयास शुरू किए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चार लोगों को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान सागर (22), सत्येंद्र (40), अमन और रमेश के रूप में हुई है। सभी कुशावली गांव के निवासी बताए गए हैं। इसके बाद जिलाधिकारी अरविंद चौहान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने घटनास्थल और जिला अस्पताल में भर्ती घायलों का उपचार की स्थिति की जानकारी ली। वहीं घायलों की संख्या को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों और प्रशासनिक पक्ष में अंतर सामने आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रॉली में करीब 30 श्रद्धालु सवार थे। जिनमें से चार की मौत हो चुकी है। वहीं प्रशासन के अनुसार ट्रॉली में सवार लोगों की संख्या करीब 16-17 बताई जा रही है। श्रद्धालु सुनील के मुताबिक सभी लोग मां शाकुंभरी देवी की ज्योत लेकर अपने गांव लौट रहे थे। देवबंद में चाय-पानी के लिए रुकना सफर का सामान्य हिस्सा था। किसी ने नहीं सोचा था कि पीछे से कंटेनर काल बनकर लोगों पर झपट पड़ेगा। बहरहाल सड़क पर बिखरी ज्योत और अपनों को खोने का दर्द कई परिवारों को जिंदगीभर का जख्म दे गया है। प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने घायलों का हाल-जाना। उन्होंने कहा कि सरकार इन सभी परिवारों को लेकर संवेदनशील है। बताया कि जो दुर्घटना हुई है, वह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वह लखनऊ थे, वहां से जैसे ही उन्हें जानकारी मिली कि दिल्ली और फिर दिल्ली से मेरठ घायलों का हाल जानने आए हैं।

100 देशों के 34 करोड़ बच्चों पर अल-नीनो का बड़ा संकट

एजेंसी

हैदराबाद। मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार दुनिया के कई देश साल 1950 के बाद सबसे शक्तिशाली अल-नीनो का सामना कर रहे हैं. इससे मौसम चक्र पूरी तरह बिगड़ चुका है. इसके कई इंपैक्ट भी नजर आने लगे हैं. वहीं अब यूनिसेफ ने भी अपनी ताजा रिपोर्ट में साल 2026-2027 के मौसम के विनाशकारी होने की बात कही है. इससे विश्व के 34.7 करोड़ बच्चों पर सूखा, बाढ़ और भुखमरी का गंभीर संकट रहेगा. यूनिसेफ के अनुसार दुनिया के 100 देशों के बच्चे साल 2026-2027 में कई मौसमी मुसीबतों का सामना करेंगे. इस दौरान का एल-नीनो इतिहास के सबसे विनाशकारी पैटर्न में से एक बन सकता है. इस संकट का सबसे घातक इंपैक्ट एशिया और प्रशांत क्षेत्र पर पड़ेगा. भारत भी इसी क्षेत्र का हिस्सा है. इस क्षेत्र के करीब 19 करोड़ बच्चों को कई दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा. मौसम की बिगड़ी चाल का असर समुद्र के तापमान पर भी देखने को मिल रहा है. इसकी वजह से प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से में समुद्री तापमान सामान्य से 3.4C अधिक रिकॉर्ड किया गया है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार साल 2026 के अंत तक अल-नीनो अपने चरम पर रह सकता है. इसकी वजह से आने वाले समय में तापमान भी सामान्य से ज्यादा स्तर पर पहुंच सकता है. यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार बार-बार मौसम में आ रही गड़बड़ी से समुद्री तापमान में इजाफा होता है. अल-नीनो दुनियाभर के मौसम के सिस्टम को बिगाड़ देता है. साल 2026-27 का अल-नीनो अब तक के सबसे मजबूत अल-नीनो में से एक हो सकता है. इससे मौसमी घटनाएं बढ़ेंगी.

चुनाव आयोग के समर्थन में पूर्व अफसर

124 पूर्व आईएएस-आईएफएस अधिकारियों का खुला पत्र

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 124 अधिकारियों के एक समूह ने नागरिकों के नाम एक खुला पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) और मतदाता सूची में सुधार की उसकी 'विशेष गहन समीक्षा' (एसआईआर) प्रक्रिया का बचाव किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर राजनीतिक विवाद बढ़ रहा है, साथ ही अनियमितताओं के आरोप और इस प्रक्रिया को आयोग की तरीके पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

पूर्व अधिकारियों का यह पत्र चुनाव आयोग का बचाव करता है। यह ऐसे समय में आया है जब विपक्षी दलों और नागरिक समाज के समूहों ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चिंताएं जताई हैं।

इसके साथ ही लिखा कि सवाल पूछना हर नागरिक का अधिकार है। आरोप लगाने वाले की जिम्मेदारी है कि वह उसे साबित करे।

कानून इसके लिए तरीके बताता है। जैसे कि दस्तखत किए हुए घोषणा-पत्र के आधार पर वोटर लिस्ट पर आपत्ति जताना और हाई कोर्ट में चुनाव याचिकाएं दायर करना।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाया गया आरोप, जिसे कभी शपथ के साथ नहीं रखा गया, न तो परखा जा सकता है और न ही उसका जवाब दिया जा सकता है। शक चाहे कितना भी जोरदार क्यों न हो, वह सबूत नहीं होता।

पत्र में नागरिकों से क्या कहा गया?

इस पत्र में लिखा, 'हमने अपनी पूरी जिंदगी भारत के चुनावों को आयोजित करने या उनका अध्ययन करने में बिताई है। हमने वोटर लिस्ट तैयार कीं, पोलिंग पार्टियों को ट्रेनिंग दी, स्ट्रॉन्ग रूम सील किए और वोटों की गिनती की देखरेख की। हम किसी पार्टी से नहीं जुड़े हैं। हम इसलिए लिख रहे हैं क्योंकि अब बिना किसी सबूत के हमारे चुनावों के लिए धांधली शब्द का इस्तेमाल किया जाता है, और बार-बार ऐसा कहने से उस लोकतांत्रिक भरोसे को चोट पहुंचती है जो हम सभी का है।

बिहार विधानसभा चुनाव का उदाहरण देकर क्या कहा?

पत्र में आगे लिखा गया है, 'हम जानते हैं कि धांधली वाला चुनाव कैसा होता है। हमने उन दिनों में काम किया है जिनके बारे में आप सिर्फ फिल्मों में जानते हैं। बूथ पर कट्टा (देसी बंदूक), बाहुबली के गुर्गे, बैलेट बॉक्स में जबरदस्ती वोट भरना या उन्हें चुरा लेना, और वोटरों को लौटा देना। बूथ कैप्चरिंग इतनी आम बात थी कि 1989 में संसद ने इसे अपराध घोषित कर दिया। जब हिंसा हावी होती है, तो लोकतंत्र चुप हो जाता है। आज, बिहार, जो कभी बूथ कैप्चरिंग के लिए बदनाम था, वहां 2025 का चुनाव बिना किसी री-पोल (दोबारा मतदान) के हुआ, जो उसके इतिहास में पहली बार हुआ है। 1951 के बाद से सबसे ज्यादा वोटिंग हुई और महिलाओं ने रिकॉर्ड संख्या में वोट डाले।

दिल्ली दंगों के एक मामले में पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन दोषी करार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में हुए दंगों के मामले में ताहिर हुसैन को दंगे भड़काने का दोषी करार दिया है। एडिशनल सेशंस जज प्रवीण सिंह ने इस मामले के बाकी 12 आरोपियों को सभी आरोपों से बरी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने ताहिर हुसैन की सजा की अवधि पर 16 नवंबर को सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने ताहिर हुसैन को भारतीय दंड संहिता की धारा 147 और 109 के तहत दोषी करार दिया। जबकि दूसरे आरोपों से बरी कर दिया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में ताहिर हुसैन के अलावा जिन्हें आरोपी बनाया था उनमें मोहम्मद शादाब, शाह आलम, रियासत अली, गुलफाम, राशिद, मोहम्मद रिहान, मोहम्मद आबिद, अरशद कय्यूम, इरशाद अहमद, दीपक सिंह सैनी, नवनीत और महक सिंह शामिल हैं। इन सभी पर दंगा करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, आगजनी और आपराधिक साजिश रचने जैसे कई आरोप लगाए गए थे।



गौरतलब है कि कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से जुड़े एक मामले में ताहिर हुसैन और चार अन्य लोगों को दोषी ठहराया था।

पासपोर्ट से खुलेगी विदेश में पढ़ाई और रोजगार की राह

लखनऊ समेत चार शहरों में विशेष अभियान, तीन हजार से अधिक आवेदनों का निस्तारण

जन माध्यम



लखनऊ। युवाओं के लिए विदेश में उच्च शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ ने शनिवार को विशेष पासपोर्ट अभियान चलाया। इसके तहत लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और वाराणसी के पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर आवेदनों के निस्तारण के लिए विशेष व्यवस्था की गई। अभियान के दौरान तीन हजार से अधिक पासपोर्ट आवेदनों का निस्तारण किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं, शोधार्थियों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए समय रहते तैयार करना है। पासपोर्ट कार्यालय के मुताबिक, युवाओं को विदेश में उच्च शिक्षा हासिल करने, शोध करने, प्रशिक्षण लेने और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने युवाओं से अपील की कि वे भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए समय रहते पासपोर्ट बनवा लें, ताकि अवसर मिलने पर दस्तावेजों की कमी आड़े न आए। पासपोर्ट केवल विदेश यात्रा का दस्तावेज नहीं, बल्कि वैश्विक शिक्षा, रोजगार और नए अनुभवों तक पहुंच बनाने का अहम माध्यम भी है।

दो ऑपरेशन थिएटरों से 50 से अधिक तक पहुंचा एसजीपीजीआई का सफर

एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के 39 वर्ष पूरे, स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक और कर्मचारी सम्मानित

जन माध्यम



लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के एनेस्थिसियोलॉजी विभाग ने शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को अपना 39वां स्थापना दिवस मनाया। संस्थान के प्रो. सोमा कौशिक ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार, प्रभावी प्रबंधन और मरीजों की बेहतर देखभाल पर जोर दिया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। सैफई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं एम्स पटना के पूर्व निदेशक प्रो. पी.के. सिंह ने सातवां प्रो. सोमा कौशिक ओरेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली, प्रभावी प्रबंधन और टीम के सदस्यों की जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए। एसजीपीजीआई के निदेशक पद्मश्री प्रो. आर.के. धीमन ने चिकित्सकों, रेजिडेंट्स, नर्सिंग और तकनीकी कर्मचारियों से उत्कृष्ट सेवाओं के जरिए संस्थान को देश के अग्रणी एनेस्थिसियोलॉजी विभागों में शामिल कराने का आह्वान किया। डीन प्रो. मनोज जैन ने चिकित्सा शिक्षा और मरीजों के हित में विभाग की ओर से शुरू किए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों की सराहना की। विभागाध्यक्ष प्रो. संजय धीराज ने विभाग की विकास यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि शुरुआत महज दो ऑपरेशन थिएटरों से हुई थी, लेकिन अब विभाग 50 से अधिक ऑपरेशन थिएटरों में एनेस्थीसिया सेवाएं दे रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सर्जरी में मरीज की स्थिति का प्रबंधन लगातार जटिल हो रहा है। ऐसे में विशेष चिकित्सकीय निगरानी और समन्वित देखभाल जरूरी है। इसी जरूरत को देखते हुए विभाग पेरिऑपरेटिव मेडिसिन की अवधारणा को बढ़ावा दे रहा है। इसमें सर्जरी से पहले मरीज की तैयारी, ऑपरेशन के दौरान निगरानी और बाद में देखभाल तक एनेस्थिसियोलॉजिस्ट की भूमिका शामिल है। समारोह में वर्ष 2026 के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. तापस कुमार सिंह को सर्वश्रेष्ठ संकाय सदस्य का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ कनिष्ठ रेजिडेंट-तृतीय श्रेणी में डॉ. मीनाक्षी के., डॉ. प्रशंसा अत्री और डॉ. राहुल कुमार मिश्रा सम्मानित हुए। सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ रेजिडेंट के रूप में डॉ. जैस्मीन कौर, डॉ. अर्पिता यादव, डॉ. श्रद्धा गांगले, डॉ. आयुषी श्रीवास्तव और डॉ. दीक्षा रानी को सम्मान मिला।

युवाओं को रोका तो हर हिस्से में बनेगा जंतर-मंतर

अखिलेश यादव ने आंदोलनकारियों के हौसले का किया जिक्र, बोले- ताकत के बल पर नहीं दबेगी जनता की आवाज

जन माध्यम

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी देश की युवा ऊर्जा के साथ खड़ी है। भाजपा सरकार यदि यह समझ रही है कि ताकत के बल पर जनता की आवाज और युवाओं के आंदोलन को दबाया जा सकता है, तो यह उसकी बड़ी भूल होगी। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर अब केवल एक स्थान नहीं, बल्कि नई चेतना, जागरण और जनआंदोलन का प्रतीक बन गया है। यदि सरकार ने आंदोलनकारियों को रोकने का प्रयास किया, तो देश के हर हिस्से में जंतर-मंतर बन जाएगा।
अखिलेश यादव ने अपने संदेश में युवाओं के हौसले, एकजुटता और संघर्ष की तैयारी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सत्ता की ताकत और सुरक्षा के इंतजाम जनशक्ति के संकल्प को नहीं रोक सकते। आंदोलनकारियों के हौसले को उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए बयां किया— "माना बादशाहों का बंदोबस्त है बख्तरबंद, पर उन्होंने देखा न नौजवानों का दमखम। यहां हौसलों की भी तैयारी है चाक-चौबंद, हैं साथ सब, मानकर इसको अंतिम जंग। किसी के रोके नहीं रुकेगा, अब दिल्ली में देश जुटेगा।" अखिलेश यादव के इस संदेश में युवाओं की एकजुटता और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने के अधिकार पर जोर दिया गया है। उन्होंने आंदोलन को रोकने के प्रयासों के विरोध का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश आंदोलन की चेतना को और व्यापक बना सकती है।

बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचीं पूजा शुक्ला, बांटी राहत सामग्री

फैजुल्लाहगंज के गणेश विहार और दाउदनगर में प्रभावित परिवारों से मिलीं, सरकारी इंतजामों पर उठाए सवाल

जन माध्यम



लखनऊ। फैजुल्लाहगंज क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उत्तर विधानसभा प्रभारी पूजा शुक्ला शनिवार को गणेश विहार और दाउदनगर स्थित सुभाष चंद्र बोस अकैडमी पहुंचीं। यहां उन्होंने प्रभावित परिवारों को राशन, पीने का पानी, दूध के डिब्बे और अन्य जरूरी सामग्री वितरित की। इस पहल का मकसद बाढ़ से जूझ रहे परिवारों को मुश्किल वक्त में राहत पहुंचाना रहा। राहत वितरण के दौरान पूजा शुक्ला ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और बाढ़ से पैदा हुई दुश्वारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी चुनौती बन गया है। ऐसे हालात में प्रभावित परिवारों को समय पर जरूरी सहायता मिलना बेहद अहम है। पूजा शुक्ला ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सरकारी व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन को राहत पहुंचाने के लिए अधिक तत्परता से काम करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि पीड़ित परिवारों को राशन, स्वच्छ पेयजल, दूध और अन्य आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए।
उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित निगरानी करने और प्रभावित लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने की भी मांग की। उनका कहना था कि राहत कार्यों में तेजी लाकर जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाई जानी चाहिए। पूजा शुक्ला ने कहा कि संकट की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों की मदद करना जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उनकी आवाज उठाती रहेंगी। हालांकि, सरकारी व्यवस्थाओं को लेकर उठाए गए सवालों पर प्रशासन का पक्ष उपलब्ध नहीं हो सका।

डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी के जन्मोत्सव पर सजेगी साहित्यिक महफिल

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के प्रतिष्ठित वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 3 बजे हिंदी संस्थान में 46वें राष्ट्रीय कलमवीर दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। वर्ष 1980 से निरंतर देश के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा यह आयोजन साहित्य, पत्रकारिता, शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, फिल्म, टीवी और रंगमंच सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण अवसर बनेगा। समारोह में राष्ट्रीय सेमिनार, साहित्यिक परिचर्चा, गजल गायन और सम्मान समारोह प्रमुख आकर्षण होंगे। इस वर्ष सेमिनार का विषय 'साहित्य एवं पत्रकारिता कल और आज' निर्धारित किया गया है। इस विषय पर आयोजित परिचर्चा की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री महेश चंद द्विवेदी करेंगे।
आयोजन के मीडिया प्रभारी अब्दुल वहीद ने बताया कि समारोह में पूर्व प्रदेश मंत्री एवं लोकसभा सांसद श्री जफर अली नकवी तथा ऐरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर अब्बास अली मेहदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।
अतिविशिष्ट अतिथियों में हिंदी संस्थान, उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि श्री उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉक्टर अनीस अंसारी, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, वरिष्ठ हास्य कवि एवं साहित्यकार श्री सूर्यकुमार पांडेय, उत्तर प्रदेश के उपलोकायुक्त दिनेश कुमार सिंह, दूरदर्शन लखनऊ के उपनिदेशक (कार्यक्रम) श्री आत्म प्रकाश मिश्रा तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के रूसी भाषा विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर साबिरा हबीब की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।
समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी की लिखित गजलों की संगीतमय प्रस्तुति से होगा। प्रसिद्ध गजल गायक श्री मिथिलेश लखनवी अपनी आवाज में इन गजलों को प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों को 'कलमवीर साहित्य शिखर सम्मान-2026' से सम्मानित किया जाएगा।
आयोजन के माध्यम से साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाली विभूतियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली हस्तियों को सम्मान प्रदान किया जाएगा।
इस वर्ष के प्रतिष्ठित 'कलमवीर-चक्र सम्मान-2026' के लिए विज्ञान, फिल्म, टीवी एवं रंगमंच के प्रसिद्ध वरिष्ठ कलाकार पद्मश्री डॉ. अनिल कुमार रस्तोगी, पद्मश्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. जय प्रकाश सैनी, उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव, लेखक पार्थ सारथी सेन शर्मा (आईएएस), आईएएस अधिकारी पवन कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार एवं निदेशक, ग्रामीण विकास विभाग, नई दिल्ली तथा वरिष्ठ पत्रकार, टाइम्स ऑफ इंडिया श्री अरविन्द सिंह बिष्ट के नाम शामिल हैं।
इसी क्रम में 'कलमवीर-रत्न सम्मान-2026' के लिए पूर्व डीएसपी एवं उर्दू शायर चरन सिंह 'बशर', शिक्षाविद्, लेखिका एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी डॉ. शान्त्वना दूबे तिवारी तथा इंडियन रेडक्रास सोसायटी की संरक्षक डॉ. सुषमा सिंह को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 'प्रोफेसर (डॉ.) विष्णु गिरि गोस्वामी स्मृति सम्मान-2026' के अंतर्गत वरिष्ठ साहित्यकार नरेन्द्र भूषण तथा 'डॉ. रंगनाथ मिश्र 'सत्य' स्मृति सम्मान-2026' के अंतर्गत वरिष्ठ साहित्यकार श्री राजेश द्विवेदी के नाम शामिल हैं। 46वां राष्ट्रीय कलमवीर दिवस साहित्य और पत्रकारिता की बदलती भूमिका पर सार्थक संवाद स्थापित करने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी के जन्मोत्सव पर आयोजित यह समारोह साहित्यिक परंपराओं, विचार-विमर्श और रचनात्मक अभिव्यक्ति को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। सेमिनार, गजल गायन और सम्मान समारोह के माध्यम से साहित्य एवं पत्रकारिता के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर सार्थक विमर्श होगा।

जेवर एयरपोर्ट के नाम पर सियासत, उड़ानों के संकट ने उठाए सवाल

आराधना मिश्रा ने भाजपा सरकार को घेरा, कई हवाई अड्डों पर नियमित उड़ानों और कनेक्टिविटी पर मांगा जवाब

जन माध्यम



लखनऊ। जेवर एयरपोर्ट के नाम को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासी बहस तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने भाजपा सरकार पर विकास के बजाय नाम बदलने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि परियोजनाओं की पहचान नाम से नहीं, बल्कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं और उनके नतीजों से होती है। मोना के मुताबिक, दिसंबर 2020 में जेवर एयरपोर्ट का नाम 'नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट' तय किया गया था। अब इसका नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर रखने की घोषणा को उन्होंने इसी राजनीति से जोड़कर देखा। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि नाम और उद्घाटन की चर्चा के बीच हवाई अड्डे की सुविधाओं तथा संचालन पर कितना ध्यान दिया जा रहा है। किसानों की जमीन और सार्वजनिक धन के इस्तेमाल का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए हजारों हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की गई और बड़ी संख्या में किसान प्रभावित हुए। उनके अनुसार, 28 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री ने पहले चरण का उद्घाटन किया और 15 जून से व्यावसायिक उड़ानें शुरू हुईं। इसके बावजूद कुछ मार्गों पर उड़ानें बंद होने और नई सेवाओं की योजनाएं टलने की खबरें सामने आई हैं।
मोना ने नोएडा से नवी मुंबई और बेंगलुरु के लिए अकासा एयर तथा चंडीगढ़ मार्ग पर इंडिगो की उड़ानों के बंद होने का भी जिक्र किया। उन्होंने कमजोर सड़क-रेल संपर्क, महंगी टैक्सी और सीधी मेट्रो की कमी को यात्रियों की परेशानी बताया। कुशीनगर, आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती, मुरादाबाद और सरसावा के हवाई अड्डों पर नियमित उड़ानों की स्थिति पर भी उन्होंने सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से सार्वजनिक धन के इस्तेमाल का ब्योरा देने और हवाई संपर्क बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। फिलहाल, इन आरोपों पर सरकार का पक्ष उपलब्ध जानकारी में शामिल नहीं है।

नेताजी की पुण्यतिथि पर अखिलेश का संकल्प, 2027 पर नजर

सैफई में मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि, अखिलेश ने भाजपा पर वोट चोरी और चुनावी धांधली के आरोप लगाए

जन माध्यम



सैफई (इटावा)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर शनिवार को सैफई में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव समेत हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के समाधिस्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि के साथ ही अखिलेश ने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने का संकल्प दोहराया।
अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी का जीवन समाजवादी सिद्धांतों और मानवता के प्रति समर्पण की धरोहर है। उन्होंने कमजोर, पीड़ित और बेसहारा लोगों को साथ लेकर चलने तथा समाज से भेदभाव मिटाने की सीख दी। अखिलेश ने कहा कि जब तक लोग पीड़ित, दुखी और अपमानित हैं, संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने नेताजी के अधूरे विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात भी कही।
वोट चोरी के आरोप, आयोग की निष्पक्षता पर सवाल
मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने भाजपा पर चुनाव आयोग के माध्यम से कथित वोट चोरी की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची में विपक्षी समर्थकों के नाम काटने की आशंका जताते हुए पारदर्शी प्रक्रिया की मांग की। सरोजनीनगर में दशरथ नाम से सौ से अधिक फॉर्म-7 भरवाने और बिधूना में सपा नगर अध्यक्ष के कथित फर्जी हस्ताक्षरों से फॉर्म भरवाने के आरोप भी लगाए। उनका दावा है कि शिकायतों और सबूतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।
अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में प्रशासन के दुरुपयोग और धांधली से परिणाम प्रभावित करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की रक्षा की अहम परीक्षा बताते हुए किसान, नौजवान, छात्र, व्यापारी समेत सभी वर्गों से भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। इन आरोपों पर भाजपा और चुनाव आयोग का पक्ष उपलब्ध जानकारी में शामिल नहीं है।

चार शहरों में पासपोर्ट अभियान, तीन हजार आवेदन निपटे

विदेश में पढ़ाई और रोजगार के अवसरों के लिए युवाओं को समय रहते पासपोर्ट बनवाने की सलाह

जन माध्यम

लखनऊ। विदेश में उच्च शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों तक पहुंच बनाने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ ने शनिवार को 'पासपोर्ट फर्स्ट, ऑपर्च्युनिटीज नेक्स्ट' अभियान शुरू किया। इसके तहत लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और वाराणसी के पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया गया। इसमें तीन हजार से अधिक पासपोर्ट आवेदनों का निस्तारण किया गया। अभियान के जरिए विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं, शोधार्थियों और शिक्षकों को समय रहते पासपोर्ट बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की इस पहल का उद्देश्य युवाओं को विदेश में उच्च शिक्षा हासिल करने, शोध करने, प्रशिक्षण लेने और शैक्षणिक आदान-प्रदान के साथ रोजगार के अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए पहले से तैयार करना है। कार्यालय ने युवाओं से अपील की कि वे भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए समय रहते पासपोर्ट बनवा लें, ताकि अवसर मिलने पर दस्तावेजों की कमी बाधा न बने। पासपोर्ट कार्यालय के मुताबिक, पासपोर्ट महज विदेश यात्रा का दस्तावेज नहीं है, बल्कि वैश्विक शिक्षा, रोजगार और नए अवसरों तक पहुंच बनाने का अहम माध्यम भी है। समय रहते पासपोर्ट बनवाने से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसर मिलने पर जरूरी प्रक्रिया पूरी करने में सहूलियत मिल सकती है।

सपा मुख्यालय में मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि, नेताओं ने किया नमन

पुण्यतिथि पर चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने याद किया योगदान

जन माध्यम



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पूर्व रक्षामंत्री और समाजवादी आंदोलन के प्रमुख स्तंभ रहे मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस मौके पर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।
श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और सांसद अक्षय यादव ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज पुरोहित पं. हरि प्रसाद मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांतिपाठ कराया। पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी. पाण्डेय और समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।
कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इनमें लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव, समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणीन्द्र मिश्र और आईपी सिंह एडवोकेट सहित अनेक लोग शामिल रहे।



भाजपा फर्जी फॉर्म-7 से कटवा रही सपा के वोट : अखिलेश

संवाददाता

सैफई (इटावा)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर अब तक का सबसे बड़ा हमला करते हुए कहा है कि चुनाव आयोग की क्रेडिबिलिटी पूरी तरह से समाप्त हो गई है और भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग से मिलकर के फर्जी फॉर्म 7 के नाम पर समाजवादी पार्टी के समर्थकों के वोट कटवा रही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सैफई में समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। सैफई में नेताजी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग और बीजेपी पर सीधा हमला बोला है।

अखिलेश ने कहा कि चुनाव आयोग अब



क्रेडिबल संस्था नहीं बची है और बीजेपी फॉर्म-7 भरवाकर सपा के वोट कटवा रही है। यादव ने कहा कि राष्ट्रपति से सभी दलों के नेताओं ने मुलाकात कर चुनाव में धांधली के प्रमाण दिए हैं। यूपी में जितने भी उपचुनाव हुए हैं, भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलकर प्रशासन की ताकत से परिणाम बदलने की कोशिश की है। पुलिस को प्राइवेट ड्रेस में वोट डलवाया गया। एसआईआर के दौरान सपा के पीडीए प्रहरियों ने फर्जी फॉर्म-7 भरने वालों को पकड़ा है।

उन्होंने कहा कि यूपी के जितने बाई-इलेक्शन हुए हैं, भाजपा ने इलेक्शन कमीशन से मिलकर प्रशासन की ताकत से चुनाव के परिणामों को बदलने की कोशिश की,कई जगह पुलिस को प्राइवेट ड्रेस में वोट डालने का मौका दिया। एसआईआर के समय पर सपा के पीडीए ने उन लोगों को पकड़ा जो फॉर्म-7 फर्जी भर रहे थे। भाजपा अपनी ऑफिस के माध्यम से फॉर्म-7 भरवाकर सपा के वोट कटवा रही थी। सुल्तानपुर में नंदलाल निषाद के फर्जी दस्तखत करके कई सपा के वोट काटे गए। जब नंदलाल निषाद से पूछा तो उसने कहा कि मैं दस्तखत करना ही नहीं जानता, अंगूठा मारता है, उसके दस्तखत करके वोट कटवा रहे थे। इसी तरह लखनऊ की सरोजनी नगर विधानसभा में दशरथ नाम से 100 से ज्यादा फॉर्म-7 भरवाए। नियम कहता है 5 से ज्यादा कोई फॉर्म-7 नहीं भर सकता। बिधूना में सपा के नगर अध्यक्ष के फर्जी साइन करके वोट काट दिया। इलेक्शन कमीशन को जानकारी दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। याद होगा मीरापुर में एक पुलिस अधिकारी ने रिवॉल्वर तानकर वोट रोकने का काम किया था।

अखिलेश ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी के जमाने में एक जगह से तय किया जा रहा है कि वोटर लिस्ट में किसका नाम होगा। अगर आप बीजेपी के सदस्य हैं तो आपका वोट बनेगा, नहीं तो आप भारत के नागरिक ही नहीं हैं।

बंगाल चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि दीदी हारी नहीं थीं, उन्हें हराया गया था, 3 लाख से ज्यादा फोर्स लगाकर चुनाव लूट लिया गया।

बीजेपी के नए अध्यक्ष नितिन नवीन के इंडिया ब्लॉक को अराजक बताने पर अखिलेश ने कहा कि सवाल चुनाव आयोग से है तो बीजेपी क्यों डिफेंड करती है ? चोर की दाढ़ी में तिनका है। इलेक्शन कमीशन कॉन्स्टिट्यूशनल बॉडी है, उसकी क्रेडिबिलिटी साबित करनी है, वो क्रेडिबल इंस्टीट्यूशन नहीं बची है। समाज के हर हिस्से से आवाज आ रही है कि इलेक्शन कमीशन में बैठे लोग बेईमानी कर रहे हैं। एक जगह से तय कर रहे हैं कि किसका वोट होगा।अगर भाजपा के सदस्य हैं तो वोट बनेगा, नहीं तो आप भारत के नागरिक नहीं हैं। बंगाल में दीदी को जानबूझकर हराया, दीदी हारी नहीं थी। जब वोट से हरा सकते थे तो 3 लाख से ज्यादा फोर्स लगाकर चुनाव लूट लिया। हमारा सवाल इलेक्शन कमीशन से है, भाजपा सामने आकर क्यों डिफेंड करती है, क्योंकि चोर की दाढ़ी में तिनका है।

अखिलेश ने 2027 को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि सबसे बड़ी परीक्षा यूपी में होने जा रही है, लगभग 50 दिन बाद चुनाव की तारीख आ जाएगी। अगर यूपी में भाजपा जीत गई तो भविष्य में वोट डालने का अधिकार भी छीन जाएगा, चुनाव ही नहीं होंगे। इसलिए यूपी का किसान, नौजवान, व्यापारी और पीडीए समाज ही संविधान बचाएगा। सबसे बड़ी परीक्षा उत्तर प्रदेश में होने जा रही है। लगभग 50 दिन बाद तारीख आ जाएगी, अगर यूपी का चुनाव भाजपा जीत गई तो भविष्य में वोट डालने का अधिकार छीन लिया जाएगा, भविष्य में चुनाव ही नहीं होंगे। इसलिए सबसे महत्वपूर्ण चुनाव यूपी का है, यूपी की जनता, किसान, नौजवान ही संविधान बचाएगा। हर वर्ग और पीडीए समाज के लोग मिलकर संविधान और लोकतंत्र को बचाएंगे। भाजपा सत्ता में रहेगी तो लोकतंत्र खत्म कर देंगे।

अखिलेश यादव ने किसानों की स्थिति को लेकर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक ओर उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और आत्महत्या करने को मजबूर हैं। सरकार को किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तकनीक और ईवीएम का इस्तेमाल चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए होना चाहिए, न कि किसी पक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए।

राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा कि लोकतंत्र में गिरफ्तारी या हिरासत कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

उप मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्रि की देश व प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के पावन व पुनीत अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि आस्था और विश्वास का यह पावन अवसर हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे। उन्होंने कहा है कि मेरी कामना है कि आदिशक्ति की कृपा से सभी का जीवन सुख, सौभाग्य और स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो।यह पर्व हमें शक्ति, साधना, संयम, सेवा और लोककल्याण के मार्ग पर आगे बढने की प्रेरणा देता है। शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में श्री मौर्य ने कहा इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि में आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। यही कारण है कि ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं।

सपा नेत्री पूजा शुक्ला ने बांटी राहत सामग्री

लखनऊ। फैजुल्लागंज क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए सामाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रभारी उत्तर विधानसभा पूजा शुक्ला ने शनिवार को गणेश विहार एवं दाउदनगर के सुभाष चंद्र बोस अकादमी में राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों को राशन, पीने का पानी, दूध के डिब्बे सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई, ताकि संकट की इस घड़ी में लोगों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार और प्रशासन को अधिक तत्परता से काम करना चाहिए। प्रभावित परिवारों को राशन, स्वच्छ पेयजल, दूध और अन्य ज़रूरी सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

अली खामेनई के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के उलेमा

लखनऊ। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव एवं प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने एक कॉमेडी शो में शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किए जाने के मामले में कड़ी आपत्ति जताई है। इस संबंध में मौलाना यासूब अब्बास साहब ने स्वयं चौक कोतवाली पहुंचकर लखनऊ निवासी अंकित अग्निहोत्री के विरुद्ध शिकायत-पत्र जमा किया और एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कॉमेडी शो के दौरान आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई के लिए आपत्ति जनक शब्दों का इस्तेमाल किया मौलाना यासूब अब्बास के अनुसार इस प्रकार की कथित टिप्पणियों से शिया समुदाय के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और समुदाय में नाराजगी है। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता होने के साथ-साथ शिया समुदाय के एक प्रतिष्ठित धार्मिक विद्वान एवं वरिष्ठ मरजा-ए-तकलीद के रूप में सम्मानित रहे हैं। उनके प्रति विश्वभर में बड़ी संख्या में लोगों की गहरी धार्मिक आस्था और श्रद्धा रही है। ऐसे सम्मानित धार्मिक व्यक्तित्व के संबंध में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। चौक इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि मौलाना यासूब अब्बास की ओर से शिकायत पत्र मिला है। साइबर सेल में जांच के लिए मामला भेज दिया गया है।

बीकेटी में ब्लड कलेक्शन एजेंट का शव मिला

लखनऊ। बीकेटी में ब्लड कलेक्शन एजेंट रितेश यादव (24) का लहूलुहान शव प्लॉट की बाउंड्री पर पड़ा मिला। पास में ही स्कूटी और कुछ दूरी पर कलेक्शन एजेंट की घड़ी पड़ी मिली। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से जांच की मांग की है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार करते हुए विरोध जताया। पर, पुलिस के समझाने और कार्रवाई का आश्वासन देने पर परिजन कुछ ही देर में राजी हो गए और अंतिम संस्कार को राजी हो गए। बीकेटी इंस्पेक्टर संजय सिंह का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला सड़क हादसे से जुड़ा दिख रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह पता चल सकेगी। बन्नौर गांव निवासी राजेश यादव का बेटा रितेश बीकेटी में भैंसामाऊ क्रॉसिंग पर ब्लड बैंक में ब्लड कलेक्शन एजेंट था। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार रात रितेश खून से लथपथ बन्नौर गांव की रोड पर खाली पड़े प्लॉट की बाउंड्री पर औंधे मुंह पड़ा था। उसकी स्कूटी प्लॉट के अंदर क्षतिग्रस्त पड़ी थी। उसकी घड़ी 15 फीट दूरी पर मिली। उधर से गुजर रहे राहगीरों और चाचा कन्हैया लाल ने रितेश को लहूलुहान हालत में प्लॉट में पड़ा देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। उसे उठाकर राम सागर मिश्र अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। पुलिस के अफसरों ने परिजनों को समझाया तो कुछ देर बाद वह राजी हो गए। अंतिम संस्कार कर दिया।

भाई राहुल और परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। राहुल ने बताया कि बाउंड्रीवॉल एक फीट लंबी थी। बाउंड्री पर खून के निशान नहीं मिले। किसी साजिश के तहत भाई रितेश की मारपीट कर हत्या की गई है। फिर शव को बाउंड्री पर छोड़कर हमलावर फरार हो गए हैं। बीकेटी इंस्पेक्टर संजय सिंह का कहना है कि किसी वाहन ने रितेश की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी घिसटती हुई प्लॉट की बाउंड्री से टकरा गई। बाउंड्री पर ही रितेश लहूलुहान होकर लटक गया।

सपा मुख्यालय में मनाई गई नेताजी की पुण्यतिथि

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शनिवार को पूर्व रक्षामंत्री ₹नेताजी₹ मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। नेता विरोधी दल राज्य विधान सभा श्री माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद अक्षय यादव ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

राज पुरोहित पं0 हरि प्रसाद मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के साथ शांतिपाठ किया। पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो0 बी. पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ डॉ. राजपाल कश्यप, ने भी नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर चन्द्रशेखर यादव पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा,



प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, कुलदीप यादव राष्ट्रीय महासचिव शिक्षक सभा, मणीन्द्र मिश्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, आईपी सिंह एडवोकेट, अच्छे लाल सोनी सहित नवीन धवन बंटी, देवेन्द्र सिंह जीतू, महेश चौरसिया, एसके राय, शिवेन्द्र यादव, इंजी0 अरविन्द यादव, मीना यादव, नौशाद अली राहत, दानिश पठान, नौशाद खान, रफी अंसारी, अंकुर पाण्डेय, रोहित यादव, संजय यादव, आदित्य पाण्डेय, रवि वर्मा, रविनंदन यादव, विपिन यादव, वैभव यादव, दारा सिंह, गौरव सिंह, पंकज सिंह, सिपाही यादव, राजीव यादव, महेन्द्र प्रताप, प्रवीन पाठक, ब्रजेश सिंह बैचलर, नित्यानंद त्रिपाठी, दलजीत निषाद, सुश्री रिंकी यादव, शोभित वर्मा, शैलेन्द्र यादव, डीआरएस यादव, अनीता यादव, डॉ. मरगूब कुरैशी, चन्द्रशेखर यादव, प्रदीप यादव, संजीव यादव सोनू, चन्द्रभूषण सिंह यादव, अरविन्द यादव, राजेन्द्र यादव, नौशाद खां, राम प्रकाश यादव, राम सागर यादव, सतीश यादव, रोहित यादव, रमाकान्त दुबे, नन्दकिशोरे पाल, वंदना चतुर्वेदी, मधु यादव, इशरत हक, प्रेमा मिश्रा, मालती यादव, शाहीन फातिमा, जान आलम खां, संतोष कुमार, डीपी यादव, ऋषभ यादव, आलोक त्रिपाठी, सोनू, राजेन्द्र प्रसाद अम्बेडकर, राम प्रवेश यादव, नन्दन यादव, संगम यादव, महेश यादव, राकेश यादव, डॉ.आरपी राजपूत, मिथुन पाल, अवधेश प्रजापति, पप्पू सेठ, मनोज पाल, पिंकी पाल, मुकेश दुबे, राजेन्द्र मौर्या, विजय प्रताप यादव, अभय प्रताप सिंह, राकेश यादव, चन्द्रजीत यादव, दिनेश यादव आदेश यादव, अनुज पंवार, दीपक शर्मा, धर्मेन्द्र अग्रवाल, लालमनि पाल, प्रमोद मिश्रा, मालती यादव, निहारिका यादव, विदित त्रिपाठी, अमन यादव, मूलचन्द्र बघेल, शुभम यादव, सुमित गौड़, कप्तान सिंह राजपूत, महावीर सिंह बघेल, गोपाल यादव, सोनू यादव, संजीव भट्ट, अजीत प्रताप सिंह, मुन्ना हरिपुरा, दिनेश यादव, जितेन्द्र पाल, संतोष कुमार धरकार, डॉ. राम प्रकाश राजपूत, सत्यभान शाक्य, रवि चन्द्र यादव, रूपाली सिंह वर्मा आदि ने भी श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

कोडीन कफ सिरप मामले में अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी की पैरवी रंग लाई

संवाददाता



लखनऊ। कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री से जुड़े मामले में प्रीतम सिंह उर्फ मोंटी सरदार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से जमानत मिल गई है। अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी ने आरोपी की ओर से पैरवी करते हुए अदालत में अपना पक्ष रखा। पांच अक्टूबर को न्यायमूर्ति राजीव भारती की अदालत ने जमानत अर्जी मंजूर कर ली। मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी दीपक मनवानी के पास से कोडीन युक्त कफ सिरप की 450 बोतलें बरामद की थीं। जांच के दौरान प्रीतम सिंह का नाम सामने आया। उसकी ओर से अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी ने अदालत में दलील दी कि प्रीतम सिंह का नाम प्राथमिकी में नहीं था और उसे सह-आरोपी के बयान के आधार पर मामले से जोड़ा गया। आरोपी के पास से कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ और न ही उसकी निशानदेही पर कोई बरामदगी हुई। बचाव पक्ष ने यह भी दलील दी कि केवल फोन पर संपर्क और पैसों के लेनदेन के आधार पर आरोपी की भूमिका तय नहीं की जा सकती। उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है और वह दिसंबर 2025 से जेल में बंद है। वहीं, राज्य सरकार ने जमानत का विरोध करते हुए फोन रिकॉर्ड, पैसों के लेनदेन और दूसरे आरोपियों से संबंधों का हवाला दिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी को बरामद नशीले पदार्थ से जोड़ने वाला कोई स्वतंत्र पुष्टिकारक साक्ष्य प्रथम दृष्टया सामने नहीं आया। अदालत ने मामले के तथ्यों, जेल में बिताई अवधि और अन्य परिस्थितियों पर विचार करते हुए जमानत मंजूर कर दी। अदालत ने आरोपी को गवाहों को प्रभावित नहीं करने, साक्ष्यों से छेड़छाड़ नहीं करने और सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित रहने समेत अन्य शर्तों का पालन करने का निर्देश दिया है।

प्रवर्तन टीम का अनफिट एवं अवैध एम्बुलेंस संचालन को लेकर विशेष अभियान

लखनऊ। परिवहन मंत्री के निर्देश पर प्रदेश में सडक़ सुरक्षा तथा अनफिट एवं अनधिकृत वाहनों के संचालन के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा निजी क्षेत्र की अनफिट एवं अनधिकृत एंबुलेंस के विरुद्ध 3 दिवसीय विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने बताया कि 5, 6 एवं 7 अक्टूबर को चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान विभागीय प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाली एंबुलेंस के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत कुल 772 एंबुलेंस के चालान किए गए, जबकि 135 एंबुलेंस को बंद कराया गया। परिवहन आयुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य एंबुलेंस सेवाओं के संचालन में निर्धारित नियमों एवं मानकों का अनुपालन करना है।

डॉ. अभिनव दीक्षित की कृति हीडेन वेटलैंड्स का लोकार्पण

संवाददाता

लखनऊ। जल संकट के दृष्टिगत संसाधनों का संरक्षण और पुनः उपयोग समय की आवश्यकता है। भूमिगत आद्रभूमि आधारित जल शोधन प्रणालियाँ इसका प्रभावी समाधान बन सकती हैं। ये विचार शनिवार को राष्ट्रीय पुस्तक मेले के क्रिएटिव लाउंज में जनवीणा प्रकाशन द्वारा आयोजित समारोह में डॉ. अभिनव दीक्षित की कृति 'हीडेन वेटलैंड्स' के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किए गए। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. करुणा पांडे, सूचना विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक अशोक बनर्जी, साहित्यकार राज वर्मा, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अभय दीक्षित ने पुस्तक का लोकार्पण किया। शहरी जल प्रणालियों पर जर्मनी के टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ बर्लिन से शोध कर चुके डॉ. अभिनव दीक्षित ने बताया कि मिस्र के रेगिस्तानी शहर एल गौना में जल संकट से जुड़ी एक परियोजना का नेतृत्व करते समय उन्हें इस पुस्तक की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि पुस्तक जल शोधन और पुनः उपयोग की भूमिगत प्रणालियों की संभावनाओं पर केंद्रित है तथा नीति निर्धारकों, अभियंताओं और जल प्रबंधन से जुड़े लोगों के लिए उपयोगी है। समारोह में व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना, मुनालश्री विक्रम बिष्ट, शम्भू शरण वर्मा, कृषि वैज्ञानिक कमलेश कुमार पाठक, बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान के प्रो. मुकुंद शर्मा, आशीष त्रिवेदी, अंजू दीक्षित, उपमा शर्मा, राजेश शर्मा, डॉ. आशुतोष कृष्णा, बृजेश सिंह, ज्योति किरन रतन, शक्ति श्रीवास्तव, अम्बरीश सिंह, अक्षत त्रिवेदी, अनिमेष शुक्ला, स्वप्निल पाण्डेय, विवेक शर्मा, जादूगर सुरेश कुमार और आफताब सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

राम प्रसाद बिस्मिल स्कूल के बच्चों ने निकाली भ्रष्टाचार विरोधी रैली

संवाददाता

काकोरी,लखनऊ। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत राम प्रसाद बिस्मिल मेमोरियल पब्लिक स्कूल,काकोरी के छात्र-छात्राओं ने समाज में जागरूकता फैलाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरने के लिए एक भव्य रैली का आयोजन किया।

रैली में स्कूल के बच्चों ने बेहद उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया तथा हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया।रैली के दौरान बच्चों ने अपने प्रेरणादायक नारों से पूरे वातावरण को गूंजायमान कर दिया।छात्रों द्वारा लगाए गए मुख्य नारों जब तक देश का हर नागरिक जागरूक नहीं होगा,तब तक भ्रष्टाचार का अंत नामुमकिन है भ्रष्टाचार देश की तरक्की में सबसे बड़ा दीमक है, इसे मिटाना किसी एक की नहीं, हम सबकी जिम्मेदारी है और रिश्वत लेना और देना पाप है, भ्रष्टाचार देश का अभिशाप है₹ने स्थानीय लोगों



का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।इसके अलावा बच्चों ने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए नारा दिया—भ्रष्टाचार का एक ही काल, देश का युवा रहेगा सजग हर हाल और जनता से अपील की कि आओ मिलकर हाथ मिलाएं, भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाएं। विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंध समिति ने बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से भावी पीढ़ी में देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की भावना मजबूत होती है।रैली के माध्यम से काकोरी क्षेत्र के नागरिकों को भी भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के लिए जागरूक किया गया।

युवाओं ने थामा राष्ट्रीय लोकदल का दामन

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रति युवाओं और छात्रों के बढ़ते रुझान के बीच शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रयागराज के कई युवाओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में रालोद छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे के प्रयासों से विवेक कुशवाहा के नेतृत्व में युवाओं ने पार्टी से जुडने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रयागराज जिले से विवेक कुशवाहा के साथ अभिषेक कुशवाहा, दीपु कुशवाहा, लालता प्रसाद कुशवाहा, जय सिंह कुशवाहा, विशेष केसरवानी एवं अर्पित कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रयागराज के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपाल सिंह भी उपस्थित रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने युवाओं का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुडने से प्रयागराज में राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को मजबूती मिलेगी और युवाओं के बीच पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। इस अवसर पर छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे के प्रयासों की चर्चा करते हुए बताया गया कि उनके नेतृत्व में छात्रसभा लगातार संगठन के विस्तार और युवाओं को पार्टी से जोडने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। छात्रसभा द्वारा युवाओं के बीच संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को समझने तथा शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

मिलावट पर एफएसडीए की सख्त कार्रवाई

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मिलावट के खिलाफ अभियान में 20,924 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए, जिनका अनुमानित मूल्य 66.87 लाख रुपये से अधिक है। कार्रवाई में घी, पिसे मसाले, साबूदाना और हल्दी शामिल हैं। 4,273 किलोग्राम अनुपयुक्त खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए। नोएडा में मसालों की खेप जब्त हुई और लाइसेंस निलंबन तथा एफआईआर की तैयारी की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (यूपीएफएसडीए) ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करते हुए 20,924 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किया है। इसका अनुमानित मूल्य 66 लाख 87 हजार 58 रुपये है। लखनऊ में 740 किलो, बरेली में 3,281 किलो और एटा में 2,544 किलो मिलावटी घी पकड़ा गया है। नोएडा में 3,559 किलो पिसे मसाले जब्त करते हुए लाइसेंस निलंबित करने और एफआईआर दर्ज करवाने की तैयारी की जा रही है।

मिलावटी खाद्य पदार्थ के खिलाफ चले सघन अभियान में 176 खाद्य नमूने एकत्रित किए गए हैं। मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए 4,273 किलोग्राम खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए हैं, जिनका अनुमानित कुल मूल्य 63 हजार 900 रुपये है। दो खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं एक प्रतिष्ठान के बिना लाइसेंस संचालन के मामले में वाद दायर करने की प्रक्रिया की जा रही है। विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों को 58 सुधारात्मक नोटिस भी जारी किए गए हैं। लखनऊ में भैरव घी भंडार से अनियमितताओं के आधार पर 748 किलोग्राम घी जब्त किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 22 हजार 629 रुपये है। अन्य प्रतिष्ठानों से कुट्टू का आटा व कुट्टू की गिरी सहित 573 किलोग्राम खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसकी कीमत 88 हजार 260 रुपये है। बरेली में तीन प्रतिष्ठानों से 3,281 किलोग्राम घी, एटा की श्रीबाबा डेयरी से 2,544 किलोग्राम घी और मक्खन और बदायूं में बाबू राम रमेश चंद्र के प्रतिष्ठान से 538 किलोग्राम घी जब्त किया गया। गौतमबुद्ध नगर में धर्मेश इंडस्ट्री पर हुई कार्रवाई में मसालों में प्रयोग के लिए धनिया के डंठल, कलर एवं भूसी पाए जाने के संबंध में 3,559 किलोग्राम पिसे हुए मसाले जब्त किए गए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई गई है। गाजियाबाद में साबूदाना, घी और कुट्टू के आटे को लेकर कार्रवाई की गई। मिथ्या छाप के आधार पर 2,848 किलोग्राम साबूदाना जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख 35 हजार 564 रुपये है। 210 लीटर अन्नपूर्णा ब्रांड घी, मूल्य दो लाख रुपये, तथा 76 लीटर परम ब्रांड घी मूल्य 48 हजार 148 रुपये, जब्त किया गया। सहारनपुर में अस्वच्छ परिस्थितियों में रखी करीब 6,000 किलोग्राम हल्दी जब्त की गई। कानपुर में विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुट्टू व कुट्टू के आटे सहित कुल 390 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए गए। हरि कृष्णा इंटरप्राइजेज पर 60 किलोग्राम कुट्टू साबुत अस्वच्छ स्थिति में पाए जाने के कारण जब्त किया गया। उन्नाव में आगरा एक्सप्रेसवे पर लखनऊ की ओर आ रहे एक पिकअप वाहन से 4 कुंतल कॉन्टेमिनेटेड खाद्य सामग्री पर कार्रवाई की गई।

श्रुति गंगवार के राज्यसभा पहुंचने पर सैंथल में जश्न



- भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, निर्विरोध निर्वाचन को क्षेत्र के लिए बताया गौरव का क्षण

जन माध्यम

सैंथल, बरेली। भाजपा की श्रुति गंगवार के निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने की खुशी में सैंथल स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और उनकी राजनीतिक उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई गई। श्रुति गंगवार के निर्विरोध निर्वाचन की खबर मिलते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। भाजपा कार्यालय पर जुटे पदाधिकारियों और समर्थकों ने इसे पार्टी के साथ क्षेत्र के लिए भी गौरव का अवसर बताया। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि राज्यसभा में श्रुति गंगवार क्षेत्र से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगी और विकास से संबंधित विषयों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में भूमिका निभाएंगी। जश्न के दौरान युवा भाजपा नेता विनय चौधरी, मुकेश शर्मा, सलीम हैदर, गुड्डू हसन, मियां जैदी, सुरेश कश्यप, अजय मौर्य, आरिफ बाबू, आसिफ हुसैन, मुतहिश मेंहदी, असगर अली, अजीत सागर, करन सागर और अर्जुन सिंह समेत अन्य स्थानीय कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

स्वागत के फूल, उम्मीदों की नई उड़ान

राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार बरेली पहुंचीं श्रुति गंगवार, जगह-जगह अभिनंदन के बीच जनसेवा की जिम्मेदारी पर टिकीं निगाहें

- फूलों से सजी राहें, कार्यकर्ताओं के चेहरों पर दिखी खुशी
- बहोरन लाल मौर्य की अगुवाई में ट्रांसपोर्ट नगर में हुआ भव्य स्वागत

जन माध्यम



बरेली। राज्यसभा की नई जिम्मेदारी के साथ जब श्रुति गंगवार शनिवार को पहली बार बरेली पहुंचीं तो सड़कों पर स्वागत का उत्साह और कार्यकर्ताओं के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। फतेहगंज पूर्वी से भारत सेवा ट्रस्ट तक जगह जगह हुए अभिनंदन ने उनके आगमन को खास बना दिया। कहीं फूलों की बारिश हुई तो कहीं फूलमालाओं से उनका इस्तकबाल किया गया। इस आत्मीय स्वागत में सियासी उत्साह के साथ संगठन के प्रति विश्वास और नई जिम्मेदारी से जुड़ी उम्मीदें भी दिखाई दीं। श्रुति गंगवार के स्वागत के लिए जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी। फतेहगंज पूर्वी और फरीदपुर से शुरू हुआ अभिनंदन का सिलसिला इन्वर्टिस विश्वविद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर और सेटेलाइट चौराहे से होता हुआ भारत सेवा ट्रस्ट तक पहुंचा। हर पड़ाव पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें राज्यसभा सांसद बनने की बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनकी आवाज सदन में जनता की अपेक्षाओं को मजबूती से उठाएगी।

जनसेवा ही हर कार्यकर्ता का संकल्प

ट्रांसपोर्ट नगर में पूर्व मंत्री एवं एमएलसी बहोरन लाल मौर्य के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर श्रुति गंगवार का अभिनंदन किया। श्रुति ने आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित है। संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का स्नेह और विश्वास उन्हें अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराता है। बहोरन लाल मौर्य ने उनके राज्यसभा सांसद बनने को संगठन के लिए खुशी का अवसर बताते हुए उम्मीद जताई कि वह सदन में जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. राघवेंद्र शर्मा और उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के उपसभापति रविन्द्र सिंह राठौर समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। राजकुमार शर्मा, पवन शर्मा, हर्षवर्धन आर्य, अनिल सक्सेना एडवोकेट, डॉ. त्रिवेणी दत्त, धर्म विजय गंगवार और क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी ने भी स्वागत किया। इसके अलावा वीरपाल गंगवार, डॉ. निर्भय गुर्जर, अंकित शुक्ला, विष्णु शर्मा, राहुल साहू, अभय चौहान, मीनाक्षी गंगवार, शिवम शर्मा, आरके कश्यप, संजय चौहान, अमित गुप्ता, राम प्रकाश गंगवार, अजय अरोरा, रामकिशन मौर्य, वेदपाल, राहुल राठी, नंदराम, अनुरोध सिंह, राजू हिंदुस्तानी, रमेश जैन और ललित अवस्थी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तीन दौड़, तीन गोल्ड... अंजली ने दिखाया दम

- 800, 1500 और 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज का बढ़ाया मान

जन माध्यम

नवाबगंज, बरेली। नगर के श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा अंजली ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अलग-अलग दौड़ों में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बरेली के डोरी लाल स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में अंजली ने अंडर-19 सीनियर वर्ग की 800 मीटर, 1500 मीटर और 3000 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया। उसने तीनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का दम दिखाया।

अंजली की इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली और संयुक्त शिक्षा निदेशक, बरेली मंडल की ओर से उसे प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। तीन अलग-अलग दूरी की दौड़ों में शीर्ष स्थान हासिल करना उसकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है।

छात्रा की सफलता की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल बन गया। विद्यालय के अध्यक्ष नत्थू लाल गंगवार, प्रबंधक प्रदीप कुमार सूरी और प्रधानाचार्य शम्भू दयाल समेत शिक्षकों ने अंजली को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि अंजली की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है और इससे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ेगा।

भरोसे के जेवर, शौक के आईफोन!

मौसी के घर दस साल से रह रही भांजी पर जेवर चोरी का आरोप, प्रेमी संग खरीदे महंगे फोन और लगवाया एसी

- जिस घर में मिली पनाह, वहीं भरोसा तोड़ने का आरोप
- सोने चांदी के जेवर बेचकर पूरे किए महंगे शौक

जन माध्यम



बरेली। रिश्तों की असल दौलत सोना चांदी नहीं, बल्कि भरोसा होता है। घर की चौखट जब किसी अपने को पनाह देती है तो उसके साथ अपनापन और यकीन भी जुड़ जाता है। मगर राजनगर कॉलोनी में सामने आए एक मामले ने इसी भरोसे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि करीब दस साल से मौसी के घर रह रही भांजी ने उन्हीं की अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। फिर उन जेवरों को बेचकर अपने और प्रेमी के लिए महंगे आईफोन खरीदे, घर में एसी लगवाया और बाकी रकम घूमने-फिरने में खर्च कर दी। मौसी की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलमारी खुली तो गायब थे जेवर राजनगर कॉलोनी निवासी संगीता यादव पत्नी संजीव कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी भांजियां शिप्रा यादव और इयशिता यादव करीब दस साल से उनके घर रह रही थीं। सात अक्टूबर को जब उन्होंने अलमारी में रखे जेवर देखे तो हार, दो सोने की चेन, दो अंगूठियां, चांदी की दो पायल और कमरबंद गायब मिले। पूछताछ के बाद संगीता ने छोटी भांजी इयशिता पर जेवर चोरी करने का आरोप लगाया। संगीता का आरोप है कि इयशिता ने जेवर अपने प्रेमी आशु यादव निवासी राजनगर कॉलोनी को दे दिए। इसके बाद दोनों ने उन्हें बेचकर अपने-अपने लिए आईफोन खरीद लिए। शिकायत के मुताबिक, बची रकम से मौसी के घर में एसी लगवाया गया और बाकी पैसे मौज-मस्ती में खर्च कर दिए गए।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश वर्मा का माया हॉस्पिटल में कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन



जन माध्यम

नवाबगंज, बरेली। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट राम नरेश वर्मा के नवाबगंज पहुंचने पर माया हॉस्पिटल में स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार और डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने एडवोकेट राम नरेश वर्मा का स्वागत कर सम्मान व्यक्त किया। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने प्रदेश उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

स्वागत कार्यक्रम में जयपाल वर्मा, सुशील वर्मा, धर्मेंद्र गंगवार, देवेश कुमार, धीरू गंगवार, महेंद्र गंगवार और राजा हिंदुस्तानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

दुकान पर सामान लेने गए ग्रामीण से मारपीट

शराब के नशे में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज



जन माध्यम

शाही, बरेली। थाना क्षेत्र के गांव सिहोरा में दुकान पर सामान लेने गए एक ग्रामीण के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने शराब के नशे में उससे गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिहोरा निवासी बीरबल पुत्र खमानी लाल ने पुलिस को बताया कि सात अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह गांव की एक दुकान पर घरेलू सामान लेने गया था। इसी दौरान गांव का ही हरीश कुमार पुत्र मान सिंह वहां पहुंचा और कथित तौर पर शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित के अनुसार जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद बीरबल ने थाना शाही पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सनक का तेजाब, डेढ़ साल बाद गिरफ्तारी

युवती से बातचीत की रंजिश में अंकुश पर हमले का आरोप, एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व और एसपी साउथ अंशिका वर्मा के निर्देशन में पुलिस को कामयाबी

- पुरानी रंजिश का खुलासा, अरिल नदी पुल से आरोपी गिरफ्तार
- कॉल डिटेल से खुली परतें, दूसरे साथी की भूमिका भी आई सामने

जन माध्यम



बरेली। मोहब्बत में उपजी रंजिश जब सनक का रूप ले ले तो उसका अंजाम किसी की जिंदगी पर गहरा जख्म छोड़ सकता है। आंवला में अंकुश पर हुए तेजाब हमले का मामला भी इसी दर्दनाक कहानी की ओर इशारा करता है। करीब डेढ़ साल पुराने इस मामले में पुलिस ने कासगंज निवासी चन्द्रकेश उर्फ चन्द्रवीर को गिरफ्तार किया है। शनिवार को एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने प्रेसवार्ता कर गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, युवती से बातचीत को लेकर उपजे विवाद के बाद आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर अंकुश पर तेजाब फेंकने की साजिश रची थी। बातचीत से शुरू हुई रंजिश, हमले तक पहुंची कहानी एसपी साउथ अंशिका वर्मा के अनुसार, पूछताछ में चन्द्रकेश ने बताया कि उसका एक युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती अंकुश से भी बातचीत करती थी। चन्द्रकेश ने अंकुश को उससे बात करने से मना किया, जिसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि इसी रंजिश में चन्द्रकेश ने अंकुश को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और अपने एक दोस्त को भी इसमें शामिल कर लिया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। सात मार्च 2025 को यादराम वर्मा की तहरीर पर आंवला थाने में 14 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में विवेचना भमोरा थानाध्यक्ष कुशलपाल सिंह को सौंपी गई। पुलिस का कहना है कि जांच और कॉल डिटेल के विश्लेषण में चन्द्रकेश की भूमिका सामने आई। हालांकि, पहले नामजद किए गए अन्य लोगों की भूमिका को लेकर पुलिस की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। पुलिस ने शनिवार दोपहर करीब 1:20 बजे आंवला अलीगंज मार्ग पर अरिल नदी के पुल से 25 वर्षीय चन्द्रकेश को गिरफ्तार कर लिया। वह कासगंज जिले के ढोलना थाना क्षेत्र के तबलपुर गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार, वारदात में उसका एक साथी भी शामिल था, लेकिन उसकी पहचान और गिरफ्तारी के संबंध में अभी जानकारी नहीं दी गई है। एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में अपराधों के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चल रहे प्रयासों के बीच यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है।

13 को सीएम का दौरा, शहर में रहेगा डायवर्जन

बदलेगी की यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों की नो एंट्री और बसों के बदले रास्ते निकलने से पहले जान लें नया रूट

- नावल्टी से थमे पहिए, सैटेलाइट से मिलेगी रोडवेज बसों को रवानगी
- छह प्रमुख चौराहों पर स्कूल बसों की राह होगी बंद

जन माध्यम



बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 13 अक्टूबर को प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सुबह सात बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक रहेगी। रोडवेज बसों के मार्ग भी बदले जाएंगे। ऐसे में घर से निकलने से पहले रास्ते की जानकारी लेना जरूरी होगा, ताकि जरूरी काम के दौरान जाम और अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से निर्धारित मार्गों का पालन करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

परसाखेड़ा रोड नंबर एक, विल्वा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्ट नगर, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से भारी वाहनों को शहर की ओर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दिल्ली और रामपुर से बदायूं जाने वाले वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास, विल्वा, विलयधाम, नवदिया झादा, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा और भमौरा होकर निकलेंगे। वापसी में भी यही मार्ग रहेगा। दिल्ली और रामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास, विल्वा, विलयधाम, फरीदपुर और फतेहगंज पूर्वी से गुजरेंगे। लखनऊ से दिल्ली जाने वाले वाहन फरीदपुर और इन्वर्टिस तिराहे से बड़ा बाईपास पहुंचेंगे। बदायूं से बरेली आने वाले भारी वाहन भमौरा, देवचरा, दातागंज और फतेहगंज पूर्वी होते हुए इन्वर्टिस विश्वविद्यालय से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। नावल्टी स्थित पुराने रोडवेज बस अड्डे से बसों का संचालन बंद रहेगा। सभी रोडवेज बसें सैटेलाइट बस अड्डे से संचालित होंगी। दिल्ली और रामपुर से आने वाली बसें झुमका तिराहा, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, इज्जतनगर तिराहा, आईवीआरआई रोड, डेलापीर, सौ फुटा और सुरेश शर्मा नगर होकर सैटेलाइट पहुंचेंगी। पीलीभीत से आने वाली बसें विलयधाम, बैरियर दो और सौ फुटा होते हुए सैटेलाइट जाएंगी। बरेली से बदायूं जाने वाली बसें इन्वर्टिस तिराहा, फतेहगंज पूर्वी, बुखारा मोड़ और देवचरा होकर चलेंगी। शाहजहांपुर और लखनऊ से आने वाली बसें इन्वर्टिस तिराहे से सैटेलाइट पहुंचेंगी।

धान काट रही युवती को सांप ने डंसा, हालत गंभीर, जिला अस्पताल में उपचार जारी

जन माध्यम

नवाबगंज, बरेली। थाना क्षेत्र के कुंवरपुर बंजरिया गांव में शनिवार सुबह खेत में धान काट रही 22 वर्षीय कविता को सांप ने डस लिया। जहर फैलने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे बरेली के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक कविता सुबह खेत में धान काटने गई थी। बारिश के कारण खेत में पानी भरा हुआ था। धान काटते समय झाड़ियों में छिपे सांप ने अचानक उसके पैर में डस लिया।

सांप के डसते ही कविता दर्द से चीख पड़ी। उसकी आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए।

जिला अस्पताल में डॉ. वैभव शुक्ला की देखरेख में कविता का उपचार किया जा रहा है। परिजनों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

थिरके कदम, बोल उठी संस्कृति

ममता महाराज की कथक साधना से रोशन हुई गुरु शिष्य परंपरा, 47 प्रतिभागियों ने सीखी भाव और लय की अनूठी भाषा

- घुंघरुओं की झंकार में जीवंत हुई बिरजू महाराज की विरासत
- तीन दिन तक कथक के भाव, ताल और अभिनय का चला रियाज

जन माध्यम



बरेली। कुछ कलाएं केवल सीखी नहीं जातीं, उन्हें महसूस किया जाता है। उनकी हर थाप में इतिहास सांस लेता है, हर भाव में एक कहानी धड़कती है और हर घूमते कदम में सदियों पुरानी संस्कृति की खुशबू बसती है। कथक भी ऐसी ही कला है, जिसमें आंखों की जुबां, पैरों की थिरकन और चेहरे के भाव बिना कुछ कहे दिल तक पहुंच जाते हैं। एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित तीन दिवसीय कथांगिक कथक कार्यशाला का समापन इसी सांस्कृतिक सौंदर्य और कला साधना की यादगार छाप छोड़ गया।

आठ से दस अक्टूबर तक चली इस कार्यशाला में सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना, कोरियोग्राफर और गुरु विदुषी ममता महाराज ने 47 प्रतिभागियों को कथक की बारीकियों से रूबरू कराया। वह विश्वविख्यात कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज की पुत्री और लखनऊ घराने की प्रतिष्ठित कलाकार हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को केवल नृत्य की तकनीक ही नहीं, बल्कि भावों को जीने और अभिव्यक्ति को आत्मा से जोड़ने की सीख भी मिली। जब भावों ने ओढ़ी लय की चादर तत्कार, पद संचालन, चक्कर, ताल और अभिनय के अभ्यास के बीच जनसम्मोहिनी तराना तीनताल की तिहाई, टुकड़ा, परमेलू और लड़ी जैसी रचनाओं ने प्रशिक्षण को विशेष बनाया। पंडित बिंदादीन महाराज की प्रसिद्ध ठुमरी आवत श्याम लचक चले मुकुट धरे पर अभ्यास ने प्रतिभागियों को भावाभिनय की नजाकत समझने का अवसर दिया। यहां घुंघरुओं की आवाज महज संगीत नहीं, बल्कि परंपरा को आगे बढ़ाने का पैगाम बनी। गुरुओं की सीख, सुरों का साथ कार्यशाला का शुभारंभ विदुषी ममता महाराज और एसआरएमएस रिद्धिमा की सलाहकार डॉ. रीता शर्मा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



शीशगढ़ पुलिस ने दो फरार वारंटी गिरफ्तार किए



न्यायालय के वारंट पर शाहपुर और गुलड़िया भवानी में कार्रवाई, दोनों को भेजा जेल

जन माध्यम

शीशगढ़, बरेली। न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों के अनुपालन में शीशगढ़ पुलिस ने शनिवार को दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक उत्तरी और क्षेत्राधिकारी बहेड़ी के पर्यवेक्षण में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मुकदमों में वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में परमिंदर सिंह पुत्र रामधुन निवासी ग्राम शाहपुर और किरनदीप सिंह पुत्र हरदीप सिंह निवासी ग्राम गुलड़िया भवानी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी थे। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

रिछा इंडस्ट्रीज के बिजली संकट पर महकमा हरकत में

जन माध्यम में चावल उद्योग की बदहाल बिजली व्यवस्था का मुद्दा उठने के बाद तेज हुई विभागीय सक्रियता

चीफ इंजीनियर के निर्देश पर रिछा पहुंचे एसडीओ, एसोसिएशन अध्यक्ष से जानी समस्या

ट्रिपिंग, ओवरलोड और लाइन बाइफरकेशन पर एक सप्ताह में सुधार का रोडमैप

जन माध्यम



रिछा, बरेली। चावल नगरी रिछा में पीक सीजन के बीच लड़खड़ाती बिजली व्यवस्था और उससे प्रभावित हो रहे उद्योग की समस्या जन माध्यम में प्रमुखता से उठने के बाद बिजली महकमे की सक्रियता बढ़ी है। रिछा राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी ने मुख्य अभियंता अखिलेश कुमार सिंह से मुलाकात कर ट्रिपिंग, ओवरलोड, जंपर फुंकने और तार टूटने से हो रही दिक्कतों का विस्तृत ब्यौरा रखा। मामले की गंभीरता देखते हुए मुख्य अभियंता ने अधीनस्थ अधिकारियों को कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़कर समाधान का रोडमैप तैयार कराया और एक सप्ताह में आवश्यक काम पूरे करने को कहा। इस कवायद का असर शनिवार को भी दिखाई दिया। मुख्य अभियंता के निर्देश पर एसडीओ बहेड़ी एसके शर्मा रिछा पहुंचे और अतहर हुसैन नियाजी से उनकी मिल पर मुलाकात कर औद्योगिक क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की जमीनी स्थिति समझी। एसडीओ ने भरोसा दिलाया कि सामने आ रही दिक्कतों का चरणबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा। उद्योगों से जुड़ी ग्रामीण लाइन को अलग किए जाने की जानकारी भी दी गई। नियाजी के अनुसार मुख्य अभियंता को बताया गया कि कई बार आधे घंटे में चार-पांच बार तक बिजली ट्रिप हो जाती है। मशीनें बार-बार रुकने से उत्पादन प्रभावित होता है और चावल मिल संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

मुख्य अभियंता ने अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई और संबंधित ठेकेदार से करीब एक घंटे तक कॉन्फ्रेंस पर चर्चा की। लाइन बाइफरकेशन, ओवरलोड और ट्रिपिंग से जुड़े मसलों पर तत्काल काम करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र को निर्बाध बिजली आपूर्ति प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने को कहा।

टॉफी लेकर लौट रहे मासूम भाइयों पर कुत्ते का हमला

पांच साल के जैद और तीन साल के असद के चेहरे व होंठ पर गहरे जख्म, ग्रामीणों ने बचाया; मां ने कोतवाली में दी तहरीर

जन माध्यम



बहेड़ी, बरेली। दुकान से टॉफी लेकर घर लौट रहे दो मासूम भाइयों पर शनिवार दोपहर गांव अर्सियाबोझ में एक पालतू कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। पांच वर्षीय जैद और तीन वर्षीय असद कुत्ते के हमले में बुरी तरह घायल हो गए। दोनों के चेहरे, होंठ, नाक और हाथों पर गंभीर जख्म आए हैं। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े और किसी तरह कुत्ते को भगाकर उन्हें बचाया। जानकारी के अनुसार दोनों भाई दोपहर में दुकान से टॉफी लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पालतू कुत्ता उन पर टूट पड़ा। हमले की तीव्रता इतनी थी कि बच्चों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कुत्ते ने दोनों को कई जगह काट लिया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। मासूमों की चीखें सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकले और मौके पर पहुंचकर कुत्ते को दूर भगाया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजन भी दहशत में आ गए। बच्चों की मां साबिया ने कोतवाली बहेड़ी पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी है। उन्होंने मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद ग्रामीणों ने भी पालतू जानवरों की निगरानी और छोटे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। अब पुलिस की कार्रवाई और कुत्ते के मालिक की जिम्मेदारी तय किए जाने पर निगाह है।

रामगंगा में नहाते समय युवक डूबा, तलाश जारी

कपूरपुर के पास तेज बहाव की चपेट में आया अंकित, पुलिस-फायर ब्रिगेड और फ्लड यूनिट जुटी

जन माध्यम



मीरगंज, बरेली। थाना क्षेत्र के गांव कपूरपुर के पास रामगंगा नदी में नहाने गए तीन युवकों में से एक युवक तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह गहरे पानी में चला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, पीआरवी और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों और पीएसी की फ्लड यूनिट की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंकित पुत्र रतिपाल सिंह ठाकुर अपने साथी सचिन (24) पुत्र विजेंद्र सिंह और अंश (17) पुत्र मनोज सिंह के साथ खेतों की ओर गया था। खेत के पास ही रामगंगा नदी का कटान क्षेत्र है, जहां तीनों नहाने के लिए उतर गए। बताया गया कि नहाते समय अचानक तेज बहाव की वजह से अंकित गहरे पानी में चला गया और बहने लगा। सचिन और अंश ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। उनकी चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में मौजूद अंकित के बड़े भाई आदेश और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक अंकित पानी में ओझल हो चुका था। क्षेत्र में रामगंगा का कटान पहले भी चिंता का कारण रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार नदी का बहाव और कटान गांव की ओर बढ़ा है, जिससे किनारों के आसपास खतरा बना रहता है। घटना के बाद पुलिस और राहत टीमें तलाश अभियान में जुटी हैं। पीएसी की फ्लड यूनिट से भी संपर्क किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार मौके पर स्थिति नियंत्रण में है और कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। युवक के लापता होने से परिवार में कोहराम मचा है और ग्रामीण नदी किनारे जुटे हुए हैं।

जंतर-मंतर प्रदर्शन से पहले युवा किसान नेता होम अरेस्ट



जन माध्यम

नवाबगंज, बरेली। जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को नवाबगंज पुलिस ने युवा किसान नेता अर्जुन गंगवार को उनके घर पर ही रोक दिया। संगठन से जुड़े लोगों ने इस कार्रवाई को 'होम अरेस्ट' बताया है। जानकारी के अनुसार अर्जुन गंगवार जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने की तैयारी में थे। इसी दौरान पुलिस उनके आवास पर पहुंची और उन्हें बाहर जाने से रोक दिया। इसके चलते वह प्रदर्शन में शामिल होने नहीं जा सके। युवा किसान नेता को घर पर रोके जाने की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र में इसकी चर्चा शुरू हो गई। कार्रवाई को जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से अर्जुन गंगवार को घर पर रोके जाने का आधिकारिक कारण अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। न ही यह जानकारी सामने आई है कि यह कार्रवाई किसी लिखित आदेश के तहत की गई या एहतियाती तौर पर। मामले में पुलिस का विस्तृत पक्ष और अर्जुन गंगवार की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

विधवा के घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

शादी का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप, मोबाइल तोड़ने की शिकायत

जन माध्यम



शीशगढ़, बरेली। थाना क्षेत्र के ग्राम लहसोई निवासी एक विधवा महिला ने युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट, कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रिमझिम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु के बाद से ग्राम बेगमादाबाद, थाना खजुरिया, जनपद रामपुर निवासी कौशल कुमार मौर्य पुत्र रामपाल कथित तौर पर उस पर गलत नजर रखता था। महिला के अनुसार आरोपी रिश्तेदारी में उसकी जिठानी की बुआ का लड़का है और वह उस पर शादी का दबाव बनाता था। मना करने पर फोन पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। तहरीर के मुताबिक आठ अक्टूबर की रात आरोपी कथित रूप से घर की दीवार लांघकर अंदर घुस आया। महिला का आरोप है कि उसने उसे दबोच लिया और अश्लील हरकतें करते हुए शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की गई तथा कपड़े फाड़ दिए गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया, जिससे वह तत्काल किसी से मदद न मांग सके। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कौशल कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपों की वास्तविकता पुलिस विवेचना और आगे की न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्ट होगी।

फीता काटकर हुआ रामलीला मेले का शुभारंभ

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने किया उद्घाटन, 23 अक्टूबर तक चलेगा आयोजन

जन माध्यम



फतेहगंज पश्चिमी, बरेली। कस्बे में आयोजित रामलीला मेले का शुक्रवार देर शाम भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने और आदर्श समाज के निर्माण का संदेश दिया। शुक्रवार शाम करीब साढ़े आठ बजे मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह और एमएलसी जयपाल व्यस्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा, न्याय और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनके पदचिह्नों पर चलकर समाज में शांति, अनुशासन और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था संबंधी नीतियों का भी उल्लेख किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बहराइच से आई अमित शर्मा की 24 सदस्यीय मंडली रामलीला का मंचन करेगी। आयोजन 9 से 23 अक्टूबर तक चलेगा। 13 अक्टूबर को राम बरात निकाली जाएगी और इसी दिन एक गरीब कन्या का विवाह भी कराया जाएगा। 20 अक्टूबर को दशहरा तथा 23 अक्टूबर को राजगद्दी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के संगठन प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष राज चौहान, मुख्यालय प्रभारी गौरव श्रीवास्तव, महिपाल सिंह, संजय सिंह चौहान, चक्रवीर सिंह चौहान, सुनील पांडेय, कैलाश अग्रवाल, विजय गुप्ता, नरेश ऐरन, सुमित सिंह, प्रेम प्रकाश गर्ग और उमेश साहू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

80 वर्षीय वृद्धा से शांतिभंग की आशंका, पुलिस कार्रवाई पर सवाल

छड़ी और व्हीलचेयर के सहारे चलने वाली रामा देवी को मुचलका पाबंद किया, शिकायत पर डीएम ने गठित की कमेटी

जन माध्यम



देवरनिया, बरेली। छड़ी और व्हीलचेयर के सहारे चलने वाली 80 वर्षीय वृद्धा को शांतिभंग की आशंका में मुचलका पाबंद किए जाने के मामले ने देवरनिया पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जमुनिया गांव निवासी रामा देवी की शिकायत पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने सात सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। रामा देवी के पति का काफी समय पहले निधन हो चुका है। वृद्धा ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर लगे पेड़ काटकर बेच दिए गए थे। इस संबंध में उन्होंने देवरनिया कोतवाली में शिकायत की थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने पेड़ काटने के मामले की जांच कर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें और दूसरे पक्ष के युवक को ही शांतिभंग की आशंका में पाबंद कर दिया। इसी कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जो वृद्धा बिना सहारे चलने में भी असमर्थ है, उससे आखिर किस तरह की शांतिभंग की आशंका थी? हालांकि पुलिस ने किन परिस्थितियों और किन तथ्यों के आधार पर यह कार्रवाई की, इसका आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका है। रामा देवी के अनुसार उनकी शिकायत पर जिलाधिकारी ने सात सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में कोतवाली प्रभारी अचल कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठने के कारण पुलिस का पक्ष नहीं मिल सका। अब जांच कमेटी की रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा कि वृद्धा के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई किन आधारों पर की गई और पुलिस की कार्यवाही प्रक्रिया के अनुरूप थी या नहीं।

मीरगंज में मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि, विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



जन माध्यम

मीरगंज, बरेली। समाजवादी पार्टी के संरक्षक रहे मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि शनिवार को 119 विधानसभा मीरगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने की। इस दौरान वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन, समाजवादी विचारधारा और समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने लंबे राजनीतिक जीवन में संगठन और जनसरोकारों को प्राथमिकता दी। कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाजवादी पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. पूनम गंगवार, सरदार हरभजन सिंह, महेंद्र सिंह गंगवार, अरविंद यादव लोधी, गंगा सिंह राजपूत, विधानसभा महासचिव शिवम सक्सेना, मनोज शर्मा, राजू भारती, तुलाराम राजपूत, कांति देवी वर्मा, धीरेंद्र यादव, धर्मवीर शर्मा, कुंवरसेन राजपूत, नंदराम वर्मा और सुंदर लाल गंगवार समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गणित ओलंपियाड में जोया अव्वल, कृष्णा दूसरे स्थान पर

रिछा ब्लॉक के 38 विद्यार्थियों ने लिया भाग, श्रेष्ठ 10 का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

जन माध्यम



देवरनिया, बरेली। ब्लॉक संसाधन केंद्र रिछा (दमखोदा) में खंड शिक्षा अधिकारी शीशपाल सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विकासखंड रिछा (दमखोदा) के परिषदीय उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों से विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रत्येक विद्यालय से दो सर्वश्रेष्ठ बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया। कुल 38 विद्यार्थियों ने अपनी गणितीय दक्षता और तार्किक क्षमता का प्रदर्शन किया। इनमें से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड के लिए किया गया। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय राठ की छात्रा जोया फातमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पैगा के छात्र कृष्णा दूसरे और उच्च प्राथमिक विद्यालय अभयपुर के छात्र आशु हुसैन तीसरे स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के दौरान एआरपी अंग्रेजी हेमराज और एआरपी सामाजिक विज्ञान मुकेश कुमार पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी शिक्षक प्रभुनाथ प्रसाद ने संभाली, जबकि मूल्यांकन कार्य अनमोल शर्मा, हरप्रीत सिंह और गौरव कुमार पंत ने किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह, पूर्व एआरपी हरीश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष ब्रह्मदेव आर्य, डीएन मिश्रा, ओमकार, लेखाकार मोहम्मद इमरान खान, अनुज गंगवार, उवैस खान, सुधीर राजपूत समेत बीआरसी स्टाफ और शिक्षक मौजूद रहे।

बेमौसम बारिश ने राइस मिल संचालकों की कमर तोड़ी

खुले में रखा हजारों क्विंटल धान भीगा, सैकड़ों बोरियां और बारदाना भी खराब; करोड़ों के नुकसान का दावा

जन माध्यम



नवाबगंज, बरेली। बेमौसम बारिश ने किसानों के साथ राइस मिल संचालकों की भी चिंता बढ़ा दी है। नवादा क्षेत्र में खुले में सुखाया जा रहा हजारों क्विंटल धान तेज बारिश में भीग गया। मिल संचालकों का दावा है कि पानी लगने से धान की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हुई है और बड़ी मात्रा में रखा माल सड़ने लगा है। नवादा स्थित राइस मिल के संचालक हाजी शकील और जुम्मा सिद्दीकी ने बताया कि अचानक हुई तेज बारिश के कारण धान को सुरक्षित करने का पर्याप्त समय नहीं मिल सका। खुले में रखा धान भीगने के साथ मिलों में रखी सैकड़ों बोरियां भी पानी की चपेट में आ गईं। हाजी शकील के मुताबिक बारिश से उन्हें करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपये तक के नुकसान का अंदेशा है। उनका कहना है कि धान के साथ बारदाना भी भीगकर खराब हो गया, जिससे आर्थिक मार और बढ़ गई है। हालांकि नुकसान की वास्तविक राशि का निर्धारण सर्वे और आकलन के बाद ही हो सकेगा। मिल संचालकों का कहना है कि धान के सीजन में इस तरह की बारिश उनके लिए दोहरी आफत बन गई है। एक तरफ खरीदा गया माल खराब होने का खतरा है, दूसरी ओर उत्पादन और सप्लाई पर भी असर पड़ सकता है। प्रभावित राइस मिल संचालकों ने शासन-प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराने और बीमा कंपनियों के माध्यम से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय पर राहत नहीं मिली तो बड़ी आर्थिक क्षति से उबरना मुश्किल हो सकता है।

होम्योपैथी पर बड़ा दावा, बीमारी की जड़ तक पहुंचने की बात

डॉ. सुमंत शुक्ला ने कैंसर और मधुमेह के उपचार पर रखी राय, चिकित्सा दावों की पुष्टि जरूरी

जन माध्यम



शंकरगढ़, प्रयागराज। त्वरित राहत की चाह में लोग अक्सर ऐसे उपचार की तलाश करते हैं, जिसका असर जल्द दिखाई दे। इसी बीच होम्योपैथी को लेकर शंकरगढ़ के चिकित्सक डॉ. सुमंत शुक्ला ने इसके व्यक्ति-केंद्रित उपचार पर जोर दिया है। उनका कहना है कि इस पद्धति में रोगी के शारीरिक लक्षणों के साथ उसके स्वभाव, मानसिक स्थिति और भावनात्मक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाता है। पुरानी बाजार के वार्ड नंबर दो, शिक्षक नगर स्थित शुक्ला होम्योपैथिक क्लीनिक के प्रबंधक डॉ. सुमंत शुक्ला ने बातचीत में कहा कि रोगी अपनी परेशानी स्पष्ट रूप से बताए, तो उपचार की दिशा तय करने में मदद मिलती है। उनके मुताबिक, होम्योपैथी का उद्देश्य केवल लक्षणों पर ध्यान देना नहीं, बल्कि बीमारी के मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करना है। कैंसर के संबंध में डॉ. शुक्ला ने कहा कि बीमारी की अवस्था उपचार में अहम भूमिका निभाती है और शुरुआती चरण में रोग की पहचान जरूरी है। मधुमेह पर उन्होंने अनुशासित दिनचर्या, संतुलित खानपान, सुबह की सैर और नियमित चिकित्सकीय परामर्श को महत्वपूर्ण बताया। हालांकि, कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों में होम्योपैथी से उपचार या नियंत्रण के संबंध में किए गए दावों को स्थापित वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर ही स्वीकार किया जाना चाहिए। इन बीमारियों में प्रमाणित उपचार में देरी करना नुकसानदेह हो सकता है। मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह के बिना निर्धारित दवाएं बंद नहीं करनी चाहिए और न ही इलाज की पद्धति बदलनी चाहिए।

जारी बाजार में गंदगी और दूषित पानी, महापौर से लगाई गुहार

कोरांव से लौटते समय व्यापारियों ने घेरा, सफाई व्यवस्था सुधारने और स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने का मिला आश्वासन

जन माध्यम



कौंधियारा, प्रयागराज। राष्ट्रीय रीवा राजमार्ग पर स्थित जारी बाजार में गंदगी और दूषित जलापूर्ति की समस्या को लेकर व्यापारियों ने महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी के सामने अपनी परेशानी रखी। शुक्रवार रात करीब नौ बजे कोरांव से लौटते समय महापौर बाजार में रुके, जहां स्थानीय व्यापारियों ने उन्हें घेरकर समस्याओं से अवगत कराया। जितेंद्र केसरवानी उर्फ बबलू जारी के आवास पर चाय पर चर्चा के दौरान व्यापारियों ने बताया कि बाजार में सफाई व्यवस्था बदहाल है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और नालियां जाम हैं। इससे उठने वाली दुर्गंध के कारण दुकानदारों और बाजार आने वाले ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यापारियों का कहना था कि गंदगी का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। व्यापारियों ने दूषित जलापूर्ति का मुद्दा भी उठाया। उनका आरोप है कि नलों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे लोगों की सेहत को लेकर चिंता बनी हुई है। उन्होंने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जारी बाजार यमुनानगर का महत्वपूर्ण बाजार है और यहां की समस्याओं की अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात कर सफाई व्यवस्था और जलापूर्ति जल्द दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान बबलू जारी, पप्पू सोनी, अजय केसरवानी, डब्लू केसरवानी, संदीप जायसवाल, संतोष केसरवानी, सतीश गुप्ता, बृजेश अग्रहरि, दीपक जायसवाल, रिशु मोदनवाल और शुभम केसरवानी समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने आश्वासन पर संतोष जताया। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि बाजार की समस्याओं का समाधान कितनी जल्दी होता है।

नीलम करवरिया कप का आगाज, पहले दिन दो टीमों ने मारी बाजी

सीजन-2 के शुरुआती मुकाबलों में शहर पश्चिमी और फूलपुर की जीत, युवा क्रिकेटरों के प्रदर्शन ने दर्शकों में भरा उत्साह

जन माध्यम



प्रयागराज। पूर्व विधायक स्वर्गीय नीलम करवरिया की स्मृति में आयोजित नीलम करवरिया कप सीजन-2 का शुभारंभ हो गया। प्रतियोगिता के पहले ही दिन क्रिकेट का रोमांच देखने को मिला, जहां शहर पश्चिमी और फूलपुर की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार शुरुआत की। मैदान पर खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। बल्लेबाजों ने आकर्षक शॉट लगाए तो गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी से विपक्षी टीमों पर दबाव बनाए रखा। हर चौके-छक्के और विकेट पर दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। दोनों मुकाबलों में कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन आखिरकार शहर पश्चिमी और फूलपुर की टीमों ने जीत अपने नाम कर ली। जीत के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों में उत्साह नजर आया। खिलाड़ियों ने कहा कि शुरुआती जीत से उन्हें टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों के लिए हौसला मिलेगा। नीलम करवरिया कप का उद्देश्य प्रयागराज की युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देना है। ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खेलने और अपनी प्रतिभा निखारने का मंच उपलब्ध कराती हैं। साथ ही खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने में भी योगदान देती हैं।+

बाल पकड़कर घसीटा, सफाईकर्मी महिला से मारपीट में 10 पर केस

कौंधियारा में छह नामजद और चार अज्ञात पर मुकदमा, घटना का वीडियो पुलिस को सौंपा

जन माध्यम



कौंधियारा, प्रयागराज। सफाई का काम करने वाली महिला के साथ मारपीट और बाल पकड़कर घसीटने का मामला सामने आया है। कौंधियारा थाना क्षेत्र में हुई घटना ने महिला की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद और चार अज्ञात लोगों समेत दस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता गौरा बिंद कनक अस्पताल में काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि सात अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अस्पताल मालिक राममिलन के दूसरे मकान में सीमन रख रही थी। इसी दौरान बरेठिया गांव के चंद्रिका प्रसाद, विपिन, अंकित, मालती, मुन्ना गौतम, संतोष और तीन-चार अन्य लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता के जमीन पर गिरने के बाद चंद्रिका प्रसाद ने उसके बाल पकड़कर घसीटा। चीख-पुकार सुनकर अस्पताल का स्टाफ और मालिक राममिलन मौके पर पहुंचे और महिला को बचाया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जाते समय हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मारपीट में महिला को चोटें भी आई हैं। घटना के दौरान पीड़िता के एक सहयोगी ने वीडियो बना लिया, जिसे पुलिस को साक्ष्य के तौर पर सौंपा गया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय के मुताबिक, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वीडियो के जरिए मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द कार्रवाई की बात कही है। फिलहाल आरोपों की जांच जारी है और मामले में संबंधित पक्ष का विस्तृत बयान सामने नहीं आया है।

शौचालय की गंदगी से बेहाल बच्चे, स्वच्छता के दावों पर सवाल

शिवराजपुर चौराहे पर दुर्गंध से पढ़ाई और कारोबार प्रभावित होने का आरोप, ग्रामीणों ने सफाई और कार्रवाई की मांग उठाई

जन माध्यम



प्रयागराज। स्वच्छता के दावों के बीच बांदा-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग-35 पर स्थित शिवराजपुर चौराहे के सार्वजनिक शौचालय की बदहाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शौचालय और पेशाबघर में फैली गंदगी से आसपास के दुकानदारों के साथ प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर के बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रयागराज, बांदा और चित्रकूट को जोड़ने वाले इस प्रमुख चौराहे पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में बसें रुकती हैं और यात्री आते-जाते हैं। आरोप है कि सार्वजनिक शौचालय की दुर्दशा के कारण लोग उसका इस्तेमाल करने से कतराते हैं। मजबूरी में कुछ लोग विद्यालय की दीवार के किनारे पेशाब करते हैं, जिससे दुर्गंध कक्षाओं तक पहुंचती है। शिक्षकों का कहना है कि पांच से दस वर्ष की उम्र के बच्चे बदबू से परेशान रहते हैं। कई बच्चों को उल्टी जैसा महसूस होता है और मध्याह्न भोजन करने में भी दिक्कत होती है। इससे पढ़ाई पर असर पड़ने की शिकायत की गई है। चौराहे पर करीब 20 से 25 दुकानें हैं। दुकानदारों के मुताबिक, दुर्गंध के कारण ग्राहकों को परेशानी होती है और कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने शौचालय की सफाई व्यवस्था और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी तय करने की मांग उठाई है।

पकी फसल पर ट्रैक्टर चला, इंसाफ के लिए भटक रहा किसान

शंकरगढ़ के बिहरिया गांव में साढ़े चार बीघा अरहर और तिल की फसल नष्ट करने का आरोप, कार्रवाई और मुआवजे की मांग

जन माध्यम



शंकरगढ़, प्रयागराज। यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बिहरिया गांव में साढ़े चार बीघा खड़ी फसल को ट्रैक्टर से नष्ट करने का मामला सामने आया है। किसान अमर बहादुर सिंह ने कुछ लोगों पर फसल बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से इंसाफ की गुहार लगाई है। अमर बहादुर सिंह के मुताबिक, मौजा बिहरिया स्थित आराजी संख्या 55 मि. में उन्होंने साढ़े चार बीघा जमीन पर अरहर और तिल की फसल बोई थी। फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी। आरोप है कि 23 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 12 बजे विपक्षियों ने ट्रैक्टर चलाकर पूरी फसल नष्ट कर दी। किसान ने बताया कि घटना के वक्त उनका बेटा राजकुमार खेत की ओर जा रहा था। उसने खेत में ट्रैक्टर चलते देखा, जबकि सड़क पर 10 से 15 लोग असलहों के साथ खड़े थे। हथियारबंद लोगों की मौजूदगी के कारण वह विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सका और दूर पेड़ के पास खड़े होकर घटना देखता रहा। फसल बर्बाद करने के बाद सभी लोग वहां से चले गए। पीड़ित का कहना है कि महीनों की मेहनत पल भर में बर्बाद हो गई। उन्होंने 26 सितंबर को शंकरगढ़ थाना दिवस और 3 अक्टूबर को बारा तहसील दिवस में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन उनके मुताबिक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब 10 अक्टूबर को दोबारा प्रार्थनापत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करने, आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, फसल के नुकसान का मुआवजा और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। मामले में संबंधित पक्ष का जवाब और प्रशासन की कार्रवाई सामने आने के बाद ही आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

विकास के नाम पर भुगतान, जमीन पर काम का हिसाब कौन देगा?

शंकरगढ़ की ग्राम पंचायतों में फर्जी बिलों से सरकारी धन निकालने के आरोप, ग्रामीणों ने मांगी निष्पक्ष जांच

जन माध्यम



शंकरगढ़, प्रयागराज। गांवों की तरक्की के लिए आवंटित सरकारी धन का इस्तेमाल विकास कार्यों में हो रहा है या कागजों पर ही हिसाब-किताब पूरा किया जा रहा है? विकासखंड शंकरगढ़ की ग्राम पंचायतों में भुगतान को लेकर उठे सवालों ने पंचायतों की कार्यप्रणाली पर निगरानी की जरूरत बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कई पंचायतों में प्रधान, सचिव और फर्म संचालकों की मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग का खेल चल रहा है। आरोप है कि प्रिंटर मरम्मत, आरसीसी सीट, स्टोन डस्ट, हैंडपंप मरम्मत, स्टेशनरी, रंगाई-पुताई, इंटरलॉकिंग और उपकरणों की खरीद के नाम पर लगातार भुगतान दिखाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि कई काम मौके पर हुए ही नहीं, जबकि कुछ मदों में एक ही कार्य के नाम पर दो-दो और तीन-तीन बार भुगतान कराया गया। कार्यदायी फर्मों की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है। आरोप है कि बिना काम कराए बिल-वाउचर तैयार कर भुगतान लिया गया। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

मामले में सबसे अहम सवाल भुगतान की प्रक्रिया और सत्यापन को लेकर है। क्या बिलों की जांच, माप पुस्तिका का मिलान और कार्यपूर्ति प्रमाणपत्रों का सत्यापन नियमानुसार हुआ? यदि काम कराया गया है तो उसका भौतिक प्रमाण भी सामने आना चाहिए।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पंचायतों के खर्च का ब्योरा 'मेरी पंचायत' ऐप पर उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई है। ऐसे में संबंधित अभिलेखों और मौके पर हुए कार्यों का मिलान जांच को अहम बना सकता है। फिलहाल संबंधित अधिकारियों और आरोपित पक्ष का जवाब उपलब्ध नहीं है।

ठाणे हत्याकांड के दो शूटर नैनी में गिरफ्तार, मुंबई तक मचा हड़कंप

मुंबई क्राइम ब्रांच और यूपी एसटीएफ का संयुक्त अभियान, हत्या के बाद से फरार अमित सिंह और संतोष कनौजिया पुलिस के हत्थे चढ़े

जन माध्यम



प्रयागराज। महाराष्ट्र के ठाणे में शिवसेना नेता की हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को प्रयागराज के नैनी इलाके से गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है। मुंबई क्राइम ब्रांच और उत्तर प्रदेश एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त कार्रवाई में दोनों को पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक, ठाणे में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के पदाधिकारी प्रदीप उर्फ बाला पूर्णेकर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस को दो कथित शूटरों की तलाश थी। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद दोनों लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपकर रह रहे थे।

पुलिस को इनपुट मिला कि दोनों आरोपी प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना की पुष्टि के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम प्रयागराज पहुंची और स्थानीय एसटीएफ इकाई से संपर्क किया। इसके बाद दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से दबिश देकर अमित सिंह और संतोष कनौजिया को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान दोनों ने कथित तौर पर ठाणे हत्याकांड में अपनी भूमिका स्वीकार की है। हालांकि, मामले में उनकी भूमिका और अन्य तथ्यों की पुष्टि जांच तथा न्यायिक प्रक्रिया के दौरान होगी। एसटीएफ ने दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच के सुपुर्द कर दिया है। उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले जाने की प्रक्रिया बताई गई है। वहां पुलिस हत्या में इस्तेमाल हथियार, वारदात की साजिश और अन्य संभावित पहलुओं को लेकर पूछताछ करेगी। मामले में आगे की जानकारी जांच पूरी होने के बाद सामने आने की उम्मीद है।

दुर्गा पूजा और दशहरे पर पुलिस की तैयारी, अधिकारियों को सख्त निर्देश

डीसीपी यमुनानगर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की समीक्षा, भीड़ प्रबंधन, महिला सुरक्षा और अफवाहों पर निगरानी के निर्देश

जन माध्यम



प्रयागराज। दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रयागराज पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नौ अक्टूबर 2026 को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर ने जोन के सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में डीसीपी ने निर्देश दिए कि दुर्गा पूजा पंडालों और दशहरा मेला स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पूजा समितियों और आयोजकों के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के साथ सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित होने वाली सामग्री पर भी सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए गए, जिससे अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं को फैलने से रोका जा सके। बैठक में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने और मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन कराने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

सदियों पुराने ग्रंथों ने खोले भारतीय ज्ञान परंपरा के अनमोल पन्ने

झूंसी में राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान दुर्लभ पांडुलिपियों की छायाचित्र प्रदर्शनी, वेदों से रामायण-महाभारत तक की विरासत प्रदर्शित

जन माध्यम

प्रयागराज। भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत और प्राचीन ग्रंथों के महत्व को सामने लाने के लिए शनिवार को गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, झूंसी में दुर्लभ पांडुलिपियों की छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। 'भारतीय ज्ञान प्रणाली : पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक चुनौतियों के बीच सेतु' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय, संस्कृति विभाग प्रयागराज की ओर से यह प्रदर्शनी आयोजित की गई।

प्रदर्शनी का उद्घाटन ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. अजय तनेजा और जीबी पंत संस्थान के निदेशक प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नीति आयोग के डॉ. कुमार संजय, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की महानिदेशक डॉ. प्रिया राय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. बीके सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि प्रो. तनेजा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में पांडुलिपियों का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के ज्ञान भारतम मिशन के तहत इन्हें पांच चरणों में संरक्षित किया जा रहा है।

प्रदर्शनी में ऋग्वेद संहिता, सामवेद, यजुर्वेद, वाजसनेयी संहिता और भागवत महापुराण के गोपिकागीत सहित अनेक प्राचीन ग्रंथों के छायाचित्र प्रदर्शित किए गए। वर्ष 1611 की महाभारत, 1635 में लिखित अभिज्ञान शाकुंतलम, 1713 का मेघदूत, 1794 की रामचरितमानस, गीत गोविंद, लीलावती, राजतरंगिणी, संगीत रत्नाकर, योगसूत्र और सूर्य सिद्धांत जैसे ग्रंथ भी आकर्षण का केंद्र रहे। ताड़पत्रों पर लिखी पांडुलिपियों तथा फारसी में वर्णित महाभारत और रामायण की झलक ने भारतीय ज्ञान की विविधता को प्रदर्शित किया।

पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में गोपाल मोहन शुक्ला, बृजभूषण मिश्रा, हरिश्चंद्र दुबे, अजय मौर्या और मोहम्मद शफीक सहित संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांव के बीच शराब दुकान पर भड़कीं महिलाएं, कराया बंद

कंजासा में नशे से बिगड़ते माहौल और घरेलू हिंसा से परेशान महिलाओं ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

जन माध्यम



घूरपुर, प्रयागराज। गांव के बीच खुली शराब की दुकान के खिलाफ शनिवार शाम कंजासा में महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। घूरपुर थाना क्षेत्र में सैकड़ों महिलाओं ने एकजुट होकर सरकारी देशी शराब की दुकान को घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उसे बंद कराने की मांग की। विरोध के बीच सेल्समैन दुकान बंद कर मौके से चले गए। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि दुकान खुलने के बाद गांव का माहौल बिगड़ रहा है। उनके मुताबिक, कई पुरुष और युवा शराब के नशे में डूब रहे हैं। नशे के बाद घरों में गाली-गलौज, मारपीट और घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। महिलाओं का कहना है कि कुछ परिवारों में मजदूरी और खेती से होने वाली कमाई का बड़ा हिस्सा शराब पर खर्च हो रहा है, जिससे घर चलाना मुश्किल हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि दुकान के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। शनिवार शाम बड़ी संख्या में महिलाएं लाठी-डंडे लेकर दुकान पर पहुंचीं और उसे बंद कराने पर अड़ गईं। घटना की सूचना से गांव में हलचल मच गई।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हरिकेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को समझाकर शांत कराया और उनकी शिकायतें सुनीं। थाना प्रभारी ने महिलाओं से लिखित मांग पत्र लेकर उसे उच्चाधिकारियों और आबकारी विभाग तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। फिलहाल गांव में शांति है, लेकिन महिलाओं ने साफ कहा है कि यदि दुकान बंद नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगी। अब देखना होगा कि उनकी शिकायत पर संबंधित विभाग क्या कदम उठाता है।

सम्पादकीय

शारदीय नवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व

भारतीय संस्कृति में मां भवानी की आराधना केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि शक्ति, विश्वास, समर्पण और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। जब शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व आता है, तो वातावरण भक्तिमय हो उठता है। मंदिरों में घंटियों की गूंज, शंखनाद, दुर्गा सप्तशती के पाठ और माता रानी के जयकारों से चारों दिशाएं गुंजायमान होने लगती हैं। श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन के लिए मंदिरों की ओर प्रस्थान करते हैं। जगह-जगह सजे माता के दरबार मन को शांति और हृदय को भक्ति से भर देते हैं। हर भक्त की जुबान पर यही भाव रहता है—सजा तेरा दरबार माता भवानी, पूरी कर दो सबकी मनोकामना।शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि मां भवानी अपने भक्तों के कष्ट दूर कर उन्हें साहस, धैर्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। माता का दरबार सजाना केवल फूलों, मालाओं, रोशनी और सजावट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। भक्त अपनी सामर्थ्य के अनुसार माता की सेवा करते हैं। कोई मंदिर की सजावट में सहयोग देता है, कोई भजन-कीर्तन आयोजित करता है तो कोई श्रद्धालुओं की सेवा में जुट जाता है। यही सामूहिक भावना धार्मिक आयोजनों को विशेष बनाती है।आस्था और विश्वास का अनुपम संगम माता भवानी के दरबार में पहुंचकर भक्त अपने सुख-दुख उनके चरणों में समर्पित करते हैं। जीवन में आने वाली कठिनाइयों के बीच धार्मिक आस्था मनुष्य को उम्मीद और आत्मबल प्रदान करती है। मां के दर्शन से श्रद्धालुओं को मानसिक शांति मिलती है और वे नई ऊर्जा के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित होते हैं। नवरात्रि का पर्व हमें यह भी सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में निराश होने के बजाय धैर्य, परिश्रम और विश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।माता के दरबार में अमीर-गरीब, ऊंच-नीच और छोटे-बड़े का भेद गौण हो जाता है। सभी भक्त एक ही भाव से सिर झुकाते हैं। यही भारतीय संस्कृति की सुंदरता है। धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम बन सकते हैं। जब लोग मिलकर माता का दरबार सजाते हैं, भंडारे आयोजित करते हैं और जरूरतमंदों की सहायता करते हैं, तो भक्ति का स्वरूप और व्यापक हो जाता है।मां की आराधना के साथ नारी सम्मान का संकल्प माता भवानी शक्ति और साहस की प्रतीक हैं। उनकी पूजा हमें महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश देती है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि एक ओर समाज मां दुर्गा की आराधना करता है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के प्रति अपराध और भेदभाव की घटनाएं सामने आती हैं। सच्ची भक्ति तभी सार्थक होगी, जब प्रत्येक बेटी को सुरक्षित वातावरण, अच्छी शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलेंगे। कन्या पूजन के साथ-साथ बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की जिम्मेदारी निभाना भी समाज का कर्तव्य है।माता का दरबार सजाते समय स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखना भी जरूरी है। पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्लास्टिक का कम उपयोग, पूजा सामग्री का उचित निस्तारण और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण धार्मिक आयोजनों को अधिक जिम्मेदार बनाएगा।भक्ति से सेवा तक का सफर मां भवानी के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल आरती और जयकारों में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और कर्मों में भी दिखाई देनी चाहिए। भूखे को भोजन, जरूरतमंद को सहायता, दुखी को सांत्वना और समाज में कमजोर लोगों को सम्मान देना भी मां की सेवा का ही एक रूप है।

आस्था, उपासना, नारी शक्ति और भारतीय संस्कृति का अनुपम उत्सव

यह पर्व देवी दुर्गा की आराधना, शक्ति की उपासना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। शारदीय नवरात्रि आते ही देशभर में भक्तिमय वातावरण छा जाता है।



डा राम सिंगार शुक्ल गदेला पत्रकार



भारतीय संस्कृति में पर्व और त्योहार केवल धार्मिक परंपराओं के निर्वहन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जीवन को सकारात्मक दिशा देने, समाज में एकता स्थापित करने और मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाने का संदेश भी देते हैं। इन्हीं प्रमुख पर्वों में शारदीय नवरात्रि का विशेष स्थान है। यह पर्व देवी दुर्गा की आराधना, शक्ति की उपासना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। शारदीय नवरात्रि आते ही देशभर में भक्तिमय वातावरण छा जाता है। मंदिरों में घंटियों की गूंज, दुर्गा सप्तशती का पाठ, भजन-कीर्तन, व्रत-पूजन और माता रानी के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठता है। नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ है नौ रातें। इन नौ दिनों और रातों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से आरंभ होता है और नवमी तक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। दसवें दिन विजयादशमी का पर्व मनाया जाता है, जो धर्म की विजय और अधर्म के अंत का प्रतीक है। शारदीय नवरात्रि का आगमन वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आरंभ के समय होता है। प्रकृति में परिवर्तन के साथ यह पर्व मनुष्य के भीतर नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है। मां दुर्गा की आराधना का आध्यात्मिक महत्व सनातन परंपरा में मां दुर्गा को आदिशक्ति माना गया है। वे सृष्टि की रचनात्मक ऊर्जा, संरक्षण और दुष्ट शक्तियों के विनाश की प्रतीक हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब-जब संसार में अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब दैवी शक्ति धर्म की रक्षा के लिए प्रकट होती है। देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय की कथा इसी संदेश को प्रकट करती है कि अन्याय और अहंकार चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महिषासुर नामक असुर ने अपने बल और वरदान के अहंकार में देवताओं तथा संसार के प्राणियों को परेशान करना शुरू कर दिया था। उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए देवताओं की सामूहिक शक्ति से मां दुर्गा का प्राकट्य हुआ। देवी ने नौ दिनों तक युद्ध करने के बाद दसवें दिन महिषासुर का वध किया। इस कथा का संदेश केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। यह हमें सिखाती है कि अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए और अपने भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ तथा नकारात्मक विचारों पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। नवरात्रि की उपासना मनुष्य को आत्मचिंतन का अवसर देती है। इन दिनों भक्त व्रत रखते हैं, पूजा-पाठ करते हैं और अपनी दिनचर्या में संयम अपनाने का प्रयास करते हैं। वास्तविक उपासना तभी सार्थक होती है, जब व्यक्ति अपने व्यवहार में विनम्रता, करुणा, ईमानदारी और सेवा की भावना को स्थान देता है। नौ दिनों में मां के नौ स्वरूपों की पूजा शारदीय नवरात्रि के प्रत्येक दिन मां दुर्गा के एक विशेष स्वरूप की पूजा की जाती है। प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना होती है। वे दृढ़ता, पवित्रता और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश देती हैं। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है, जो तपस्या, संयम और साधना की प्रतीक हैं। तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की उपासना की जाती है। उनका स्वरूप साहस, शौर्य और निर्भीकता का प्रतीक है। चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा होती है, जिन्हें सृष्टि की ऊर्जा से संबंधित माना जाता है। पांचवें दिन मां स्कंदमाता की आराधना की जाती है, जो मातृत्व, स्नेह और वात्सल्य का संदेश देती हैं। छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। उनका स्वरूप अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और साहस की प्रेरणा देता है। सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना होती है, जो भय और नकारात्मकता से मुक्ति का प्रतीक हैं। आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। उनका स्वरूप शांति, पवित्रता और सौम्यता का संदेश देता है। नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है, जिन्हें सिद्धि, ज्ञान और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। इन नौ स्वरूपों की पूजा के माध्यम से भक्त जीवन में साहस, धैर्य, ज्ञान, करुणा, संयम और आत्मविश्वास जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। इस प्रकार नवरात्रि केवल पूजा-पाठ का पर्व नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और आत्मशुद्धि का अवसर भी है। नारी शक्ति और सम्मान का संदेश शारदीय नवरात्रि का सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश नारी शक्ति का सम्मान है। भारतीय परंपरा में स्त्री को शक्ति, सृजन, ममता और त्याग का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा की आराधना हमें याद दिलाती है कि समाज में महिलाओं का स्थान सम्मानजनक होना चाहिए और उन्हें समान अवसर मिलने चाहिए। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन, राजनीति, खेल, व्यापार और रक्षा जैसे प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों के साथ देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। इसके बावजूद समाज के कुछ हिस्सों में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असुरक्षा, अशिक्षा और असमानता जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। ऐसे में नवरात्रि का पर्व हमें केवल देवी की प्रतिमा के सामने शीश झुकाने तक सीमित नहीं रहने देता, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने की प्रेरणा भी देता है। कन्या पूजन की परंपरा इसी भाव का प्रतीक है। अष्टमी और नवमी के अवसर पर छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। इस परंपरा की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हम प्रत्येक बेटी को शिक्षा, सुरक्षा, पोषण और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराएं। बेटी के जन्म पर प्रसन्नता व्यक्त करना, उसकी शिक्षा सुनिश्चित करना और उसके सपनों को पूरा करने में सहयोग देना ही शक्ति की सच्ची आराधना है। सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उत्सव नवरात्रि का पर्व सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता को भी मजबूत करता है।

(कवि लेखक एवं समीक्षक जौनपुर)

नारी सशक्तीकरण का पर्व है नवरात्रि



रमेश सर्राफ धमोरा

भारत त्योहारों का देश है जहां हर पर्व का अपना एक विशेष महत्व और उससे जुड़ी पौराणिक कथा होती है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है नवरात्रि । यह पर्व मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना और शक्ति आराधना का प्रतीक है। नवरात्रि मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है। जिन्हें शक्ति, साहस, और नारी सशक्तीकरण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का अर्थ है नौ रातें। इस दौरान भक्त देवी दुर्गा की विशेष पूजा करते हैं, उपवास रखते हैं, और भक्ति में लीन रहते हैं। इन नौ दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री। नवरात्रि का त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं, चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति-देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ति और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने-कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि। वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आती है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाती है। नवरात्रि की नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। नवरात्रि एक प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाई जाती है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलने वाला त्योहार है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग-अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है उसकी पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवें दिन एक यज्ञ किया जाता है। नौवां दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ कुंवारी लड़कियों की पूजा होती है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं। शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था।

(यह लेखक के अपने विचार है)

सूडोकु नवताल- 7944

कठिन

					1	4		
	9					5	8	
			7	9				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6					1	
		9	3					

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7943 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

शब्द पहेली - 9010

■	1		2	■	3		4	■
5		■		■		■	6	7
	■	8		9		■	■	
10		11	■		■	12		
■	■	13		■	14		■	■
15			■	16	■	17		18
	■	■	19		20		■	
21	22	■		■		■	23	
■	24			■	25			■

बाएँ से दाएँ

1. लाचार, बेबस-3
3. प्राण, जान-3
5. दुर्ग, फोर्ट-2
6. सद्पुरुष-2
8. कवायद-4
10. प्रतिघात, मुआवजा-3
12. कंठ, गला-3
13. लकड़ी-2
14. प्रथम मानव-2
15. धोखेबाज, कपटी-3
17. माजरा, घटना-3
19. कहासुनी, झंझट -4
21. संबोधन-2
23. चावल-2
24. रगड़ना, लगाना-3
25. वादा, प्रतिज्ञा -3

ऊपर से नीचे

1. लता, लतिका-2
2. चावल (अंग्रेजी-3)
3. हूर, अप्सरा-3
4. आकाश, व्योम-2
5. शायरी करनेवाला-3
7. योग्य, उपयुक्त-3
8. अदाकार, फनकार-4
9. घोड़ागाड़ी-2
12. बजरंगबली-4
15. माह, मास-3
16. जांघ, जंघा-2
18. धिक्कार, फटकार-3
19. मामूली, तुच्छ-3
20. बहने का भाव-3
22. संस्कृत में 'मेरा'-2
23. होश, आभास-2

शब्द पहेली -9009 का हल

आ	ह	■	प	र	दा	■	क	म
ग	■	क	ना	त	■	र	च	ना
■	क	ल	ह	■	ग	ह	रा	■
श	र	म	■	ह	र	म	■	स
री	म	■	आ	रा	म	■	क	म
फ	■	शी	स	म	■	न	ह	र
■	क	त	रा	■	अ	म	र	■
बा	द	ल	■	रा	ज	न	■	त
ज	र	■	ज	ह	र	■	द	वा

Jagrutidaur.com, Bangalore

आज का राशिफल

मेष- शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष- अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्घ होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन- व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

कर्क- समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह- मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

कन्या- जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला- प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक- स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु- आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मङ्कूषचतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर- लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

कुंभ- पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन- धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

एसपी ग्रामीण ने किया बहसूमा थाने का निरीक्षण

- साइबर क्राइम हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्थाएं परखीं, पुलिसकर्मियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

जन माध्यम



मेरठ। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने शनिवार को थाना बहसूमा का निरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने साइबर क्राइम हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, थाना कार्यालय, अभिलेखों और साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ग्रामीण ने संबंधित पुलिसकर्मियों को जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करने और फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने में आने वाले लोगों के साथ उचित व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेखों को व्यवस्थित रखने और परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया।

नवरात्र और दशहरा पर मेरठ रेंज में 5000 पुलिसकर्मियों की तैनाती

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने जारी किए सुरक्षा निर्देश, 390 शोभायात्राओं और 112 रावण दहन स्थलों पर रहेगी विशेष निगरानी

- मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में सुरक्षा के लिए करीब 5000 पुलिसकर्मी तैनात
- 24 जोन, 81 सेक्टर और 61 क्यूआरटी का किया गया गठन

जन माध्यम



मेरठ। आगामी नवरात्र, दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए मेरठ परिक्षेत्र के चारों जिलों में व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने जनपद प्रभारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर सतर्कता बढ़ाने और आयोजनों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। नवरात्र और दुर्गा पूजा के कार्यक्रम 11 अक्टूबर 2026 से तथा दशहरा पर्व 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पुलिस के अनुसार मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 5000 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 7 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 क्षेत्राधिकारी, 92 निरीक्षक, 810 उपनिरीक्षक, 1455 मुख्य आरक्षी, 1715 आरक्षी, 890 होमगार्ड एवं पीआरडी जवान तथा दो कंपनी पीएसी शामिल हैं। मेरठ परिक्षेत्र में कुल 390 शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। इनमें मेरठ में 45, बुलंदशहर में 260, बागपत में 35 और हापुड़ में 50 शोभायात्राएं शामिल हैं। चारों जिलों में कुल 26 पूजा पंडाल बनाए जाने हैं, जिनमें मेरठ और बागपत में 11-11, बुलंदशहर में एक तथा हापुड़ में तीन पंडाल शामिल हैं। इसके अलावा सात बड़े पंडाल प्रस्तावित हैं। रेंज में 27 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इनमें मेरठ में 12, बुलंदशहर में एक, बागपत में 11 और हापुड़ में तीन प्रतिमाएं शामिल हैं। जागरण एवं पूजा-अर्चना के 44 कार्यक्रम, 56 कार्यक्रम वाले मंदिर, 114 मेले एवं रामलीला मंचन तथा 112 रावण दहन कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। पुलिस ने 115 हॉटस्पॉट और संवेदनशील स्थान चिह्नित किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 24 जोन, 81 सेक्टर और 61 क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) गठित की गई हैं। पुलिस के अनुसार आयोजकों, संचालकों, पीस कमेटी, धर्मगुरुओं, शांति समितियों और संभ्रांत व्यक्तियों के साथ 132 बैठकें की गई हैं। नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत सहित अन्य विभागों के साथ भी 130 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने निर्देश दिए हैं कि रामलीला स्थलों, दुर्गा प्रतिमा स्थापना और विसर्जन स्थलों, शोभायात्रा मार्गों तथा रावण दहन स्थलों का पहले से निरीक्षण कर लिया जाए। किसी भी प्रकार का विवाद सामने आने पर समय रहते उसका समाधान कराया जाए। थानों में उपलब्ध त्योहार रजिस्टर और रजिस्टर नंबर आठ की प्रविष्टियों का अध्ययन करने के साथ नई परंपरा की अनुमति नहीं देने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करने को भी कहा गया है। पिछले पांच वर्षों में नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा और रामलीला के दौरान हुए विवादों एवं दर्ज मुकदमों की समीक्षा कर संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों और जुलूस मार्गों पर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस एवं पीएसी के साथ नियमित फ्लैग मार्च करने को कहा गया है। पूजा पंडालों, जागरण स्थलों और प्रतिमा विसर्जन के दौरान विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पुलिस, विद्युत विभाग, अग्निशमन विभाग और आयोजकों के बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। पंडालों और रामलीला मंचों की स्थापना इस प्रकार कराने को कहा गया है कि सार्वजनिक आवागमन बाधित न हो और निर्धारित क्षमता से अधिक भीड़ एकत्र न हो। दशहरा पर रावण दहन स्थलों की बैरिकेडिंग, अग्निशमन व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस, पीएसी, होमगार्ड तथा यातायात पुलिस की समुचित तैनाती की जाएगी। प्रमुख स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों और मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात सुचारु रखने के लिए पार्किंग स्थल, डायवर्जन प्वाइंट और होल्डिंग एरिया पहले से चिह्नित किए जाएंगे। डीआईजी ने सभी जनपदों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय रखते हुए प्रभावी पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

सीसीएसयू के दशहरा मेले में छात्राओं ने दिखाई पाक कला और उद्यमिता की प्रतिभा

गृह विज्ञान विभाग के कैफेटेरिया में सजे लजीज व्यंजनों के स्टॉल, रिया प्रथम, वर्षा द्वितीय और आयशा सलीम रहीं तृतीय

जन माध्यम



मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) के गृह विज्ञान विभाग की ओर से कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के निर्देशन में दशहरा मेले की थीम पर कैफेटेरिया का आयोजन किया गया। मेले में छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाकर अपनी पाक कला, रचनात्मकता और उद्यमिता कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ उनमें नवाचार और स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। मेले का शुभारंभ प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता, प्रो. बीरपाल सिंह, प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. दुष्यंत कुमार चौहान और प्रो. बिंदु शर्मा ने किया। छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टॉल पर गोलगप्पा चाट, पाव भाजी, कढ़ी-चावल, राजमा-चावल, पास्ता, मिलेट खीर और गुलाब जामुन सहित कई व्यंजन उपलब्ध रहे। व्यंजनों की विविधता और छात्राओं की प्रस्तुति ने आयोजन को आकर्षक बनाया। प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता, निदेशक रैंकिंग ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं की रचनात्मकता और उद्यमिता कौशल को सामने लाने का अच्छा माध्यम हैं। वहीं, निदेशक शोध प्रो. बीरपाल सिंह ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में नवाचार और आत्मविश्वास बढ़ता है। ये अनुभव भविष्य में स्वरोजगार के अवसर विकसित करने में भी सहायक हो सकते हैं। प्रो. बिंदु शर्मा ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर देते हैं। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के लिए रिया को प्रथम, वर्षा को द्वितीय और आयशा सलीम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. श्वेता शर्मा, डॉ. निधि चौधरी, डॉ. इरम मुमताज, नेहा शर्मा, ममता, गिरिराज, प्रमोद और राजू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दिल्ली जाने से पहले आजाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव मास्टर अब्दुल अजीज नजरबंद

- संगठन ने सरकार पर संवैधानिक आंदोलन को रोकने का आरोप लगाया, 10 अक्टूबर को दिल्ली जाने वाला था प्रतिनिधिमंडल

जन माध्यम



मेरठ। आजाद अधिकार सेना ने आरोप लगाया है कि संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर अब्दुल अजीज को दिल्ली जाने से पहले ही उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया। संगठन के अनुसार, यह कार्रवाई रात करीब 10:30 बजे की गई। इसके चलते 10 अक्टूबर को दिल्ली जाने वाले प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम पर असर पड़ने की आशंका जताई गई है। संगठन की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, 'हमारा अभियान, हर घर संविधान' और 'अन्याय मिटाओ–अधिकार जगाओ' अभियान के तहत प्रतिनिधिमंडल को लोकतंत्र और संविधान की मजबूती से जुड़े मुद्दों को लेकर सुबह दिल्ली रवाना होना था। आजाद अधिकार सेना ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य संवैधानिक आंदोलन और जनता की आवाज को रोकना है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन का पक्ष उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रदेश महासचिव मास्टर अब्दुल अजीज ने अपने बयान में कहा कि जनता के हक और न्याय के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संगठन प्रतिबद्ध है और किसी भी दबाव से उसके कार्यकर्ताओं का हौसला कमजोर नहीं होगा। आजाद अधिकार सेना ने कथित नजरबंदी की निंदा करते हुए कहा कि जनता के अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए उसका अभियान जारी रहेगा। मामले में प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आने पर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

नुक्कड़ नाटक और लघु नाटिका से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, मरीजों और परिजनों को दी गई उपयोगी जानकारी

जन माध्यम



मेरठ। लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज (एलएलआरएम), मेरठ के मनोरोग विभाग की ओर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. तरुण पाल के मार्गदर्शन और सहायक आचार्य डॉ. राशि अग्रवाल के संयोजन में किया गया। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों के अनुभवों को समझने के लिए प्रेरित करना रहा। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की थीम "जिए हुए अनुभवों को सुनना: वास्तविक आवाजें, वास्तविक बदलाव" रखी गई है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से प्रभावित लोगों के अनुभवों को सुनकर उनकी देखभाल और नीतियों को अधिक प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक, एसआईसी डॉ. धीरज राज, मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर डॉ. योगिता और डॉ. अनुपमा वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान एमएससी नर्सिंग की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने का संदेश दिया गया। वहीं, एमएचएम इंडिया की टीम ने चिंता और उसके उपचार पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। इसमें बताया गया कि चिंता एक सामान्य मानसिक स्थिति हो सकती है और उचित उपचार एवं सहयोग से इससे निपटना संभव है। कार्यक्रम में मनोरोग विभाग के सभी संकाय सदस्यों, नर्सिंग छात्राओं और मरीजों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों को सहयोग देने का संदेश दिया गया।

688 चयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों का 12 अक्टूबर से होगा मेडिकल

24 अक्टूबर तक पुलिस लाइन में चलेगी चिकित्सा जांच और चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया, बुलावा पत्र के बिना नहीं मिलेगा प्रवेश

- होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 के तहत मेरठ के 688 पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों का चयन
- 12 से 22 अक्टूबर तक पुरुषों और 23 व 24 अक्टूबर को महिलाओं का होगा चिकित्सा परीक्षण

जन माध्यम

मेरठ। उत्तर प्रदेश शासन के होमगार्ड्स विभाग के निर्देश पर होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के पदों पर एनरोलमेंट-2025 के तहत चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा जांच और चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया 12 अक्टूबर से शुरू होगी। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स मेरठ सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि प्रदेश के 75 जनपदों के लिए चयनित 41,425 अभ्यर्थियों की जनपदवार सूची प्राप्त हुई है। इसमें मेरठ जिले के कुल 688 पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण और चरित्र सत्यापन 12 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक पुलिस लाइन मेरठ में सुबह नौ बजे से कराया जाएगा। प्रतिदिन 70 अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है। जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड करेगा। चिकित्सा परीक्षण की प्रक्रिया में पहले पुरुष अभ्यर्थियों की जांच 12 से 22 अक्टूबर तक होगी। इसके बाद महिला अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण 23 और 24 अक्टूबर को किया जाएगा। अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र सीधे भेजे जा रहे हैं। बुलावा पत्र की हार्ड कॉपी जिला होमगार्ड कार्यालय, एमडीए बिल्डिंग की प्रथम मंजिल, मेरठ से 11 और 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक प्राप्त की जा सकेगी। चिकित्सा परीक्षण स्थल पर केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, जिनके पास संबंधित तिथि के लिए जिला कमांडेंट होमगार्ड्स द्वारा जारी बुलावा पत्र होगा। जिला कमांडेंट के अनुसार चिकित्सा परीक्षण में उपयुक्त या अनुपयुक्त पाए जाने के संबंध में परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा। इसे पुलिस लाइन के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया जाएगा। चिकित्सा परीक्षण में अनुपयुक्त घोषित किए गए अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में उसी दिन जनपद के नोडल अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकेंगे। अपील को संकलित कर विशेष वाहक के माध्यम से उसी दिन मंडलीय नोडल अधिकारी को भेजा जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थी को मंडलीय चिकित्सा परिषद के समक्ष परीक्षण की तिथि और समय की सूचना दी जाएगी। चिकित्सा परीक्षण के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र में उल्लिखित सभी मूल अभिलेख और उनकी प्रमाणित छायाप्रतियां साथ लानी होंगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों। चयनित अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पुलिस लाइन मेरठ में सहायता केंद्र बनाया गया है। किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 8077560403 और 8630681997 जारी किए गए हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी dchgmrt1232@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं। विभाग के अनुसार हेल्प डेस्क के जरिए अभ्यर्थियों की समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जाएगा।

सरधना में उपजा की नई कार्यकारिणी जल्द होगी गठित

संगठन विस्तार को लेकर पत्रकारों की बैठक में मंथन, एकजुटता और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन मजबूत बनाने पर जोर

जन माध्यम



सरधना यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) के संगठनात्मक विस्तार को लेकर शनिवार को सरधना तहसील अध्यक्ष रईस अंसारी के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक पत्रकारों को जोड़ने और सरधना में तहसील स्तर पर नई कार्यकारिणी का जल्द गठन करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपजा के प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सरधना में जल्द से जल्द कार्यकारिणी का गठन जरूरी है। उन्होंने पदाधिकारियों से आपसी समन्वय और सहयोग के साथ गठन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों की एकजुटता बनाए रखना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है। संगठन मजबूत होने से पत्रकारों को अपनी समस्याएं साझा करने और उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का अवसर मिलेगा। बैठक में सरधना में संगठन की आगामी बैठक आयोजित करने और नई कार्यकारिणी के गठन की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का विस्तार होने से क्षेत्र के पत्रकारों को एक साझा मंच मिलेगा। इससे उनकी समस्याओं को संगठित तरीके से उठाने और पत्रकार हितों की रक्षा के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। बैठक में प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी, शाह फिरोज, हशमे आलम, नवीन मिश्रा, दिलशाद सैफी, सोमेश भारद्वाज, प्रदीप गुप्ता, अम्मार सैफी, सरधना से रोहित चौधरी और गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला संगठन मंत्री अमित चौधरी छाबड़िया ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती, आपसी सहयोग और पत्रकारों के हितों को प्राथमिकता देने पर सहमति जताई गई। साथ ही सरधना में जल्द नई कार्यकारिणी गठित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया।

ग्राम आंचरू में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

- पंडित आशीष वत्स ने फीता काटकर किया उद्घाटन, खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर खेलों में भागीदारी बढ़ाने का किया आह्वान

जन माध्यम



बुलंदशहर। शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र-69 के ग्राम आंचरू में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पंडित आशीष वत्स ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने भी आयोजन में रुचि दिखाई। इस अवसर पर पंडित आशीष वत्स ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने युवाओं से खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपनी प्रतिभा को निखारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अपनी क्षमता पहचानने और सामूहिक प्रयास का महत्व समझने का अवसर देते हैं। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के आयोजन से ग्राम आंचरू और आसपास के क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

फायरिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, दो तमंचे बरामद

मकान के गेट पर लगी थी गोली, बाल-बाल बचा था शिकायतकर्ता; पुलिस ने नूर नगर हाल्ट के पास से दबोचा

जन माध्यम



मेरठ। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, एक जिंदा कारतूस, एक मिस कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में आयुध अधिनियम की धाराएं भी बढ़ाई हैं। पुलिस के मुताबिक, 8 अक्टूबर को ब्रह्मपुरी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने एकजुट होकर उसे जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इस दौरान गोली उसके मकान के गेट पर लगी, जिससे वह बाल-बाल बच गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। शनिवार, 10 अक्टूबर को पुलिस ने नूर नगर हाल्ट से बिजली बंबा रोड की ओर जाने वाले रास्ते से मौहम्मद अफजाल उर्फ काला और फरहाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से बरामद दोनों तमंचों में खोखा कारतूस फंसे हुए थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आयुध अधिनियम की धाराएं बढ़ाकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अफजाल उर्फ काला के खिलाफ वर्ष 2023 में नौचंदी थाने में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में भी मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपियों से संबंधित मामले में पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

लिसाड़ी गेट में अवैध तमंचे के साथ शादाब गिरफ्तार

आरोपी के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास समेत सात मुकदमे दर्ज, पुलिस ने न्यायालय में किया पेश

जन माध्यम



मेरठ। लिसाड़ी गेट थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शादाब (32) पुत्र जब्बार निवासी शालीमार गार्डन के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से .315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। शादाब को 9 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना लिसाड़ी गेट में मुकदमा संख्या 636/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से जारी आपराधिक इतिहास के अनुसार, शादाब के खिलाफ वर्ष 2017 से 2026 के बीच लिसाड़ी गेट थाने में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। इनमें आयुध अधिनियम, हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी का माल रखने और एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं। वर्ष 2019 में उसके खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास से संबंधित मुकदमे भी दर्ज किए गए थे। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनय कुमार, सुनील कुमार और विकास कौशिक के साथ हेड कांस्टेबल जितेंद्र तालान तथा कांस्टेबल सतीश कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की।

अपना दल (एस) सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी: राजकुमार भुर्जी

- ग्राम मुनि में खुर्जा विधानसभा की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

जन माध्यम



बुलंदशहर । खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुनि में अपना दल (एस) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने की। इस दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में अपना दल (एस) सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और उन्हें राजनीतिक भागीदारी एवं सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता महत्वपूर्ण है। इसके लिए कार्यकर्ता जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं को समझकर पार्टी के माध्यम से उठाएं। बैठक में ठाकुर अमरपाल सिंह, गौरव शर्मा, भूप सिंह प्रधान, प्रतीक भारद्वाज, पुरुषोत्तम सैन, डॉ. राम सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिवसेना प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर उठाईं विभिन्न मांगें

काला आम स्थित सरकारी जमीन पर बनी मजारों की जांच, नवरात्रि में मंदिरों की सुरक्षा और मांस की दुकानों पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग

जन माध्यम



बुलंदशहर । शिवसेना जिला कार्यालय पर शनिवार को शिवसैनिकों और पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर विभिन्न मांगें रखीं। इनमें काला आम स्थित सरकारी जमीन पर बनी मजारों के संबंध में जांच कराने, नवरात्रि के दौरान मंदिरों की सुरक्षा मजबूत करने और शहर के विभिन्न मार्गों पर मांस की दुकानों के संचालन पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग शामिल रही। जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा ने आरोप लगाया कि काला आम क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बनी मजारों के आसपास संदिग्ध गतिविधियां होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने दुआ के नाम पर महिलाओं को अनुचित तरीके से छूने और धर्मांतरण जैसी गतिविधियों के आरोपों का उल्लेख करते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीलम भाटी और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उषा राजपूत ने कहा कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचती हैं। ऐसे में मंदिरों और उनके आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। उन्होंने महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। प्रदेश सचिव राजकुमार गिरी और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुधीर सैनी ने नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग उठाई। उन्होंने डीएम रोड, बलीपुरा रोड, शिकारपुर रोड, अनूपशहर रोड, भूड़ रोड और स्याना रोड सहित शहर के विभिन्न मार्गों का उल्लेख करते हुए संबंधित क्षेत्रों में मांस की बिक्री और कटान पर नियमानुसार रोक लगाने के लिए प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा, प्रदेश सचिव राजकुमार गिरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम भाटी, जिला प्रभारी सरोज रानी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उषा राजपूत, जिला महासचिव बबलू गिरी, जिला सचिव राहुल गुप्ता, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला महामंत्री मनीष लोधी, अजय लोधी, सोनू कुमार सहित अन्य शिवसैनिक मौजूद रहे।

मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सपा ने किया हवन, विचार गोष्ठी आयोजित

- जिला कार्यालय पर नेताजी के जीवन संघर्ष और समाजवादी विचारधारा पर हुई चर्चा, शाम पांच बजे तक चला विशाल भंडारा

जन माध्यम



बुलंदशहर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को पार्टी संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर हवन और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष मतलूब अली की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जबकि संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के जीवन संघर्ष तथा समाजवादी विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपना जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, नौजवानों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी के आदर्शों पर चलना तथा सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक जीवन और समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के कमजोर वर्गों के हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो शाम पांच बजे तक चला। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

17 अक्टूबर से शुरू होगा ऑल इंडिया इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

चौधरी नरेंद्र सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट में 18 टीमें लेंगी हिस्सा, तीन आयु वर्गों में होंगे मुकाबले

जन माध्यम



मेरठ। स्कूली क्रिकेट को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रथम ऑल इंडिया इंटर स्कूल चौधरी नरेंद्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 17 अक्टूबर से गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के मैदान पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की कुल 18 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट को सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर सहित तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट के अध्यक्ष एवं गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित ने बताया कि मेरठ में स्कूली क्रिकेट के स्तर को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर देने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट की उपाध्यक्ष एवं उप-प्रधानाचार्या प्रभा राव ने बताया कि पहली बार स्कूली क्रिकेट में आईपीएल की तर्ज पर रंग-बिरंगी पोशाकों में मैच कराए जाएंगे। इससे खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मिलेगा और प्रतियोगिता अधिक आकर्षक बनेगी। आयोजन सचिव अतहर अली ने बताया कि 17 अक्टूबर को उद्घाटन के दिन 10 से 13 वर्ष आयु वर्ग की सब-जूनियर टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। सब-जूनियर वर्ग में 10 से 13 वर्ष आयु के खिलाड़ियों की पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें कुसुम पब्लिक स्कूल, रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल मवाना, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड, ऋषभ एकेडमी और ट्रांसलैम इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली स्तर पर क्रिकेट को प्रोत्साहित करना और उभरती प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करना है। आयोजन को सफल बनाने में प्रबंधक सरदार इंद्रजीत सिंह सालवान, यश करण सिंह सालवान और मुस्कान खितोलिया विशेष सहयोग कर रहे हैं।

नगर निगम से नाराज दिव्यांग बुजुर्ग धरने पर बैठे

जन माध्यम



कानपुर। नगर निगम की समस्याओं का समाधान नहीं होने से नाराज दिव्यांग बुजुर्ग प्रदीप श्रीवास्तव शनिवार को लालबंगला स्थित विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। पनकी के रतनपुर निवासी प्रदीप का आरोप है कि वह छह महीने से नगर निगम और विधानसभा अध्यक्ष के आवास के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई। भारत दिव्यांग सेवा के संस्थापक प्रदीप श्रीवास्तव के मुताबिक, 29 नवंबर को प्रमिला सभागार में ग्लोबल कॉरपोरेशन का वार्षिक अधिवेशन प्रस्तावित है, लेकिन नगर निगम इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। वहीं, जीटी रोड स्थित द्वारिकापुरी में विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम स्थल के आसपास गंदगी, अतिक्रमण और आवारा कुत्तों की समस्या बनी हुई है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ। प्रदीप का कहना है कि पहले विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत करने पर आश्वासन मिला था, लेकिन समस्याएं दूर नहीं हुईं। शनिवार सुबह 10 बजे शुरू हुआ धरना शाम तक जारी रहा। पुलिस उन्हें समझाकर चौकी ले गई, लेकिन लौटने के बाद वह दोबारा धरने पर बैठ गए। विधानसभा अध्यक्ष के पीआरओ आशीष शर्मा उर्फ शानू शर्मा ने बताया कि वह मौके पर पहुंचे और प्रदीप को समझाने का प्रयास किया। उनके मुताबिक, नगर निगम से संबंधित मामले में बातचीत भी हुई है। हालांकि, प्रदीप ने समस्याओं के समाधान का ठोस आश्वासन मिलने तक धरना जारी रखने की बात कही।

भाजपा के सेवा संकल्प अभियान में महिला सशक्तिकरण का संदेश

नुमाइश रोड स्थित खालसा मांटेसरी स्कूल में 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' कार्यक्रम आयोजित, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने लगाए स्टॉल

जन माध्यम



बुलंदशहर । भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत नुमाइश रोड स्थित खालसा मांटेसरी स्कूल में 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आकर्षक रंगोली बनाई गई और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शशि शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि अभियान संयोजिका कल्पना वर्मा ने आयोजन में सहयोग किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे समूह महिलाओं को अपनी प्रतिभा और कौशल के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण है। महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराते हैं। कार्यक्रम में रंगोली के माध्यम से रचनात्मकता का प्रदर्शन किया गया। वहीं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने स्टॉलों के जरिए विभिन्न उत्पादों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

अखंड भारत महापर्व के दूसरे चरण की प्रतियोगिताओं में उमड़ा विद्यार्थियों का उत्साह

मेरठ के करीब 60 शिक्षण संस्थानों के लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, 21 अक्टूबर को निकलेगी भव्य झांकी रैली

जन माध्यम



मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अदम्य साहस, त्याग, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित अखंड भारत स्वतंत्रता दिवस महापर्व-2026 के दूसरे चरण की प्रतियोगिताएं उत्साह के साथ संपन्न हुईं। इसमें मेरठ के करीब 60 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों और सुभारती विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। ये सभी विद्यार्थी पहले चरण में अपने-अपने संस्थानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष तीन स्थानों पर रहे थे। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद के माध्यम से अपनी रचनात्मकता, ज्ञान, तार्किक क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली विरासत से जोड़ने के साथ उनमें राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। महापर्व के प्रणेता एवं राष्ट्रवादी शिक्षाविद् डॉ. अतुल कृष्ण ने अपने संदेश में कहा कि अखंड भारत स्वतंत्रता दिवस महापर्व केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संकेत मिलते हैं। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ देश के इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय मूल्यों को समझने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, आयोजन समिति के सदस्यों, संबंधित विभागों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने प्रतियोगिताओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जीवन की सुरक्षा के लिए आईएसआई मार्क वाला हेलमेट ही खरीदें: बीएल वर्मा

गाजियाबाद में बीआईएस मानक कार्निवल 2026 का आयोजन, 350 से अधिक बाइक राइडर्स ने निकाली जागरूकता रैली; 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए

जन माध्यम



गाजियाबाद। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), गाजियाबाद शाखा कार्यालय की ओर से विश्व मानक दिवस 2026 के अवसर पर एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर परिसर, मोदीनगर में बीआईएस मानक कार्निवल 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और भारतीय मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने किया। इस अवसर पर बीएल वर्मा ने कहा कि हेलमेट खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और आईएसआई मार्क की जांच जरूर करनी चाहिए। जीवन की सुरक्षा के लिए मानक के अनुरूप हेलमेट का इस्तेमाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो भारतीय उत्पादों और सेवाओं के लिए निर्धारित मानकों के माध्यम से गुणवत्ता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने का काम करता है। कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्वेता मिश्रा, आईआरएस अधिकारी, बीआईएस के मध्य क्षेत्र के उप महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। हेलमेट मैन ऑफ इंडिया राघवेंद्र कुमार ने भी सड़क सुरक्षा अभियान में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो, गाजियाबाद शाखा कार्यालय और एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

निलोई से निकली दो बालिकायें पुलिस ने परिजनों को सौपी

जन माध्यम

इटावा। एसएसपी इटावा के निर्देशन में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान घर से बिना बताए निकलीं दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के दृष्टिगत एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा सतर्कतापूर्वक गश्त एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 09.10.2026 की रात्रि करीब 11बजे थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान इटावा रेलवे स्टेशन के निकट दो नाबालिग बालिकाओं को घूमते हुए पाया गया। महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम रेशमा (उम्र करीब 17 वर्ष) एवं यामिनी (उम्र करीब 15 वर्ष), निवासीगण ग्राम निलोई, थाना जसवंतनगर, जनपद इटावा बताया।पूछताछ में दोनों बालिकाओं ने बताया कि वे अपने परिजनों को बिना बताए घर से निकल आई थीं। बालिकाओं के पास मोबाइल फोन अथवा परिजनों का संपर्क नंबर उपलब्ध नहीं था। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए दोनों बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई तथा संबंधित थाना पुलिस से समन्वय स्थापित कर उनके परिजनों से संपर्क किया गया।थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा दोनों नाबालिग बालिकाओं को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा धानापुर, धूमधाम से निकली प्रभु श्रीराम की बारात

- सैयदराजा विधायक सुशील सिंह और ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर किया शुभारंभ

जन माध्यम



धानापुर। कस्बे में शनिवार को प्रभु श्रीराम की बारात धूमधाम और पारंपरिक उल्लास के साथ निकाली गई। रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा की झलक देखने को मिली। बारात के शुभारंभ के अवसर पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। आयोजन से पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में नजर आया। श्रीराम बारात का शुभारंभ धानापुर स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह और ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद बारात कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। धार्मिक उल्लास के बीच निकली शोभायात्रा ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। निर्धारित भ्रमण के बाद बारात के पुनः हनुमान मंदिर पहुंचने का कार्यक्रम रहा। श्रीराम बारात केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक भी है। भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान रखते हैं। रामलीला समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और एकता का संदेश दिया गया। आयोजन में रामलीला समिति के अध्यक्ष सुजीत जायसवाल, कमलाकांत मिश्र, रमेश चंद द्विवेदी, सुशील सिंह जनौली, लक्ष्मण कुशवाहा, आशुतोष सिंह मिंटू, गोपाल बिंद, अच्युतानंद मिश्र, रत्नेश दूबे, विपिन रस्तोगी, रंजन सेठ सहित अन्य लोगों रहे।

गोल्डन क्लब के 14वें समारोह में पहुंचे सुखदेव के पौत्र



जन माध्यम

कानपुर। गोल्डन क्लब के 14वें समारोह में अमर शहीद क्रांतिकारी सुखदेव के पौत्र अनुज थापर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कानपुर देश की स्वतंत्रता क्रांति का अग्रणी केंद्र रहा है और उनके दादा सुखदेव ने इसी शहर से क्रांति की दीक्षा ली थी। उन्होंने क्रांतिकारियों के बलिदान और देश की आजादी के संघर्ष से जुड़ी विरासत को याद किया। समारोह का शुभारंभ अनुज थापर, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी रतन श्रीवास्तव, डॉ. इंद्र मोहन रोहतगी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, संजीव दीक्षित और डॉ. उमेश पालीवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पंजाब की पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट की आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित किया। वहीं, क्रांतिकारी इतिहास से जुड़ी प्राचीन वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। कृष्णा वर्मा को 'कानपुर रत्न' और शिवम मालवीय को 'कानपुर आइकन' पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा साहित्य, कला, मनोरंजन, चिकित्सा, वकालत, उद्यमिता, शिक्षा, ज्योतिष, समाज सेवा और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों को 'शान-ए-कानपुर' सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में शहर की प्रतिभाओं के योगदान को सराहते हुए सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

जटेपुर में 3.85 करोड़ से बनेगा नया कल्याण मंडपम

4,540 वर्गमीटर में आधुनिक सुविधाओं से होगा निर्माण, निम्न और मध्यम आय वर्ग को मिलेगा किफायती आयोजन स्थल

जन माध्यम

गोरखपुर। गोरखपुर विकास प्राधिकरण अब जटेपुर वार्ड में नया कल्याण मंडपम बनाने जा रहा है। करीब 3.85 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस आधुनिक आयोजन स्थल के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना का उद्देश्य निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को विवाह, मांगलिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किफायती तथा सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध कराना है। जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल के अनुसार कल्याण मंडपम का विकास लगभग 4,540 वर्गमीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। भवन भूतल और प्रथम तल तक होगा, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 1,480 वर्गमीटर प्रस्तावित है। इसमें भूतल पर 768 और प्रथम तल पर 712 वर्गमीटर निर्माण होगा। मंडपम में बड़ा हॉल, कमरे, किचन, स्टोर, कार्यालय और डॉरमेट्री की व्यवस्था रहेगी। दोनों तलों पर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जाएंगे। आधुनिक सुविधाओं के साथ भवन की वास्तुकला को भी आकर्षक स्वरूप देने की योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना के तहत जीडीए और नगर निगम की ओर से शहर के अलग-अलग हिस्सों में कल्याण मंडपम विकसित किए जा रहे हैं। अब तक खोराबार, सूरजकुंड, मानबेला, राप्तीनगर विस्तार के टोला पीरू शहीद, बिछिया जंगल तुलसीराम, जंगल बेनी माधव, बशारतपुर और जंगल नकहा नंबर दो में आठ कल्याण मंडपम तैयार हो चुके हैं। वहीं वार्ड नंबर सात महादेव झारखंडी और वार्ड नंबर दो बाबा राघवदास नगर के सेमरा में दो मंडपम निर्माणाधीन हैं।

बैन बेअसर, चाइनीज मांझे ने फिर ली जान

गोरखपुर में मोपेड से दुकान जा रहे रमेश की गर्दन कटी, चौकी प्रभारी निलंबित; 48 घंटे अभियान चलाने के निर्देश

जन माध्यम



गोरखपुर। प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम बिक रहा जानलेवा चाइनीज मांझा शनिवार को एक और परिवार की खुशियां निगल गया। तिवारीपुर थाना क्षेत्र में मोपेड से दुकान जा रहे 35 वर्षीय रमेश कन्नौजिया की गर्दन मांझे की चपेट में आने से गंभीर रूप से कट गई। सड़क पर लहूलुहान होकर गिरे रमेश को राहगीर जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना दोपहर करीब एक बजे की है। बताया गया कि रमेश जैसे ही रास्ते से गुजर रहे थे, अचानक चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में फंस गया। उन्होंने मोपेड रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक गहरा घाव हो चुका था। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. आरडी रमन के मुताबिक रमेश अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुके थे। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी।

रमेश परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। कॉस्मेटिक की दुकान पर काम कर मिलने वाले 10 से 12 हजार रुपये मासिक से पत्नी पुन्ना, नौ वर्षीय बेटी अपर्णा, पांच वर्षीय बेटे आर्यन और बुजुर्ग पिता फकीरे की जिम्मेदारी उठाते थे। उनकी मौत ने परिवार के सामने रोजी-रोटी का भी गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में चोरी-छिपे चाइनीज मांझा बिक रहा है। सवाल यह है कि जब नायलॉन और सिंथेटिक मांझे की बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर वर्षों से रोक है, तो यह बाजार तक पहुंच कैसे रहा है? एसपी सिटी निमिष पाटील ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की गई है और डोमिनगढ़ चौकी प्रभारी आलोक सिंह को निलंबित कर दिया गया है। अगले 48 घंटे विशेष अभियान चलाकर चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में पहले भी गाजियाबाद, लखनऊ, जौनपुर, शाहजहांपुर और अलीगढ़ में चाइनीज मांझे से जान जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हर हादसे के बाद अभियान चलता है, मगर बड़ा सवाल अब भी वही है—प्रतिबंध आखिर जमीन पर कब उतरेगा?

फूलबेहड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 11 वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल



जन माध्यम

फूलबेहड़ खीरी। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर थाना फूलबेहड़ पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में 11 गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है।सीओ धौरहरा के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी फूलबेहड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेतारपुर, खईया, बेरिहा, राजापुर, ढाकी, बेलिहान, रमुआपुर, सिकटिहा और मिलपुरवा गांव में दबिश देकर अभियुक्तों को पकड़ा। सभी लंबे समय से फरार थे। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर सभी को न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम एसआई श्रवण कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह, कृष्ण कुमार यादव, दुर्गेश शर्मा, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल परवेन्द्र, पवन राजपूत, मो. रिजवान, अंशुल यादव, विकास गौतम, सत्यप्रकाश शुक्ला, प्रियान्शु, नितिन पाल, हसन मोहम्मद, बल्देव सिंह। ने गिरफ्तार किया।

शारदीय नवरात्र: मां संकटा देवी मंदिर में सजाया गया पंडाल, श्रद्धालुओं में उल्लास

जन माध्यम



लखीमपुर खीरी। शारदीय नवरात्र का शुभारंभ रविवार से होगा। इसे लेकर मां संकटा देवी मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर में देवी पंडाल सजाया गया है और प्रतिमाएं भी सजाई गई हैं।शारदीय नवरात्र का शुभारंभ रविवार से होगा। इसे लेकर लखीमपुर खीरी के मां संकटा देवी मंदिर में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर में देवी पंडाल सजाया गया है और देवी प्रतिमाओं को भी सजाया गया है। नवरात्र के पहले दिन मां के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। शनिवार को बाजार में पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की चहल-पहल रही। लोगों ने पूजा के लिए जरूरी सामान की खरीदारी की।मां संकटा देवी आरती समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पांडे ने बताया कि मंदिर परिसर में हर साल की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 10 अक्तूबर की मध्यरात्रि में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा निर्धारित है। 11 से 20 अक्तूबर तक प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे आरती होगी। शाम सात बजे से रात दस बजे तक महाआरती होगी। चुनरी से कपूर तक की खरीदारी पूजन सामग्री की दुकानों पर चुनरी, रोली, कुमकुम, सिंदूर, कलावा, नारियल, कपूर, धूपबत्ती, अगरबत्ती, इत्र, शहद, दीपक, रूई की बत्ती, पूजन थाली, कलश, हवन सामग्री, सुपारी, लौंग, फूल-माला और प्रसाद की खरीदारी हुई। चुनरी पांच रुपये से 35 रुपये तक में उपलब्ध है। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने फलाहार की सामग्री भी खरीदी। दुकानदार टीटू भाई, मनोज, नारद, रवि, मोहन जी और दीपू नाग समेत अन्य कारोबारी नवरात्र की तैयारियों में जुटे हैं।

एयरपोर्ट पर यात्री सेवा अभियान 2026 का समापन

कानपुर। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से 17 सितंबर से चलाए जा रहे 'यात्री सेवा अभियान 2026' का शनिवार को समापन हो गया। अभियान का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ एयरपोर्ट पर यात्री सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना था। विमानपत्तन निदेशक प्रदीप यादव ने बताया कि अभियान के दौरान एयरपोर्ट परिसर में यात्रियों की सुविधा, साफ-सफाई, दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्थाओं और सुरक्षा संबंधी उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से हवाई यात्रा को अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया गया।शनिवार, 10 अक्टूबर को आयोजित समापन समारोह में यात्री सेवा और सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इनमें हाउसकीपिंग स्टाफ, इंडिगो एयरलाइंस की टीम और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान शामिल रहे। विमानपत्तन निदेशक ने कहा कि सम्मानित होने वाली टीमों ने यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों के निरंतर प्रयासों की सराहना की। अभियान के समापन के साथ ही एयरपोर्ट पर स्वच्छता, सुरक्षा और यात्री संतुष्टि को प्राथमिकता देने के प्रयासों को आगे भी जारी रखने पर जोर दिया गया।

28 लाख के 101 गुम मोबाइल बरामद

कानपुर। दक्षिण जोन पुलिस ने सर्विलांस टीम और सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम और खोए हुए 101 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत 27 लाख 88 हजार 50 रुपये बताई गई है। नवरात्र से पहले पुलिस ने सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। लंबे समय से मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरे फोन वापस पाकर खिल उठे। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि मोबाइल गुम होने और चोरी होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया गया। दक्षिण जोन की सर्विलांस टीम और विभिन्न थानों की सीईआईआर पोर्टल टीम ने संयुक्त रूप से मोबाइल फोन तलाशने का काम किया।

पढ़ुआ पुलिस ने बाईस अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कार्रवाई, पठानपुरवा गांव से पकड़े गए बाईस लोग



जन माध्यम

पढ़ुआ खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से थाना पढ़ुआ पुलिस ने शनिवार, दस अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए कुल बाईस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट में सभी गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम और उम्र का विवरण दिया गया है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निर्देशन तथा संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की गई। इसी क्रम में थाना पढ़ुआ पुलिस ने ग्राम पठानपुरवा से बाईस लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस द्वारा जारी सूची के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में शकील पुत्र मुस्तकीम (पच्चीस वर्ष), मुबारक पुत्र माइलाल (पैंतीस वर्ष), नदीम पुत्र गोबर (तीस वर्ष), नवाजुद्दीन इशरार (बीस वर्ष), भल्लू पुत्र छन्निक (पच्चास वर्ष), मुनीर पुत्र छिद्दा (बीस वर्ष), आरिफ पुत्र जहर (बीस वर्ष), समीम खां पुत्र अजीज खां (पछपन वर्ष), दिलदार पुत्र रियाज खां (पच्चीस वर्ष), सदीक पुत्र बाबू (बीस वर्ष), जहर पुत्र छिद्दा (सत्तर वर्ष), जाहिद पुत्र असगर (पछपन वर्ष), दोस्त मोहम्मद मकदूम (बाहसठ वर्ष), मासूम पुत्र छिद्दा (चालिस वर्ष), सलीम पुत्र दरोगा (तीस वर्ष), बाबू पुत्र हबीब (तीस वर्ष), इरफान पुत्र मुरादिया (बीस वर्ष), विलाल पुत्र समसुद्दीन (चालिस वर्ष), मोसीम पुत्र गोबर (अरतीस वर्ष), जमशेद पुत्र सुलेमान (बायालिस वर्ष), मो. उमर पुत्र बहादुर (बावन वर्ष) तथा खुर्शीद पुत्र जहर (तीस वर्ष) शामिल हैं।

गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक एमएलसी चुनाव में 16 प्रत्याशी मैदान में

23 अक्टूबर को मतदान, 27 को मतगणना; वरीयता अंक से होगा मतदान, आयोग की कलम ही होगी मान्य

17 जिलों के 53,730 मतदाता 200 बूथों पर करेंगे मताधिकार का प्रयोग

प्रचार सामग्री पर प्रिंटर का नाम-पता और छपाई की संख्या अंकित करना अनिवार्य



जन माध्यम

गोरखपुर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की तस्वीर अब साफ हो गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। शनिवार को रिटर्निंग ऑफिसर एवं कमिश्नर इन्द्र विक्रम सिंह ने प्रत्याशियों और उनके एजेंटों के साथ बैठक कर मतदान प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता और प्रचार से जुड़े नियमों की विस्तार से जानकारी दी। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन 29 सितंबर से छह अक्टूबर तक हुए, सात अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच और नौ अक्टूबर तक नाम वापसी की प्रक्रिया चली। अब 23 अक्टूबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 17 जिले आते हैं। कुल 53,730 मतदाताओं के लिए 200 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस चुनाव में मतदान का तरीका भी सामान्य चुनावों से अलग होगा। मतदाता प्रत्याशियों के नाम के सामने अपनी पसंद के क्रम में 1, 2, 3 आदि अंक लिखकर वरीयता दर्ज करेंगे। रोमन अंकों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। वरीयता अंकित करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराई गई कलम का ही प्रयोग होगा। मतदाता अपनी कलम मतदान कक्ष में इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। अंक के अलावा किसी अन्य चिह्न या तरीके से मतदान करने पर मतपत्र अवैध माना जा सकता है। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि मतदान और मतगणना एजेंट बनाने की सूचना निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रारूप पर देनी होगी। प्रचार के लिए इस्तेमाल होने वाले पंपलेट और पोस्टरों पर प्रिंटर का नाम, पता तथा छपाई की संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा। संबंधित प्रिंटर को सामग्री छापने के दस दिन के भीतर इसकी सूचना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर यानी जिलाधिकारी को देनी होगी। प्रचार की अनुमति 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दी जाएगी। प्रत्याशियों को मतदेय स्थलों, मतदाताओं, प्रेक्षक और आदर्श आचार संहिता से जुड़े नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई है। वैध प्रत्याशियों की सूची जारी होने के साथ ही अब चुनावी मुकाबला पूरी तरह खुल गया है और 23 अक्टूबर के मतदान को लेकर प्रत्याशियों ने प्रचार तेज कर दिया है।

सिलेंडर की खराबी ठीक करते समय लगी आग, चार झुलसे

राप्तीनगर फेज-वन के मकान में हादसा, बुजुर्ग दंपती समेत तीन बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती; गैस एजेंसी का हाकर भी घायल

जन माध्यम



गोरखपुर। राप्तीनगर फेज-वन में शनिवार सुबह घरेलू गैस सिलेंडर की खराबी ठीक करते समय हुई असावधानी से एक मकान में आग लग गई। अचानक भड़की आग की चपेट में आकर बुजुर्ग दंपती समेत चार लोग झुलस गए। घायलों में सिलेंडर की मरम्मत करने पहुंचा गैस एजेंसी का हाकर भी शामिल है। तीन घायलों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज के नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि हाकर का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घटना सुबह करीब 11 बजे मकान संख्या एलआईजी-156 में हुई। यहां रहने वाले 75 वर्षीय रंजन दास के घरेलू गैस सिलेंडर में समस्या आ रही थी। इसे ठीक कराने के लिए 40 वर्षीय हाकर इंद्रेश को बुलाया गया था। बताया गया कि इंद्रेश सिलेंडर की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान गैस रिसाव की जांच के लिए लाइटर जलाते ही अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में मौजूद लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे में रंजन दास, उनकी 70 वर्षीय पत्नी जया दास और हरसेवकपुर निवासी 65 वर्षीय दशावती देवी झुलस गईं। सिलेंडर ठीक कर रहे इंद्रेश के हाथ भी आग की चपेट में आ गए। परिजनों और आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पीआरवी के माध्यम से सूचना मिलने पर शाहपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हादसे के बाद आसपास के लोग भी एहतियातन घरों से बाहर निकल आए। सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

34 म्यूल खातों से 4.09 करोड़ का खेल, पांच साइबर जालसाज गिरफ्तार

20 फीसदी कमीशन पर खाते लेकर ठगी की रकम USDT में बदलते थे, 13.76 लाख नकद और 22 एटीएम कार्ड बरामद

गिरोह का स्थानीय सरगना समेत पांच गिरफ्तार, पांच और आरोपियों की तलाश

देश के कई राज्यों की साइबर शिकायतों से जुड़े मिले बैंक खाते



जन माध्यम

गोरखपुर। साइबर ठगी की रकम को म्यूल खातों के जरिए घुमाकर क्रिप्टोकरेंसी USDT में बदलने वाले गिरोह का गोरखपुर पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। साइबर सेल और चिलुआताल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि अब तक जांच में 34 म्यूल खातों के जरिए 4 करोड़ 9 लाख 11 हजार 738 रुपये के संदिग्ध लेनदेन का पता चला है।

एसपी क्राइम अयोध्या प्रसाद ने बताया कि गिरोह भोले-भाले लोगों को 20 फीसदी कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड और चेकबुक हासिल करता था। देशभर में साइबर और निवेश ठगी से आई रकम इन खातों में मंगाई जाती, फिर नकदी निकालकर विदेशी एजेंटों की मदद से USDT में बदलकर अलग-अलग क्रिप्टो वॉलेट में भेज दी जाती थी।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 लाख 76 हजार 700 रुपये नकद, कैश काउंटिंग मशीन, एक लग्जरी कार, 22 एटीएम कार्ड और बड़ी संख्या में चेकबुक व पासबुक बरामद की हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में नौतनवां निवासी नवनीत पांडेय उर्फ आदेश पांडेय को गिरोह का स्थानीय लीडर बताया गया है। पुलिस के अनुसार वह बैंक खातों की व्यवस्था से लेकर रकम निकलवाने और USDT में बदलवाने तक पूरा नेटवर्क संभालता था। रवि वर्मा म्यूल खाते उपलब्ध कराता था, जबकि आदर्श सिंह उर्फ थायनोस और प्रज्ञा रतन नकदी को USDT में बदलवाने का काम करते थे। मकसूद आलम खान विदेशी एजेंटों के संपर्क में रहकर रकम क्रिप्टो वॉलेट तक पहुंचाता था।

जांच में बिहार, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु समेत कई राज्यों की शिकायतों से इन खातों के लिंक मिलने की बात सामने आई है।

पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े पांच अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बैंक खाताधारकों और पर्दे के पीछे मौजूद मुख्य संचालकों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हाई-फाई जिंदगी और कम समय में ज्यादा पैसा कमाने की चाह में इस धंधे से जुड़े थे। हालांकि पुलिस की ओर से बताई गई कथित स्वीकारोक्तियों और आरोपों की अंतिम पुष्टि विवेचना व न्यायिक प्रक्रिया में ही होगी।

मेधावी छात्राओं के लिए सुनेहरा मौका

अरकाम अकादमी, लखनऊ

सस्ती कोचिंग और सुरक्षित हॉस्टल की सुविधा

अरकाम अकादमी लखनऊ में ओबीसी, अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के मेधावी छात्राओं के लिए NEET और JEE की तैयारी हेतु नई कोचिंग व्यवस्था शुरू की जा रही है। पात्रता 12वीं में न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करने वाले छात्र

सुविधाएं

- ऑनलाइन शिक्षा एवं स्मार्ट क्लासरूम
- अनुभवी शिक्षकों द्वारा डाउट क्लियरेंस
- स्वच्छ, हवादार और सुरक्षित हॉस्टल
- पौष्टिक भोजन, नाश्ता और शाम की चाय
- महिला निर्देशिका की देखरेख में हॉस्टल संचालन
- हॉस्टल परिसर में नर्सिंग होम की सुविधा
- बहुत कम शुल्क में सम्पूर्ण व्यवस्था
- अगले सत्र से पीसीएस और पीसीएस-जे की तैयारी भी शुरू होगी।

पता: शेरवानी नगर थाना मड़ियांव सीतापुर रोड, लखनऊ - 226021

संपर्क करें

मोबाइल नंबर - 9634498608, 6388024110

उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम

शाहदाना हॉस्पिटल

फ्लाई ओवर के पास, ईंट पज चौराहा, बरेली

जिला पंचायत सदस्य पद हेतु वार्ड नं. 07 से प्रत्याशी



डॉ. हसरत अली

वरिष्ठ समाज सेवी, (डायरेक्टर)

Mob. 9837454231

दहेज में पांच लाख और कार की मांग, विवाहिता को घर से निकाला

चार ससुरालियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

जन माध्यम

पीलीभीत। दहेज उत्पीड़न के मामले में देवरनिया कलां थाना क्षेत्र की विवाहिता अर्चना देवी की शिकायत पर पुलिस ने चार ससुरालियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया गया और मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।प्राथमिकी के अनुसार, विवाहिता की शादी 23 जून 2018 को हुई थी। आरोप है कि शादी में मायके पक्ष ने नकदी और चांदी के आभूषण समेत करीब पांच लाख रुपये का सामान दिया था। इसके बावजूद ससुराली जन अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये नकद और कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे ताने देकर प्रताड़ित किया जाता रहा।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 30 अगस्त 2026 को विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे बच्चों समेत घर से निकाल दिया गया। इसके बाद 10 सितंबर को ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके पहुंचे और कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।विवाहिता की शिकायत पर देवरनिया कलां पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह को सौंपी गई है। आरोपों की जांच जारी है।

बाघों के जंगल में छिपा अनोखा पतंगा, रंग-रूप ने खींचा ध्यान

क्लिकिंग फॉरेस्टर मॉथ तराई की सूक्ष्म जैवविविधता का अहम हिस्सा

जन माध्यम



पीलीभीत। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की पहचान केवल बाघों और तेंदुओं तक सीमित नहीं है। जंगल की पत्तियों और झाड़ियों के बीच छिपे छोटे जीव भी यहां की समृद्ध जैवविविधता की कहानी बयां करते हैं। इन्हीं में क्लिकिंग फॉरेस्टर मॉथ (Aegocera bimacula) भी शामिल है, जो अपने गहरे लाल-भूरे पंखों और पीली-सफेद धारियों के कारण अलग पहचान रखता है।टरक्वाइज वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के अख्तर मियां खान के अनुसार, यह पतंगा नॉक्टुइडी परिवार के एगरिस्टिनी उपपरिवार से संबंधित है। इसका वैज्ञानिक विवरण वर्ष 1854 में फ्रांसिस वॉकर ने प्रकाशित किया था। इसके पंखों का फैलाव लगभग 44 से 46 मिलीमीटर तक बताया गया है। पंखों पर बनी विशिष्ट धारियां इसकी पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। छोटे जीवों में छिपी जंगल की बड़ी कहानी तराई क्षेत्र में साल के जंगल, घासभूमि, नदी-नाले और झाड़ियां विभिन्न कीट प्रजातियों को अनुकूल आवास उपलब्ध कराते हैं। ऐसे में किसी पतंगा प्रजाति का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड भी जैवविविधता के दस्तावेजीकरण की महत्वपूर्ण कड़ी बन सकता है। बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व और उत्तराखंड के मॉथ सर्वेक्षणों में भी इस प्रजाति के दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, पीलीभीत में इसकी मौजूदगी की पुष्टि के लिए स्थानीय रिकॉर्ड का वैज्ञानिक सत्यापन जरूरी है।पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तितलियों, पतंगों, भृंगों और दूसरे छोटे जीवों का अध्ययन जंगल के पारिस्थितिक तंत्र को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है। ये अनदेखे जीव बताते हैं कि वन संरक्षण का दायरा बड़े वन्यजीवों से आगे बढ़कर पूरे प्राकृतिक संसार तक फैला हुआ है।

आंधी में गिरे पेड़ों की लकड़ी ठिकाने लगाने का आरोप

आवागमन के नाम पर कटान-उठान, शिकायत के बाद रोक

जन माध्यम



पूरनपुर, पीलीभीत। आंधी-बारिश में गिरे सैकड़ों पेड़ों की लकड़ी के निस्तारण को लेकर पूरनपुर सामाजिक वानिकी रेंज सवालों के घेरे में है। आरोप है कि आवागमन सुचारू करने की आड़ में बड़ी मात्रा में लकड़ी काटकर ठिकाने लगा दी गई। शिकायत के डर से कुछ लकड़ी रेंज कार्यालय में एकत्र करने की भी चर्चा है। मामला मुख्य वन संरक्षक तक पहुंचने के बाद कटान और उठान पर रोक लगा दी गई।

बिना अनुमति कटान पर सवाल

आरोप है कि सड़क से बाधा हटाने के नाम पर गिरे पेड़ों की लकड़ी काटकर मौके से हटाई गई। अब सवाल है कि कितनी लकड़ी हटाई गई और उसका नियमानुसार हिसाब रखा गया या नहीं। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

जांच के निर्देश

सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाकर आवागमन सुचारू किया जा सकता है, लेकिन यातायात बाधित करने वाले पेड़ों के अलावा किसी अन्य पेड़ को बिना अनुमति नहीं काटा जा सकता। बिना अनुमति कटान और उठान की जांच कराई जाएगी। फिलहाल दोनों पर रोक लगा दी गई है।

पी,पी सिंह, मुख्य वन संरक्षक बरेली

सीएमओ का आदेश ठेंगे पर, मलाईदार कुर्सी से मोह नहीं छोड़ रहे अधीक्षक!

नए अधीक्षक को चार्ज न मिलने पर संरक्षण को लेकर उठे सवाल

जन माध्यम



पूरनपुर, पीलीभीत। सीएचसी पूरनपुर में अधीक्षक पद के हस्तांतरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों में है। गन्ना सहकारी समिति अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित एडवोकेट ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पूछा है कि आठ सितंबर को सीएमओ का आदेश जारी होने के बावजूद उसका पालन क्यों नहीं हुआ। शिकायत के अनुसार, डॉ. मनीष राज को प्रोन्नत कर सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया था और उनके स्थान पर डॉ. अजय कुमार गुप्ता को सीएचसी अधीक्षक नियुक्त किया गया, लेकिन नए अधीक्षक को अब तक चार्ज नहीं सौंपा गया है।नितिन दीक्षित ने आरोप लगाया कि आदेश का अनुपालन कराने में जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसके संरक्षण में आदेश की अनदेखी हो रही है और अधीक्षक की कुर्सी का हस्तांतरण क्यों अटका है। शिकायतकर्ता ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से जांच कराकर जिम्मेदारी तय करने और आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

नहरोसा पर कटान का खतरा, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, बोले,अब कौन सुनेगा फरियाद

जन माध्यम

पूरनपुर, पीलीभीत। ट्रांस शारदा क्षेत्र के नहरोसा गांव में शारदा नदी का कटान तेजी से बढ़ रहा है। नदी आबादी की ओर बढ़ रही है, जिससे ग्रामीणों को घर और खेती की जमीन खोने का डर सताने लगा है।ग्रामीणों के मुताबिक, नदी और गांव के बीच अब महज 150 से 200 मीटर का फासला बचा है। कटान रोकने के लिए लोगों ने झाड़ियां डालकर खुद प्रयास किए, लेकिन स्थायी बचाव नहीं हो सका।शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों ने नदी किनारे प्रदर्शन कर तत्काल बचाव कार्य शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो खेती के साथ आबादी पर भी संकट गहरा सकता है।

मांगों पर नहीं हुआ फैसला, काली पट्टी बांधकर गरजे लेखपाल

17 अक्टूबर को कार्य बहिष्कार की चेतावनी

जन माध्यम



पूरनपुर, पीलीभीत। थाना संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शनिवार को लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर लंबित मांगों को लेकर विरोध जताया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील उपशाखा पूरनपुर के पदाधिकारियों ने मांगों का शीघ्र निस्तारण न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।लेखपालों ने प्रारंभिक वेतनमान में 2800 ग्रेड पे लागू करने, आठ साल से लंबित स्टेशनरी, मोटरसाइकिल और विशेष भत्ते में वृद्धि की भी मांग की।संघ पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्व अभिलेखों के रखरखाव, वरासत, नामांतरण, पैमाइश, आपदा प्रबंधन और सरकारी योजनाओं के अंतर्मंडलीय स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू कराने और चयन वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची जारी करने की मांग उठाई। नवनियुक्त लेखपालों की विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित करने के साथ क्रियान्वयन में लेखपालों की अहम भूमिका है। इसके बावजूद उनकी कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। ज्ञापन के माध्यम से 17 अक्टूबर को कार्य बहिष्कार की चेतावनी भी दी जा चुकी है।

पांच माह से अधूरी पुलिया, आवागमन ठप

बारिश में धंसा वैकल्पिक रास्ता, ग्रामीणों और छात्रों की बढ़ी मुसीबत

जन माध्यम



पूरनपुर, पीलीभीत। पूरनपुर-माधोटांडा मार्ग पर लोधीपुर चौराहे के पास पांच माह से अधूरी पड़ी पुलिया लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। बारिश से अस्थायी रास्ता धंसने के कारण आवागमन ठप है। ग्रामीणों, छात्रों और वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। निर्माण स्थल पर सुरक्षा इंतजाम न होने से हादसे का खतरा भी बना हुआ है।पुलिया निर्माण के चलते मिट्टी डालकर वैकल्पिक रास्ता बनाया गया था, लेकिन बारिश से इसमें जगह-जगह कटाव, जलभराव और कीचड़ हो गया। इससे दोपहिया, चारपहिया, ट्रैक्टर-ट्राली और स्कूल वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। रास्ता बंद होने से लोगों को माधोटांडा रोड से लोधीपुर चौराहा, गौटिया (तकिया दीनारपुर) होते हुए पूरनपुर-कलीनगर मार्ग पर पहुंचना पड़ रहा है। इससे समय और ईंधन की बर्बादी हो रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य की धीमी गति से परेशानी बढ़ी है। मौके पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक और रिफ्लेक्टर तक नहीं हैं। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी और लोक निर्माण विभाग से पुलिया निर्माण जल्द पूरा कराने तथा तब तक सुरक्षित डायवर्जन की व्यवस्था करने की मांग की है।

मानसिक परेशानी छिपाएं नहीं, अपनों का बनें सहारा

मेडिकल कॉलेज में नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

जन माध्यम



पीलीभीत। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के 200 बेड अस्पताल में मानसिक रोग विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मरीजों और तीमारदारों को तनाव, अवसाद और आत्महत्या के विचारों को गंभीरता से लेने का संदेश दिया गया।

प्राचार्य डॉ. अमित कुमार ने कहा कि मानसिक परेशानी कमजोरी नहीं है। इसे छिपाने के बजाय समय पर उपचार कराना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका भटनागर ने परेशान व्यक्ति की बात धैर्य से सुनने और उसे भावनात्मक सहयोग देने पर जोर दिया। उपप्राचार्य डॉ. अरुण सिंह ने मानसिक बीमारियों से जुड़ी भ्रांतियां दूर करने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि मानसिक परेशानी होने पर विशेषज्ञ की मदद लेने में संकोच न करें। कार्यक्रम में डॉ. साहिल, डॉ. तमन्ना, डॉ. तहसीन, डॉ. शहेरोज, डॉ. इब्राहिम, डॉ. जुबेर, डॉ. आरुष, डॉ. शाहबाज, डॉ. मोहित और डॉ. तारिशा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

क्रॉप कटिंग से परखी धान की उपज, चार खेतों में हुआ प्रयोग

एसडीएम ने लिया जायजा, किसानों को योजनाओं का लाभ लेने की दी सलाह

जन माध्यम

पीलीभीत। सदर उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह ने मरौरी विकासखंड के दियूरी गांव में धान की क्रॉप कटिंग कराकर फसल की उत्पादकता का जायजा लिया। चार किसानों के खेतों में फसल कटाई के प्रयोग कराकर उपज का वजन कराया गया।क्षेत्रीय लेखपाल ज्योति सिंह और कानूनगो मो. असलम खान की मौजूदगी में तेजराम, गोदपाल, ताराचंद और प्रेमवती के खेतों में क्रॉप कटिंग कराई गई। सीसीई एग्री एप के माध्यम से दर्ज आंकड़ों के अनुसार चारों खेतों से क्रमशः 22.530, 24.210, 21.580 और 20.710 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ।एसडीएम ने फसल की नपाई, कटाई, तौल और ऑनलाइन आंकड़े दर्ज करने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने, फसल का बीमा कराने और किसान पंजीकरण पूरा करने की अपील की, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत इफको टोकियो कंपनी के जिला प्रतिनिधि महेंद्र भारती, तहसील समन्वयक महेंद्र वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, ब्रेजा कार जब्त

7900 रुपये नकद व दो मोबाइल भी बरामद

जन माध्यम

पूरनपुर, पीलीभीत। हजारा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 61 ग्राम स्मैक, 7900 रुपये नकद, दो स्मार्टफोन और तस्करी में इस्तेमाल ब्रेजा कार बरामद हुई है।पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर नौ अक्टूबर की रात भुरजुनिया तिराहे के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सिद्धनगर की ओर से आ रही ब्रेजा कार यूपी 26 बीए 8094को रोककर तलाशी ली गई। कार सवार हजारा थाना क्षेत्र के वमनपुरी भगीरथ निवासी गुरुदेव सिंह उर्फ लब्बू 19 और कम्भोजनगर निवासी सतनाम सिंह 30 के कब्जे से स्मैक समेत अन्य सामान बरामद हुआ।पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

महिला समेत बेटे को पीटा, तीन आरोपितों पर रिपोर्ट

जन माध्यम

पूरनपुर, पीलीभीत। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता डाली की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।तहरीर के मुताबिक, आठ अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे महिला अपने घर में खाना बना रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का एक युवक उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपित के परिजन भी लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और महिला की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने आए महिला के करीब 12 वर्षीय बेटे को भी पीटकर घायल करने का आरोप है। आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़िता की शिकायत पर घुंघचिहाई पुलिस ने लेपाल, रजनी और धर्मपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला, दो पर मुकदमा

जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप

जन माध्यम

पीलीभीत। अमरिया थाना क्षेत्र के कैचुटांडा गांव में गाली-गलौज के विरोध पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शरीफ अहमद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के जुनैद और नईम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायत के मुताबिक, आठ अक्टूबर की शाम करीब साढ़े तीन बजे जुनैद ने शरीफ अहमद के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित मारपीट करने लगा। इसके बाद नईम भी मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर शरीफ को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर भीड़ जुट गई। पीड़ित ने अगले दिन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश कुमार को सौंपी है।

प्रधानमंत्री रविवार को चेन्नई में 13 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई का दौरा करेंगे और इस दौरान 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में मेट्रो रेल, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, बंदरगाह, पेट्रोलियम और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी इस दौरान चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के पूनमल्ली-वडापलानी खंड का उद्घाटन करेंगे। करीब 4,900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस खंड में 3.7 किलोमीटर लंबा डबल डेकर ढांचा भी शामिल है। इसमें चालक रहित परिचालन के अनुकूल आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली लगाई गई है। इस खंड के शुरू होने से चेन्नई के पश्चिमी उपनगरों और शहर के मध्य हिस्से के बीच संपर्क बेहतर होगा तथा यात्रियों के यात्रा समय में कमी आने की उम्मीद है। मोदी तमिलनाडु में करीब 3,700 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-744 के वड़ुगापट्टी-थेरकुवेंगनल्लूर खंड का 36 किलोमीटर लंबा चार लेन वाला हिस्सा और मदुरै रिंग रोड का 30 किलोमीटर लंबा चार लेन वाला हिस्सा शामिल है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-83 के नागपट्टिनम-तंजावुर खंड पर तिरुवरूर बाईपास की आधारशिला भी रखेंगे। इन परियोजनाओं से यातायात सुगम होने, भीड़भाड़ कम करने और क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री 750 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे अवसंरचना परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें कराईकल-पेरलम रेल लाइन और कोयंबटूर तथा आसपास के क्षेत्रों में तीन रेल फ्लाईओवर शामिल हैं। इसके अलावा पलानी, वेल्लोर कैंटोनमेंट, अंबासमुद्रम, परमकुडी और नमक्कल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित पांच रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं से रेल संपर्क मजबूत होने और रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम तथा प्रतीक्षा समय में कमी आने की उम्मीद है। बंदरगाह क्षेत्र में प्रधानमंत्री चेन्नई बंदरगाह, कामराजर बंदरगाह और वीओ चिदंबरनार बंदरगाह से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और कुछ की आधारशिला रखेंगे। चेन्नई बंदरगाह पर पक्का भंडारण क्षेत्र, चार आयात-निर्यात गोदाम, उन्नत क्रूज टर्मिनल और नाविक क्लब का उद्घाटन किया जाएगा। वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आठ प्रमुख विकास परियोजनाओं से माल और कंटेनर प्रबंधन क्षमता बढ़ाने तथा रसद व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कामराजर बंदरगाह पर कोल बर्थ-3 परियोजना का उद्घाटन और कंटेनर टर्मिनल के पहले चरण के दूसरे हिस्से के लिए पूंजीगत ड्रेजिंग कार्य की आधारशिला रखी जाएगी। मोदी चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की मौजूदा मनाली रिफाइनरी में लुब्रिकेंट बेस ऑयल उत्पादन परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। करीब 1,620 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना की उत्पादन क्षमता 2.70 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष होगी। इसके तहत भारत में उच्च गुणवत्ता वाले स्नेहक बनाने के लिए ग्रुप-2 और ग्रुप-3 श्रेणी के लुब्रिकेंट बेस ऑयल का उत्पादन किया जाएगा। प्रधानमंत्री भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह इस केंद्र के वैश्विक वैज्ञानिक अभियान की भी शुरुआत करेंगे, जिसके तहत भ्रूण अवस्था से वृद्धावस्था तक मानव जीवन के विभिन्न चरणों में 100 से अधिक मानव मस्तिष्कों के कोशिका-स्तरीय त्रि-आयामी एटलस तैयार किए जाएंगे। इस अवसर पर 'सी-स्ट्रोक' नामक मानव मस्तिष्क के इस्केमिक स्ट्रोक का एटलस भी जारी किया जाएगा। इसमें स्ट्रोक से प्रभावित मस्तिष्क के एक हजार से अधिक चिह्नित सूक्ष्म खंड शामिल हैं, जिनसे शोधकर्ताओं को उपचार के नए लक्ष्य तलाशने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री चेन्नई में जयगोपाल गरोड़िया हिंदू विद्यालय मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में भी शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

उज्जैन में नाजिया खान ने किया पितरों का तर्पण, बोलीं- पाकिस्तान से धमकी मिली



एजेंसी

उज्जैन। उच्चतम न्यायालय की वकील और भाजपा नेता नाजिया खान ने शनिवार को सर्वपितृ अमावस्या पर मध्य प्रदेश के उज्जैन के रामघाट पर अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया। शिप्रा नदी के किनारे करीब एक घंटे तक पूजन-अर्चन करने के बाद उन्होंने कहा कि तर्पण की जानकारी सामने आने के बाद उन्हें धमकी भरे कॉल आए। नाजिया ने कहा कि इन धमकियों से वह डरने वाली नहीं हैं। नाजिया खान शनिवार सुबह करीब 11 बजे उज्जैन पहुंचीं और रामघाट पर विधि-विधान से तर्पण किया। उन्होंने कहा कि वह अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करना चाहती थीं। नाजिया ने पंडित से अपने खानदान में बकरीद यानी ईद-उल-अजहा के दौरान दी गई पशुओं की कुर्बानी का जिक्र किया था। उन्होंने उन जानवरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए भी पूजा कराने की इच्छा जताई। उन्होंने पंडित ने इसके लिए अलग से पूजा कराई। नाजिया खान ने कहा कि तर्पण करने की बात सामने आने के बाद उन्हें पाकिस्तान के शहजाद भट्टी के टेररिस्ट नेटवर्क से धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और जम्मू-कश्मीर से भी धमकी भरे कॉल आने की बात कही। उन्होंने बताया कि उन्हें करीब सात से आठ बार फोन आए। कॉल करने वालों ने उन्हें तर्पण नहीं करने को कहा और आने-जाने के दौरान सतर्क रहने की चेतावनी दी। नाजिया ने कहा, ₹मुझे कहा गया है कि संभलकर आना और संभलकर जाना, कहीं भी कुछ भी हो सकता है। लेकिन मैं डरने वाली नहीं हूं। हालांकि धमकी मिलने के उनके दावों की पुष्टि की जानकारी उपलब्ध नहीं है। उज्जैन में शाही मस्जिद के हिस्से को हटाने के दौरान हुई पत्थरबाजी और पुलिस कार्रवाई को लेकर उठ रहे सवालों पर भी नाजिया खान ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि संबंधित लोगों को पुलिस पर टिप्पणी करने से पहले अपने दस्तावेज देखने चाहिए। उन्होंने कहा, पत्थरबाजी क्या लॉ एंड ऑर्डर के अंदर आता है? गाली-गलौज क्या लॉ एंड ऑर्डर के अंदर आता है? नाजिया ने सोशल मीडिया और यूट्यूब के जरिए पुलिस के खिलाफ अफवाहें फैलाए जाने का आरोप भी लगाया। गरबा और डांडिया आयोजनों में मुस्लिम युवकों के शामिल होने से जुड़े सवाल पर नाजिया खान ने कहा कि मुस्लिम समाज को ऐसे आयोजनों में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने धार्मिक मान्यताओं का हवाला देते हुए कहा कि जो लोग अल्लाह और पैगंबर मोहम्मद की सुन्नत पर चलते हैं, उनके लिए गरबा और डांडिया में शामिल होना हराम है।

राहुल गांधी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय से की मुलाकात



एजेंसी

चेन्नई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के अध्यक्ष जोसेफ विजय से चेन्नई के पास पनैयूर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री विजय ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान राहुल गांधी ने मदुरांतकम और धारापुरम विधानसभा क्षेत्रों में टीवीके की जीत पर विजय को बधाई दी। इसके बाद दोनों नेताओं ने दोपहर के भोजन के दौरान बातचीत की। राहुल गांधी और मुख्यमंत्री विजय के बीच हुई इस बैठक में टीवीके, कांग्रेस या गठबंधन में शामिल किसी अन्य दल का कोई नेता मौजूद नहीं था। बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, तमिलगा वेत्री कझगम के नेतृत्व में धर्मनिरपेक्ष सामाजिक न्याय विजय गठबंधन के गठन के बाद दोनों नेताओं की इस मुलाकात को गठबंधन की स्थिति से जोड़कर देखा जा रहा है।

युवा संगम के सातवें चरण के तहत असम की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुआ तेलंगाना का प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी



नई दिल्ली। देश के युवाओं के बीच सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तेलंगाना से आए युवा प्रतिनिधिमंडल ने असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और सामाजिक जीवन को करीब से जाना। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। तेलंगाना के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कर्नाटक कर रहा है। 4 अक्टूबर 2026 को गुवाहाटी पहुंचने पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान का उद्देश्य युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों की परंपराओं, शैक्षणिक वातावरण और विकास से जुड़े अनुभवों से परिचित कराना है। असम में प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रमों की शुरुआत 5 अक्टूबर को योग सत्र के साथ हुई। इस सत्र के माध्यम से युवाओं को योग, मानसिक एकाग्रता, स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व को समझने का अवसर मिला। साथ ही, उन्होंने भारतीय पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत के एक महत्वपूर्ण पहलू का अनुभव किया। योग सत्र ने युवाओं को भारत की प्राचीन परंपराओं से जुड़ने और दैनिक जीवन में स्वास्थ्य एवं संतुलन के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया। तेलंगाना के युवा प्रतिनिधिमंडल ने 5 अक्टूबर को असम के राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की। इस संवाद के दौरान युवाओं को असम की समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं और देश के सांस्कृतिक परिदृश्य में राज्य के महत्व को समझने का अवसर मिला। राज्यपाल के साथ हुई बातचीत ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विशेषताओं को जानने और देश की विविधता के बीच एकता के महत्व को समझने का अवसर दिया। इस तरह का संवाद युवाओं को अपने राज्य की सीमाओं से बाहर निकलकर दूसरे क्षेत्रों के समाज, संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। युवा संगम कार्यक्रम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं के बीच आपसी समझ, सांस्कृतिक जुड़ाव और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के तहत देशभर में 20 जोड़ी राज्यों और उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति और जीवनशैली को समझने का अवसर दिया जा रहा है।

भारतवंशी नावी पिल्लई को शांति का नोबेल मिलते ही भड़के ट्रंप



- उनसे जुड़े कोर्ट पर ही लगा दिए प्रतिबंध

नॉर्वे पर भी भड़के डोनाल्ड ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को नोबेल समितिके फैसले को शर्मनाक बताया और कहा कि यह बेहद अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने नॉर्वे की छवि पर दाग लगा दिया है जो कि जल्दी नहीं मिटेगा। उन्होंने कहा कि वह नॉर्वे के इस फैसले को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे शख्स को शांति का नोबेल दे दिया गया है जिसका नाम उन्होंने कभी सुना ही नहीं। उनको कोई जानका नहीं है। ट्रंप ने कहा कि शांति के लिए उनके काम को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध रुकवाने के लिए उन्हें 8 नोबेल मिलने चाहिए थे।

एजेंसी

वाशिंगटन। शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए आठ युद्ध रुकवाने का दावा करने वाले डोनाल्ड ट्रंप को इस बार भी नोबेल समिति ने झटका दे दिया। अब डोनाल्ड ट्रंप नॉर्वे पर बुरी तरह भड़के हुए हैं। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (ICC) की पूर्व जज भारतवंशी नवनेथम या नावी पिल्लई को शांति का नोबेल पुरस्कार दिया जा रहा है। इस फैसले के कुछ देर बाद ही डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने इंटरनेशन क्रिमिनल कोर्ट पर ही प्रतिबंध लगा दिए। नरसंहार और युद्ध अपराध जैसे मामलों पर सुनवाई करने वाले आईसीसी की निंदा करते हुए ट्रंप प्रशासन ने कहा, यह कानून का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि यह कोर्ट स्वतंत्र नहीं है बल्कि जिन देशों ने मिलकर इसे बनाया है उनका हित भी इसमें छिपा हुआ है। अमेरिका ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कोर्ट हदें पार करेगा तो उसे बुरे परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान को यूरोप को तबाह करने से रोक दियया है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करवाने का दावा 11 से ज्यादा बार किया है। डोनाल्ड ट्रंप खुलकर नोबेल प्राइज के लिए दावेदारी पेश करते रहे हैं। इस बार नोबेल का शांति पुरस्कार मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दक्षिण अफ्रीका में जन्मीं भारतवंशी नवनेथनम नवी पिल्लै को दिया गया है। वह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त भी रह चुकी हैं। पिल्लै का जन्म 1941 में हुआ था। वह शुरू में वकालत करती थीं। उन्होंने नेल्सन मंडेला समेत कई राजनीतिक बंदियों की रिहाई की भी लड़ाई लड़ी थी। उनके पूर्वज भारत में तमिलनाडु के रहने वाले थे और वे दक्षिण अफ्रीका गए थे। नावी पिल्लै महात्मा गांधी के विचारों से काफी प्रभावित हैं।

सिंधु जल विवाद: कंगाली के बीच हेग कोर्ट में PAK ने लुटाए 60 लाख डॉलर

एजेंसी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक तंगी और कड़े ऑस्टेरिटी ड्राइव से जूझ रहा है। एक तरफ जहां अपने नागरिकों को बुनियादी सहूलियतें देने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ नीदरलैंड्स के द हेग स्थित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन में भारत के खिलाफ कानूनी लड़ाई पर पानी की तरह पैसा बहा रहा है। पाकिस्तान के वर्ष 2026-27 के आधिकारिक बजट दस्तावेजों से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस्लामाबाद ने सिंधु जल विवाद, भारत की रतले और किशनगंगा जलविद्युत परियोजनाओं पर अपनी आपत्तियों को लेकर अब तक इस अंतरराष्ट्रीय अदालत में करीब 6 मिलियन डॉलर खर्च कर दिए हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इस भारी-भरकम रकम में वह हिस्सा भी शामिल है, जो मध्यस्थता अदालत द्वारा भारत की तरफ से मांगा गया था लेकिन पाकिस्तान ने उसे भी अपनी जेब से चुकाया।

इसके अलावा, पाकिस्तान ने विश्व बैंक द्वारा नियुक्त न्यूट्रल एक्सपर्ट की कार्यवाही के लिए भी लगभग 1.94 मिलियन डॉलर का भुगतान किया है। साल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जब भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया और न्यूट्रल एक्सपर्ट की बैठकों से दूरी बना ली, उसके बावजूद पाकिस्तान लगातार भारत के हिस्से का वित्तीय योगदान जमा कराता रहा है। इसके विपरीत, देश के भीतर बाढ़ प्रबंधन और जल संरक्षण की देखरेख करने वाले केंद्रीय बाढ़ आयोग के कार्यालय को महज 1.2 मिलियन डॉलर दिए गए हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि पाकिस्तान ने अपने देशवासियों को बाढ़ से सुरक्षा देने और जल बुनियादी ढांचे को सुधारने की तुलना में अंतरराष्ट्रीय मुकदमेबाजी पर छह गुना से भी ज्यादा रकम खर्च करने का फैसला किया है। इसके साथ ही, गैर-कर्मचारी खर्चों में 5% की कटौती की गई है और प्रांतीय व संघीय स्तर की कई विकास परियोजनाओं के बजट को रोक दिया गया है। इन कड़े बचत नियमों के बावजूद, द हेग में पाकिस्तान का खर्चीला अभियान बिना किसी बाधा के चल रहा है। करीब 7.2 मिलियन डॉलर की राशि को बजट में सामान्य परिचालन खर्च के तहत दिखाया गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं होता कि इसमें से कितना पैसा अंतरराष्ट्रीय मुकदमेबाजी में इस्तेमाल होगा।

भारत के हिस्से का पैसा भी खुद भरा

भारत का हिस्सा भी खुद भर रहा है पाकिस्तान

भारत इस पूरी कानूनी प्रक्रिया से शुरू से ही दूर रहा है। भारत सरकार का स्पष्ट रुख रहा है कि वह द हेग स्थित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन को मान्यता नहीं देता है। भारत ने न तो इस मुकदमे में भाग लिया है और न ही अदालत द्वारा मांगी गई फीस जमा की है। इसके बावजूद पाकिस्तान ने इस कार्यवाही को जारी रखने के लिए भारत के हिस्से का बकाया पैसा भी खुद अपनी जेब से चुकाया है।

घरेलू बाढ़ राहत से छह गुना अधिक बजट केस पर खर्च

पाकिस्तान के बजट आंकड़ों से देश की जल प्राथमिकताओं का विरोधाभास साफ नजर आता है। वित्त वर्ष 2026-27 में जल संसाधन विभाग के कुल 15.3 मिलियन डॉलर के बजट में से आधे से भी ज्यादा यानी लगभग 7.9 मिलियन डॉलर, पाकिस्तान मिशन फॉर इंडस वाटर्स को आवंटित किए गए हैं। यह वही संस्था है जो भारत के खिलाफ केस की पैरवी कर रही है।

जनता पर पाबंदियां लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानूनी जंग जारी

यह भारी-भरकम खर्च ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान सरकार ने 17 सितंबर को कड़े बचत अभियान की घोषणा की है। इस अभियान के तहत सरकारी वाहनों के ईंधन आवंटन में आधी कटौती कर दी गई है, नई गाड़ियां खरीदने पर रोक लगा दी गई है, और विदेशी दौरों व सरकारी दावतों पर पाबंदी लगा दी गई है।

ट्रंप ने केटी जकारिया को चुना व्हाइट हाउस का अगला प्रेस सचिव

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी मीडिया कंपनी की संचार सलाहकार केटी जकारिया व्हाइट हाउस की अगली प्रेस सचिव होंगी। वह कैरोलिन लेविट की जगह लेंगी।

ट्रंप ने जकारिया को क्यों चुना?

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर जकारिया के नाम का ऐलान किया। वह अक्सर इस मंच पर राजनीतिक और आधिकारिक घोषणाएं करते हैं। जकारिया, ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के लिए रूढ़िवादी विचारों वाली टिप्पणीकार हैं। यही कंपनी सोशल मीडिया साइट का संचालन करती है। जकारिया को इस पद के लिए चुनते हुए ट्रंप ने उन्हें 'शुरुआत से ही एक वफादार और प्रतिभाशाली समर्थक' बताया।

जकारिया का अनुभव क्या रहा है?

जकारिया ने इस साल की शुरुआत में कुछ समय के लिए गृह सुरक्षा विभाग की प्रवक्ता के रूप में काम किया था। वह फॉक्स न्यूज और न्यूजमैक्स के लिए भी टिप्पणीकार रही हैं।

ट्रंप ने कहा कि जकारिया उनके राष्ट्रपति चुनाव अभियानों से जुड़ी रही हैं। खास तौर पर उन राज्यों में, जहां चुनावी मुकाबला कड़ा था।

जकारिया से इस बारे में प्रतिक्रिया मांगी गई थी, लेकिन तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। लिंक्डइन पर मौजूद उनकी प्रोफाइल के अनुसार, उन्होंने पेपरडाइन यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री हासिल की है।

कैरोलिन लेविट ने कब छोड़ा पद?

कैरोलिन लेविट ने 12 अगस्त को पद छोड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने 27 अगस्त को यह पद छोड़ दिया। फॉक्स न्यूज नेटवर्क ने सोमवार को बताया कि लेविट 1 नवंबर से फॉक्स न्यूज चैनल पर कार्यक्रमों में योगदान देने वाली विशेषज्ञ के रूप में काम करेंगी।

लेविट ने पद छोड़ने की क्या वजह बताई?

लेविट जनवरी 2025 में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव बनी थीं। उन्होंने बताया था कि वह अपने छोटे बच्चों के साथ अधिक समय बिताने के लिए यह पद छोड़ रही हैं। व्हाइट हाउस में काम करने से पहले लेविट, 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में ट्रंप की राष्ट्रीय प्रेस सचिव थीं।

नासा कम ऊंचाई वाली पृथ्वी की कक्षा में मौजूदगी बनाए रखेगा, निजी कंपनियों के सेंटर का लेगा सहारा

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) ने अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव करते हुए कम ऊंचाई वाली पृथ्वी की कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट / एलईओ) में अपनी मौजूदगी बनाए रखने का फैसला किया है। इसके लिए वह ऐसे भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है जहां कम ऊंचाई वाली पृथ्वी की कक्षा में वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन अर्थात निजी अंतरिक्ष स्टेशन (कमर्शियल स्पेस स्टेशन) मुख्य भूमिका निभाएंगे। नासा ने शुक्रवार को अपनी अगली पीढ़ी के कमर्शियल स्पेस स्टेशन के लिए निजी अंतरिक्ष कंपनियों से प्रस्ताव मांगे हैं। नासा की विज्ञप्ति में अमेरिका के राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रशासन के प्रशासक जेरेड इसाकमैन ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ₹राष्ट्रपति की राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति के अनुसार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को वर्ष 2030 के आसपास सेवामुक्त कर दिया जाएगा। इसके बाद नासा खुद का कोई नया स्टेशन बनाने के बजाय निजी कंपनियों के कमर्शियल स्पेस स्टेशनों पर एक ग्राहक के रूप में अपनी उपस्थिति बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के बंद होने के बाद नासा को शोध करने, तकनीक विकसित करने, सदस्यों को प्रशिक्षण देने के साथ चंद्रमा और मंगल ग्रह के मिशन की तैयारी करने के लिए स्टेशन की जरूरत बनी रहेगी। कमर्शियल स्पेस स्टेशन यह क्षमता प्रदान कर सकते हैं। साथ ही यह स्टेशन अमेरिकी इंडस्ट्री के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक मंजूर अहमद एवं प्रधान सम्पादक इमरान खान द्वारा जन माध्यम, सरस्वती प्रिंटर्स, वाटर वर्क्स रोड, ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित, 125 शेरवानी नगर सीतापुर रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
कार्यकारी संपादक: मसूद उर रहमान// मोबाइल नम्बर: 9412226686 // email-id: janmadhyamhindi@gmail.com // RNI No. UPHIN/2011/38340 (इस समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।)